कार्तिक शुक्ल पक्ष दशमी 06:46 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 81, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ट्रंप ने सभी सात प्रमुख राज्यों में हैरिस को हराया 16

रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को दिया खास तोहफा 15


## किश्तवाड़ में एक जेसीओ शहीद, तीन जवान घायल

- तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़
- सेना ने की घेराबंदी, तीन-चार आतंकी होने की आशंका

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को हुई मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गए और तीन अन्य घायल हो गए। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर कहा कि नायब सूबेदार राकेश कुमार ने सर्वोच्च बलिदान दिया है।

वे भारत रिज किश्तवाड़ के सामान्य क्षेत्र में शुरू किए गए संयुक्त ऑपरेशन का हिस्सा थे। इससे पहले सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार सैन्यकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि किश्तवाड़ के केशवान इलाके में शुरू किए गए घेराबंदी एवं तलाशी अभियान के दौरान सर्च पार्टी पर गोलीबारी की गई। जवाबी कार्रवाई पर मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने तीन से चार आतंकवादियों को घेर रखा है। पुलिस के मुताबिक यह आतंकियों का वही समूह है जिसने दो निर्दोष ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) को मार डाला था।

## जहां पलते दुर्दांत व दुष्कर्मी, उसके सीईओ अखिलेश और ट्रेनर शिवपाल

### मुख्यमंत्री ने कटेहरी, मझवा और फूलपुर की सभाओं में किए तीखे हमले, कहा-सपा का पीडीए मतलब प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी

- बोले-सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज थे अतीक अहमद मुख्तार व खान मुबारक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव प्रचार की रैलियों में रविवार को सपा नेतृत्व व नेताओं पर खूब तीखे हमले किए। कहा कि इनके पीडीए का मतलब प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी है।

हर दुर्दांत अपराधी माफिया, दुष्कर्मी जिस प्रोडक्शन हाउस से पैदा होते हैं, उसके सीईओ अखिलेश यादव व ट्रेनर शिवपाल यादव हैं। इसके जरिए सपा जनता को तबाह कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कटेहरी, मझवा व फूलपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनसभाएं कीं। तीखा हमला करते हुए कहा कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। यह लोग अपराध के साथ बिजनेस करते थे। गाजीपुर में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय, रमेश पटेल, रमेश यादव समेत सात लोगों को माफिया ने भून डाला था। तब सपा सरकार



ने कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन माफिया मुख्तार अंसारी के मरने पर सपा मुखिया वहां फातिहा पढ़ने चले गए। योगी ने कहा कि सपा सरकार में अतीक अहमद के गुंडों ने प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल की निर्मम हत्या कर दी। जब डबल इंजन सरकार आई, तब इस परिवार को न्याय मिला। सरकार ने जब अपना वास्तविक रूप दिखाया तो इनका रामनाम सत्य होने में देर न लगी। योगी ने याद दिलाया कि पिछले साल भाजपा लौहपुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी तब सपा और उसके मुखिया भारत के विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की जयंती मना रहे थे। इन्हें जिन्ना प्यारा है। कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति पर सर्वाधिक अत्याचार सपा शासन के दौरान हुआ। 2015-16 में इन लोगों ने अनुसूचित जाति-जनजाति के बच्चों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, उसे भी हमने शुरू कराया। कई मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि जो सरकार गरीब, किसान, युवा की आवाज न सुनती हो, उसे डूब मरना चाहिए। योगी ने कहा कि भाजपा ने सुहेलदेव राजभर को सम्मान दिया, लेकिन सपा को भय है कि ऐसा करेगी तो मुस्लिम वोट खिसक जाएगा। उन्होंने इंडी गठबंधन को देश व समाज के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि इसलिए हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगी। उन्होंने कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवा से सुचिस्मिता मौर्य व फूलपुर से दीपक पटेल को जिताने की अपील की।

### बेटियों की इज्जत से खेलोगे तो पहुंचा देंगे जहन्नुम

कटेहरी में योगी ने कहा कि यह क्षेत्र प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की पावन भूमि है। एक समय जयप्रकाश, डॉ. लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव, चंद्रशेखर, जनेश्वर जैसे लोग समाजवादी आंदोलन को नेतृत्व दे रहे थे। तब आदर्श आंदोलन माना जाता था। लेकिन आज देख सपाई, बिटिया घबराई। योगी ने अयोध्या में सपा नेता मोइद खान समेत कन्नौज, लखनऊ व हरदोई आदि की घटनाओं का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि बेटियों की इज्जत से खेलोगे तो जहन्नुम पहुंचा देंगे।

### एक नजर

#### यूपी नीट पीजी की पहली काउंसिलिंग 18 से

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए 18 नवंबर से ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू होगी। 25 नवंबर तक अभ्यर्थियों को कालेजों की प्राथमिकता देनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को सीट आवंटन परिणाम घोषित होंगे। 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक दाखिला लेना होगा।

#### पिता-दो बच्चों ने टैंक में कूदकर की आत्महत्या

**सिद्दीपेट।** तेलंगाना के सिद्दीपेट में एक व्यक्ति और उसके दो मासूम बच्चों ने शनिवार को चितनाल टैंक में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान थेलु सत्यम मुधिराज (48), उनके बेटे अश्विन नंदन (07) और उनकी बेटी त्रिवर्णा (05) के रूप में हुई है। विवेकानंद कॉलोनी के निवासी सत्यम एक प्रिंटिंग प्रेस चलाते थे। वह कल शाम बच्चों के साथ घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे।

#### कांस्टेबल ने गोली मारकर की आत्महत्या

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कोंडागांव जिले में रविवार को 27 वर्षीय कांस्टेबल ने सर्विस पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कांस्टेबल के परिवार के एक सदस्य के हवाले से बताया कि वह मानसिक समस्या से ग्रस्त था।

## रिटायरमेंट से 51 दिन पहले एसीएस पर्यावरण को हटाया

### आईएएस मनोज सिंह को शासन ने प्रतीक्षारत करते हुए अनिल कुमार तृतीय को सौंपा प्रभार

- पर्यावरण विभाग के दो और अधिकारियों पर गिरी अनियमितता बरतने के मामले में शासन की गाज
- मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस का हवाला देते हुए लापरवाही बरतने वालों दे चुके हैं कार्रवाई की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दस आईएएस अधिकारियों के कामकाज में परिवर्तन किया है। इस कड़ी में शनिवार की देर रात एक चौंकाने वाला फैसला करते हुए शासन ने प्रभावशाली नौकरशाह के रूप में पहचान रखने वाले वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मनोज सिंह को रिटायरमेंट से डेढ़ महीने पहले उनके पद से हटा दिया। उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है। उनके विभाग की जिम्मेदारी श्रम एवं सेवायोजन व खनन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार तृतीय को दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार को लेकर समीक्षा बैठकों में निरंतर जीरो टॉलरेंस का हवाला देते हुए लापरवाही बरतने वाले विभागों के मुखिया पर कार्रवाई की चेतावनी देते रहे हैं।



मनोज सिंह

ऐसे में सेवानिवृत्ति से 51 दिन पहले मनोज सिंह से अचानक पदभार छीन लेने को लेकर नौकरशाही में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

मनोज सिंह को 3 जून 2021 को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में तैनाती दी गई थी। इधर, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी गंगा नदी में गंदगी को लेकर गंभीर टिप्पणी की है। ट्रिब्यूनल के अनुसार, गंगा का पानी आचमन के लायक भी नहीं है। एनजीटी ने मुख्य सचिव से चार सप्ताह में इससे निपटने और जल को दूषित होने से रोकने के लिए हलफनामा दाखिल करने को कहा है। उन्हें प्रतीक्षारत करने के पीछे एक कारण यह भी माना जा रहा है। मनोज सिंह वर्ष 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जबकि अनिल कुमार तृतीय 1998 बैच के हैं। नौकरशाही में चर्चा है कि विभाग में व्याप्त अनियमितता और शासकीय कार्यों में लापरवाही की रिपोर्ट निरंतर ऊपर तक पहुंच रही थी। लगभग 80 वन क्षेत्राधिकारियों के ट्रांसफर में बरती गई नियमितताओं को लेकर भी शासन ने बीते अक्टूबर माह में स्पष्टीकरण तलब किया था। इतना ही नहीं शामली की एक व्यावसायिक इकाई को पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को बाईपास कर सीधे एनओसी जारी कर देने का प्रकरण भी चर्चा में है।

### स्लॉटर हाउस को एनओसी देने में हैं गड़बड़ियां

**लखनऊ।** इस बीच उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य पर्यावरण अधिकारी विवेक राय और उन्नाव के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अनिल माथुर को निलंबित कर दिया गया है। स्लॉटर हाउस को एनओसी देने में गड़बड़ी पर यह कार्रवाई की गई है। बताते हैं ये गड़बड़ियां उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष मनोज सिंह के कार्यकाल में हुई थी। उन्नाव और गाजियाबाद में स्थित स्लाटर हाउस को अनधिकृत रुप से अनापत्ति सार्टिफिकेट जारी करने के आरोप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दोनों को निलंबित किया गया है। विवेक राय को गोमतीनगर स्थित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। पहले भी विवेक राय भ्रष्टाचार व वित्तीय अनिमितताओं के आरोप में निलंबित किए जा चुके हैं। निरंतर अनिमितताओं की शिकायत मिलने के बाद मुख्य सचिव ने बोर्ड के चेयरमैन से रिपोर्ट तलब की थी। रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को बोर्ड में व्याप्त अनियमितताओं से अवगत कराया था। इसी के बाद निलंबन की यह कार्रवाई की गई है। माना जाता है कि ऐसे ही मामलों को लेकर भी विभाग के मुखिया को तलब किया गया था। जिसमें उन्होंने अपनी सफाई पेश की थी। अन्य कई अधिकारी भी जांच के घेरे में हैं।

## जाति जनगणना कराने और कई सुविधाएं देने का वादा

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एमवीए का घोषणा पत्र जारी

- लड़कियों को कैंसर के मुफ्त टीके, एक लाख सालाना
- महिलाओं को हर साल 500 की दर से छह रसोई गैस सिलेंडर

मुंबई, एजेंसी



मुंबई में एमवीए का घोषणा पत्र जारी करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले।

विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें नौ से 16 वर्ष की लड़कियों के लिए सर्विकल कैंसर के मुफ्त टीके और मासिक धर्म के दौरान महिला कर्मचारियों के लिए दो वैकल्पिक अवकाश का वादा किया गया है। महाराष्ट्रनामा शीर्षक वाले घोषणापत्र में जाति आधारित जनगणना, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए अलग विभाग की स्थापना, बाल कल्याण के लिए मंत्रालय का गठन और महिलाओं को हर साल 500 रुपये की दर से छह रसोई गैस सिलेंडर देने का भी वादा किया गया है। गठबंधन ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए निर्भय महाराष्ट्र नीति बनाने और शक्ति कानून लागू करने का वादा भी किया। 18 वर्ष की आयु होने पर प्रत्येक लड़की को एक लाख रुपये देने का भी आश्वासन दिया।

मुंबई में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए एमवीए का घोषणापत्र जारी किया, जहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत भी मौजूद थे। एमवीए द्वारा घोषित लोकलुभावन योजनाओं पर सवालों का जवाब देते हुए खरगे ने कहा कि हमें सरकार दीजिए और हम आपको बजट देंगे। उन्होंने कहा कि अगर आप गरीबों की मदद करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, तो आपको कोई न कोई रास्ता मिल ही जाएगा। सुले और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि अगर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में वृद्धि और भ्रष्टाचार को रोका जाए तो पर्याप्त धन उपलब्ध होगा। घोषणापत्र में युवाओं के कल्याण के लिए युवा आयोग की स्थापना, बेरोजगार शिक्षित स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को 4,000 रुपये प्रति माह भत्ता और राज्य सरकार में 2.5 लाख पदों पर भर्ती का आश्वासन भी दिया गया है। 300 यूनिट तक उपयोग पर मासिक 100 यूनिट तक बिजली बिल में छूट का आश्वासन भी दिया।

## खड़े कंटेनर से भिड़ी कार पिता और दो बेटों की मौत

- लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह हुआ हादसा

संवाददाता, हसनगंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** गाजियाबाद से बिहार जाते समय पिता व उनके दो बेटों की तेज रफ्तार कार लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर खड़े कंटेनर में पीछे से घुस गई। घायल पिता व दोनों बेटों को यूपीडा कर्मियों ने रेस्क्यू कर लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल भेजा। जहां तीनों की मौत हो गई। बिहार के गया जिला निवासी संजय सिंह गाजियाबाद में व्यवसाय करते थे। शनिवार रात वह अपने बेटे गौरव (32) व सौरभ (30) के साथ गया जाने के लिए कार से निकले थे।

रविवार सुबह करीब सात बजे उन्नाव के हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मटरिया गांव के पास अचानक कार चला रहे गौरव को झपकी आ गई और तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कंटेनर आगे खिसक गया। इसमें कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे लोग उसी में फंसे रहे। यूपीडा कर्मियों ने पुलिस की मदद से उन्हें बाहर निकाला। सांसें चलती देख उन्हें लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां तीनों की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को दी। हसनगंज कोतवाल ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू किया, हालत गंभीर देख उन्हें लखनऊ भेजा गया जहां उनकी मौत हुई है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त स्कार्पियो।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, 4 घायल

**लखनऊ।** काकोरी इलाके में आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर रात करीब दो बजे किनारे खड़े कंटेनर में कार टकरा गई। हादसे में आयुष (24) की मौत हो गई, 4 लोग घायल हो गए। पारा न्यू डॉक्टर खेड़ा निवासी महेंद्र नाथ हरदोई कृषि विभाग कटियार फार्म में मैनेजर हैं। रविवार को बेटी आकांक्षा उर्फ वर्षा की शादी थी। आयुष बहन की शादी की तैयारियों में लगा था। शनिवार देर रात आयुष मामा विवेक, रिश्तेदार गुलशन, रजनीश और राकेश के साथ मैगी खाने कार से आगरा एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा गया था। रात करीब दो बजे घर लौटते वक्त आयुष की कार माइल स्टोन 296 के पास सड़क किनारे खड़े कंटेनर में टकरा गई। घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

## हाथियों ने दो बच्चों को कुचलकर मार डाला

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में हाथियों ने दो बच्चों को कुचलकर मार डाला। शनिवार रात करीब एक बजे सोते समय हाथियों का दल झोपड़ी में घुस गया। पति-पत्नी और तीन बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन दो बच्चे नहीं निकल सके। जिन्हें हाथियों ने रौंद दिया। यह मामला सूरजपुर वनमंडल के प्रेमनगर के महेशपुर के आश्रित गांव चितखई का है जहां जंगल में परिवार झोपड़ी बनाकर रह रहा था। 11 हाथियों के दल ने झोपड़ी को भी तहस-नहस कर दिया। बताया जाता है कि, बिखू पंडो अपनी पत्नी और पांच बच्चे के साथ झोपड़ी में सो रहा था। हाथियों ने अचानक झोपड़ी पर हमला कर दिया।

## न्यायमूर्ति खन्ना आज लेंगे सीजेआई पद की शपथ



- 51वें प्रधान न्यायाधीश होंगे

**नई दिल्ली।** चुनावी बॉण्ड योजना को खत्म करने और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने जैसे सुप्रीम कोर्ट के कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सोमवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति खन्ना, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे जो रविवार को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति खन्ना का कार्यकाल 13 मई 2025 तक रहेगा। केंद्र ने 16 अक्टूबर को प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की सिफारिश के बाद 24 अक्टूबर को न्यायमूर्ति खन्ना की नियुक्ति को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया।

## जल्द पड़ने वाली है कड़ाके की सर्दी, 15 से मौसम में बदलाव

- माह के अंत तक पड़ने लगेगी सनसनाती सर्दी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कड़ाके की सर्दी जल्द शुरू होने वाली है। 15 नवंबर के बाद विभिन्न जिलों का मौसम बदलेगा और माह के अंत तक सनसनाती सर्दी पड़ने लगेगी। हालांकि नवंबर के बावजूद इस साल उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी ठंड का असर अभी देखने को नहीं मिल रहा है। केवल रात में और सुबह ही लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है।

हर साल नवंबर महीने या दिवाली के बाद मौसम बदल जाता था और लोग गर्म कपड़े पहन लेते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल पश्चिमी विक्षोभ का असर काफी कम है। पहाड़ों पर बर्फबारी नहीं हो रही है जिससे मैदानी क्षेत्रों में ठंड का असर नहीं है। पहले के वर्षों में नवंबर तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाता था जिससे पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो जाती थी, मैदानों में भी बारिश होती थी। जिससे कड़ाके की ठंड शुरू हो जाती थी। फिलहाल, दो-तीन दिन तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौसम इसी तरह सामान्य रहेगा। रात में ठंड, सुबह में कोहरा तथा दिन में धूप रहेगी। हालांकि 15 नवंबर से ठंड का एहसास होना शुरू हो जाएगा। मासांत तक सनसनाती सर्दी महसूस होने लगेगा।

## गैंगस्टर बबलू श्रीवास्तव की समयपूर्व रिहाई याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि उसने गैंगस्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव की समयपूर्व रिहाई की नवीनतम याचिका को खारिज कर दिया है, जो 1993 में अतिरिक्त सीमा शुल्क कलेक्टर की हत्या के लिए बरेली सेंट्रल जेल में उम्रकैद काट रहा है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ को अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने बताया किश्रीवास्तव ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है और समयपूर्व रिहाई के लिए दायर याचिकाओं का खुलासा नहीं किया है। पीठ ने 8 नवंबर के आदेश में श्रीवास्तव के वकील से अब तक दायर याचिकाओं के आदेश और केस रिकॉर्ड दाखिल करने को कहा। श्रीवास्तव ने समयपूर्व रिहाई पर विचार के वास्ते सरकार को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।



- उप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

**आकर्षण** बाघ, हाथी और गैंडे ही नहीं, बस चुका है रंग-बिरंगे पक्षियों का सुंदर संसार, इन दिनों झादीताल, ककरहा ताल समेत कई जलाशयों में मेहमान पक्षियों का बसेरा

## दूर देशों के पक्षियों के कलरव से गूंज रहे दुधवा के जलाशय

रामचंद्र शुक्ल, पलिया कलां (खीरी)

**अमृत विचार :** दुधवा के जंगलों में सिर्फ बाघ, हाथी और गैंडे ही नहीं वास करते हैं बल्कि यहां के जंगल और जलाशय रंग-बिरंगे और दिलकश पक्षियों से भी भरे पड़े हैं। इन दिनों दुधवा टाइगर रिजर्व की किशनपुर सेंच्युरी का झादीताल और ककरहा तालाब मेहमान पक्षियों के कलरव से गुलजार होने लगा है। सर्दी की दस्तक के साथ ही ठंडे देशों से हजारों किलोमीटर की उड़ान भरकर आए मेहमान पक्षी आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।



दुधवा टाइगर रिजर्व के उप निदेशक डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाने वाली पक्षियों की लगभग 1250 प्रजातियों में से लगभग 450 प्रजातियां दुधवा टाइगर रिजर्व परिक्षेत्र में हर साल ठंड में आती हैं। इन पक्षियों का कलरव यहां के जलाशयों, नदी- नालों, नम भूमि वाले घास के मैदानों, गगनचुंबी साखू, शीशम, सागौन, जामुन आदि के पेड़ों व झाड़ियों के झुरमुट आदि में देखते ही बनता है। पक्षियों की चहचहाहट और किलोल सुनने के लिए सैलानियों का तांता लग जाता है। इनमें साइबेरिया, चीन, जापान, रूस, तिब्बत और नेपाल आदि देशों की गगनचुंबी बर्फीली पहाड़ियों से मेहमान बनकर आने वाले विविध आकर्षक प्रवासी पक्षी भी शामिल होते हैं । यह संयोग की ही बात है कि जब दुधवा टाइगर रिजर्व (जिसमें दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर वन्य जंतु बिहार एवं कतर्नियाघाट घाट वन्य जीव विहार शामिल हैं) देशी -विदेशी पर्यटकों के लिए खोला जाता है, उसी समय अत्यंत सुंदर एवं मनमोहक प्रवासी पक्षियों का आगमन भी शुरू हो चुका होता है। जिन्हें देखते ही पर्यटक मंत्रमुग्ध हो उठते हैं।

### सर्दियों में आते हैं ये प्रवासी पक्षी

प्रवासी पक्षियों की जो प्रजातियां यहां स्वत: उगे वृक्षों, जल एवं नम प्रान्त वाले भूभागों आदि में अपना आवास बनाकर शीत ऋतु के चार माह बिताती हैं। उनमें पिनटेल, कामनटील, पोचर्ड, स्पाट विल, बंगाल फ्लोरिकन, विजन, कूट, मेलार्ड,ग्रेनेज गूज,सुर्खाव,शावलर आदि प्रमुख हैं। चिंता की बात है कि दुधवा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जल भाग वाले भूखंडों पर तेजी से अतिक्रमण हो रहा है और यहां विभिन्न कारणों से फैल रहा प्रदूषण पक्षियों पर बुरा प्रभाव डाल रहा है।

> दुधवा न केवल जलचर, थलचर जीवों से समृद्ध है, बल्कि 450 प्रजातियों के परिंदे यहां की जैव विविधता बनाए हुए हैं। यहां पाए जाने वाले पक्षी यहां की मनोनुकूल जलवायु, बेहतर भौगोलिक परिस्थितियां, मनपसंद आहार, स्वादिष्ट जल व सुरक्षित शरण स्थल इत्यादि पाकर अपने जीवन के विविध रासरंग रच आने वाले सैलानियों को आह्लादित करते रहते हैं।
>
> **-ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा।

### दुधवा में हैं अद्भुत भारतीय पक्षी

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के विभिन्न क्षेत्रों में आठ प्रकार के बगुले, कई प्रकार के सारस, चार प्रकार के विटर्न्स, तीन प्रकार के जल कौवे, कई प्रकार के गिद्ध, चील, बाज, तोते सहित टिटहरी, बटेर, गौरैया, फाख्ता, धोबिन अंगिया, पतरंगा, बुलबुल, मुनिया, कठफोड़वा, सिलौटी, कबूतर, मोर, उल्लू चमगादड़, कोयल, पपीहा, खंजन, सारंग, धनवास, निकुही, तीतर, हरियल, कौवे, हुदहुद, धनेश आदि अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं।

## भाकपा 26 दिसंबर को मनाएगी 100वीं वर्षगांठ

**कानपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को ग्वालटोली स्थित मजदूर सभा भवन में हुई, जिसमें भाकपा के 26 दिसंबर को 100 वर्ष पूरे होने पर खलासी लाइन स्थित शास्त्री भवन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सचिव कॉमरेड आरपी कनौजिया ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) भारत का पहला एक साम्यवादी दल है, जिसकी स्थापना 26 दिसम्बर 1925 को कानपुर में हुई थी। पार्टी की स्थापना कॉमरेड एमएन राय ने की थी। स्थापना सम्मेलन की अध्यक्षता कॉमरेड सिंगारवेलु चेट्टियार ने की थी। 26 दिसंबर को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व देने के साथ ही स्वागत समिति के गठन पर भी विचार किया गया। पार्टी के राज्य सचिव कामरेड अरविंद राज स्वरूप ने बताया कि पार्टी की शताब्दी वर्ष पर पार्टी के महासचिव कामरेड डी राजा, एटक की राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर व राष्ट्रीय सचिव डॉ. गिरीश आदि नेता आकर भागीदारी करेंगे। इस दौरान दीपा शर्मा, ओमप्रकाश आनंद, असित कुमार सिंह, नीरज यादव, अवधेश कुमार, सुनील सिंह, गोविंद यादव समेत प्रमुख नेता रहे।

# भाजपाई सबसे बड़े दंगाई, बाबा के आरोप झूठे

## सपा महासचिव शिवपाल यादव ने किया मुख्यमंत्री के आरोपों पर पलटवार, अहिराना व हलीम कॉलेज में सभाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपाई सबसे बड़े दंगाई हैं, बाबा के वेश में प्रदेश के मुख्यमंत्री सपा पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। यह बात सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने रविवार को कही। ग्वालटोली अहिराना और हलीम कॉलेज में आयोजित जनसभाओं में उन्होंने कहा कि भाजपा वाले बंटोगे तो कटोगे का नारा देकर लोगों को आपस में लड़वाना चाहते हैं, लेकिन जनता अब उनके झांसे में आने वाली नहीं है। भाजपा चाहे जितनी साजिश कर ले और हथकंडे अपना ले, सीसामऊ उपचुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी नसीम सोलंकी ही जीतेंगी। जनता अखिलेश यादव के जुड़ेंगे तो जीतेंगे के नारे पर अधिक भरोसा कर रही है।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के आवास पर परिजनों व सपा नेताओं से मुलाकात कर उपचुनाव में हालात का जायजा लेकर रणनीति तैयार की। नेताओं व कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देने के बाद वह चुन्नीगंज पहुंचे। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दलित समाज के लोगों से समर्थन मांगा। जवाहर नगर में वाल्मीकि समाज के साथ बैठक की।



जनसभा को संबोधित करते शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

**ये लोग रहे मौजूद:** नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, प्रभारी राजेंद्र कुमार, सह प्रभारी सुनील सिंह साजन, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी, पूर्व विधायक गजाला लारी, सह प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा, पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया, पूर्व एमएलसी कल्लू यादव, पूर्व विधायक सतीश निगम, राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, नगर के महासचिव बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, नंदलाल जायसवाल, नरेंद्र सिंह, दुर्गेश यादव, परमवीर सिंह गंभीर समेत आदि लोग रहे।

### उत्पीड़न करने वाले अफसरों के नाम किए जा रहे हैं नोट

शिवपाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर पुलिस प्रशासन, नगर निगम व बिजली विभाग सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में सपा समर्थकों को डरा व धमका रहे हैं। उत्पीड़न करने वाले सभी अधिकारियों का नाम नोट हो रहा है, सपा सरकार आने पर उनसे निपटा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि किसी निर्दोष को सताया न जाए।

### भाजपा की सोच नकारात्मक, दुख-दर्द से नहीं कोई वास्ता

शिवपाल सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग नकारात्मक सोच वाले हैं। किसी का दुख, दर्द व तकलीफ नहीं समझते हैं, लोगों को केवल दुख देना जानते हैं। जब से इनकी सरकार बनी है, इन्होंने लोगों को सिर्फ परेशानियां ही दी हैं। सपा सभी लोगों की परेशानी समझती है। भाजपा महिला आरक्षण की बात करती है, लेकिन उपचुनाव में कितने महिला उम्मीदवार उतारे हैं, जरा बताएं। सपा ने उपचुनावों में 9 में से 5 सीटों पर महिलाओं को प्रत्याशी बनाया है।

### अधिकारियों पर चुनाव जिताने का दबाव बना रहे मंत्री

सपा महासचिव ने कहा कि जिन 9 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, सभी जगह भाजपा के नेता व मंत्री जनता से वोट मांगने से ज्यादा अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं और उन पर उप चुनाव जितवाने का दबाव बना रहे हैं। इसके लिए बेईमानी करने का संदेश भी दे रहे हैं।

### शिवलिंग पर जल चढ़ाना पाप नहीं

पीरोड स्थित वनखंडेश्वर मंदिर में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी नसीम सोलंकी के शिवलिंग पर जल चढ़ाने और दीपावली पर दीप जलाने के बाद कुछ लोगों द्वारा मंदिर का शुद्धिकरण करने की घटना पर शिवपाल ने कहा कि मंदिर जाकर शिवलिंग पर जल चढ़ाना कोई पाप नहीं है। सपा सभी धर्मों का आदर व सम्मान करती है।

# कांग्रेस दक्षिण में कमेटी से पहले संचालन समिति

विशेष संवाददाता, कानपुर

- बैठक में 15 सदस्यीय समिति बनाई गई

**अमृत विचार।** यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए कांग्रेस ने संगठन को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। इसके लिए दक्षिण जिला कमेटी गठित करने का फैसला हुआ है। लेकिन कमेटी से पहले 15 सदस्यीय संचालन समिति बनाई जाएगी। यह फैसला रविवार को गोविंद नगर में कांग्रेसजनों की बैठक में लिया गया।

भाजपा के संगठन को उत्तर व दक्षिण दो भागों में बांट रखा है। इसी तर्ज पर कांग्रेस ने भी सांगठनिक ढांचा बनाया था। लेकिन अध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित के त्यागपत्र के बाद से कमेटी भंग है। प्रदेश अध्यक्ष ने नौशाद आलम को अतिरिक्त प्रभार दे रखा है। रविवार को शहर युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दीपक त्रिवेदी की पहल पर गोविंदनगर में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी आलोक मिश्रा भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कांग्रेसियों से सुझाव लिए, जिसमें संचालन समिति गठित करने पर सहमति बनी। आलोक मिश्रा ने कहा कि यह काम सीसामऊ उपचुनाव का नतीजा आने तक हो जाएगा। इसके बाद दक्षिण क्षेत्र का अलग अध्यक्ष नियुक्त होगा। उन्होंने कांग्रेस संगठन की मजबूती पर जोर दिया। दीपक त्रिवेदी के मुताबिक बैठक दक्षिण में कांग्रेस संगठन मजबूत करने के लिए बुलायी गई थी।

बैठक में इस्लाम अंसारी, गुड्डे सक्सेना, संजीव मिश्रा, गौरव दुबे, प्रभाकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, विनय मिश्रा, राम स्वरूप तिवारी, हरीश बाजपेई, अवनीश ठाकुर, अनुराग गुप्ता, भानु ठाकुर, मिंटू बाजपेई, मुकेश दुबे, नफीस उल्ला, मनोज वाल्मीकि, वीके सिंह, उत्तम श्रीवास्तव, सीता अग्निहोत्री, एकता भसीन, पिंकी भाटिया, प्रथम वर्मा, जीत सिंह, हीरा सोनू झा, जेपी द्विवेदी रहे।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, साथ में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय।

### चुन्नीगंज में चौपाल लगाई, बंबा रोड पर मांगे वोट

**कानपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने रविवार को सीसामऊ उपचुनाव में प्रत्याशी सुरेश अवस्थी की जीत के लिए चुन्नीगंज में चौपाल लगाई, शाम को गुमटी नंबर-5 बंबा रोड और दर्शनपुरवा में घूम-घूमकर वोट मांगे। लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान का निवेदन किया। जननसंपर्क में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना, विवेक पांडे शामिल रहे। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष ने चुन्नीगंज में छात्र नेताओं एवं प्रबुद्ध वर्ग की जन चौपाल में कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लोगों का विश्वास सरकार पर बढ़ा है। व्यापारी खुली हवा में सांस ले रहे हैं। जन चौपाल में कानपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष कालिंद्री तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, बालवीर परिहार, श्याम दीक्षित, संजय शुक्ला, विनय मिश्रा, बबलू वाल्मीकि, संजय तिवारी, इंदू सिंह, अशोक शुक्ला, सचिन सिंह मौजूद रहे। भूपेंद्र चौधरी ने रात 9 बजे सीसामऊ विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी जहां लगाई गई है, उस जिम्मेदारी का निर्वहन करना है।

# काम के आधार पर जीतेंगे सीसामऊ: भूपेंद्र चौधरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन की बैठक के बाद की प्रेसवार्ता
- कहा, सपा हार चुकी इसलिये अफसरों पर मढ़ रही आरोप

**अमृत विचार।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने रविवार को शहर आकर सीसामऊ विधानसभा में संगठनात्मक बैठकों के जरिये भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरा। प्रेसवार्ता कर कहा कि इस उपचुनाव में हमारा कोई गणित नहीं है। सीसामऊ का चुनाव हम काम के आधार पर जीतेंगे। यही नहीं प्रदेश की सभी 9 सीटें हम जीतने जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष लगातार शासन-प्रशासन और चुनाव आयोग पर धांधली करने का आरोप लगा रहा है। इससे ये साफ है कि विपक्ष ने अपनी हार मान ली तभी इस तरह की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं।

स्वरूप नगर स्थित गैंजेस क्लब में आर्यनगर मंडल की बैठक के बाद सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी जब जीतते हैं तो कोई चर्चा नहीं करते, जब हारेंगे तो इस तरह के आरोप लगाने लगते हैं। लोकसभा चुनाव में सपा के अच्छे प्रदर्शन पर कहा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। हम सबका साथ सबका विकास के आधार पर काम कर रहे हैं, सपा और कांग्रेस बांटने का षडयंत्र रच रहीं हैं। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ यूनिवर्सिटी केंद्रीय विश्वविद्यालय है, बाकी सभी यूनिवर्सिटी की तरह यहां भी आरक्षण सभी को दिया जाना चाहिए। कांग्रेस की प्रदेश में अब कोई भूमिका नहीं है। उनके सहयोगियों ने भी उन्हें साइकिल से अलग कर दिया है। कांग्रेस की स्वीकार्यता अब खत्म हो गई है। चुनाव में अतीक अहमद का नाम बार-बार आने पर कहा कि निश्चित रूप से हमारी सरकार ने जो काम किए हैं, अपराध और अपराधी के प्रति जो सरकार का अक्रामक रुख है वो हमारे दृष्टिकोण हमारे व्यवहार में झलकता है। आज अपराध यूपी में बिल्कुल न्यूनतम स्तर पर है। कटोगे तो बंटोगे के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष जाति, भाषा और क्षेत्र को बांटने का काम करता है। देश को कमजोर करने का षड्यंत्र है, अब देश की जनता सब समझ चुकी है। प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, विधायक सुरेंद्र मैथानी, अनूप अवस्थी भी मौजूद रहे।

### मंडलों और चुनाव प्रबंधन समिति के साथ बनाई रणनीति

प्रदेश अध्यक्ष ने रायपुरवा मंडल, कौशलपुरी मंडल की अलग-अलग जगह बैठक की। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने अब तक किए गए कार्यों को जहां प्रदेश अध्यक्ष के सामने बिंदुवार रखा वहीं प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने आगे चुनाव की दृष्टि से क्या क्या करना है उसको बिंदुवार बताया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि यह चुनाव कार्यकर्ताओं की ताकत का अहसास कराने का चुनाव है। तीनों मंडलों की बैठक में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायिका नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी, क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी रघुनंदन भदौरिया राजू शर्मा अवधेश सोनकर, संतोष शुक्ला, दीपक सिंह, आनंद मिश्रा, नवाब सिंह, मंडल अध्यक्ष करन यादव, अभिमन्यु सक्सेना, गौरव पांडे, पार्षद सौरभ देव, अंकित मौर्य, आकर्ष बाजपेई, अंकित मिश्रा, आलोक पांडे, गोविंद शुक्ला सहित चुनाव मंडल टोली के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# बुजुर्ग नहीं बन सकेंगे बूथ अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक चुनाव की तैयारी में भी जुट गई है। भाजपा प्रदेश संगठन ने कानपुर दक्षिण जिले में पूर्व सांसद कांता कर्दम को चुनाव अधिकारी बनाया है। पार्टी के मंडल चुनाव अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में संगठन पर्व कार्यशाला हुई। बताया गया कि 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष नहीं बन पाएंगे।

मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सदस्य कांता कर्दम का दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने स्वागत किया। कांता कर्दम ने कहा कि बूथ समिति चुनाव 15 से 30 नवंबर के मध्य संपन्न होंगे। बूथ समिति चुनाव के बाद दिसंबर माह में मंडल के चुनाव होंगे। भाजपा 20 नवंबर से प्रत्येक बूथ पर नए सिरे से 11 सदस्यीय सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वग्राही बूथ कमेटी का गठन करेगी। जिसमें सचिव, लाभार्थी प्रमुख, व्हाट्सएप ग्रुप एवं मन की बात प्रमुख बनाए जाएंगे। पार्टी महिलाओं को प्राथमिकता देने के खातिर बूथ कमेटी में कम से कम 3 महिलाओं को शामिल करेगी। इसके अलावा कमेटी गठन में सामाजिक समीकरण का ध्यान रखते हुए सभी जाति एवं वर्गों के कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। बूथ कमेटी गठन के लिए मंडल स्तर एवं उसके ऊपर के कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी (शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी) बनाया गया है। शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी बूथ कमेटी के साथ बैठक कर नई बूथ समिति गठन पर चर्चा करेंगे। तय तिथि पर सर्व सम्मति या चुनाव के माध्यम से बूथ अध्यक्ष चुना जाएगा।

- भाजपा में संगठनात्मक चुनाव 20 नवंबर से होंगे शुरू, 15 से शुरू होगी प्रक्रिया

भाजपा मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी के मुताबिक शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी (शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी) 20 से 25 नवंबर तक बूथों पर जाकर बूथ अध्यक्ष, बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुख का गठन करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, राम किशोर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, कौशल किशोर दीक्षित, राम बहादुर यादव, सुनील नारंग, रीता शास्त्री, गणेश शुक्ला, अर्जुन बेरिया, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी,शिव पूजन सविता, राजन चौहान, वंदना गुप्ता, अर्चना आर्या आदि थीं।



बैठक को संबोधित करतीं मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सदस्य कांता कर्दम।

### मंडल चुनाव अधिकारी बनाया गया

किदवई नगर मंडल में राजन चौहान, बर्रा में रज्जन सिंह परिहार, निराला नगर में वीरेंद्र दिवाकर, जूही में संजीव बेरी, छावनी में राजेश श्रीवास्तव, श्याम नगर में शिवपूजन सविता, ओमपुरवा में जसविंदर सिंह, बाबूपुरवा में विनोद मिश्रा, सरसौल में रवि सतीजा, रामादेवी में प्रेम नाथ विश्नोई, जरौली में विनोद अवस्थी, यशोदा नगर में फैसल सिद्दीकी, हरजिंदर नगर में लज्जाराम यादव को मंडल चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

# अश्लील वीडियो पर कथित भाजपा नेता को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सोशल मीडिया पर मंत्री, विधायक के साथ तस्वीरें वायरल

**अमृत विचार।** गुजैनी निवासी एक कथित भाजपा नेता का अश्लील वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान में लिया। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में उसके साथ मंत्री व विधायक भी हैं। पुलिस ने आरोपी कथित भाजपा नेता कुलदीप सिंह भदौरिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही पुलिस वायरल वीडियो की भी जांच कर रही है।

गुजैनी थानाक्षेत्र के फत्तेपुर गांव निवासी कुलदीप सिंह भदौरिया खुद को भाजपा नेता बताता है। कुलदीप का एक अश्लील वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर एक युवती के साथ वायरल हुआ। यह बात भी सामने आई कि भाजपा नेता का वीडियो उसी की इंस्टाग्राम आईडी से अपलोड होने के बाद वायरल हुआ है। बाद में उसकी फोटो मंत्री व विधायक समेत कई प्रभावशाली लोगों के साथ वायरल हो गई। चर्चा रही कि कुलदीप सिंह जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुका है। इस बारे में डीसीपी साउथ ने कहा कि कथित वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है।

इसी के बाद पुलिस ने कुलदीप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं इस बारे में भाजपा का कहना है कि कुलदीप पार्टी का पदाधिकारी नहीं है।



कुलदीप सिंह।

## घर से निकली छात्रा लापता

**कानपुर।** घर से ट्यूशन पढ़ाने निकली कक्षा 11 की छात्रा लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चकेरी निवासी छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी कक्षा 11 की छात्रा है। शनिवार शाम को वह ट्यूशन पढ़ाने के लिए निकली थी। जब वह नहीं लौटी तो उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया, लेकिन फोन स्विच ऑफ निकला। बेटी शिवकटरा निवासी आर्यन कुमार चौहान से बात करती थी। पिता के अनुसार बेटी घर से दो हजार रुपये, झुमकी व कपड़े भी ले गई है।

# 12 नवंबर से शुरू होंगे शुभ कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- देवोत्थान एकादशी पर मांगलिक कार्यों की शुरुआत

**अमृत विचार।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवोत्थानी के नाम से जाना जाता है। 12 नवंबर को देवोत्थानी एकादशी है। मान्यता है कि चार माह की योग निद्रा से श्रीहरि विष्णु जाग जाएंगे। इस दिन तुलसी- शालिग्राम विवाह के साथ ही मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाएंगे। देवोत्थानी एकादशी के दिन तुलसी को लाल चुनरी, सुहाग की वस्तुएं अर्पित करनी चाहिए और शालिग्राम के साथ विधिपूर्वक विवाह करना चाहिए।

ज्योतिषाचार्य मनोज द्विवेदी के मुताबिक विष्णु चार माह तक योग निद्रा में रहते हैं। इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। इस कालखंड में मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। मान्यता है कि देवोत्थानी एकादशी के दिन भगवान विष्णु जागते हैं और इस दिन से सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष एकादशी के दिन रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग रहेगा। इन योगों के संयोजन से इस दिन की पूजा का फल कई गुना बढ़ जाता है। इस दिन विशेष रूप से तुलसी माता की पूजा की जाती है।



मनोज द्विवेदी।

### विवाह के मुहूर्त

12,13, 16, 17 , 18, 22, 23, 25, 26 , 28 व 29 नवंबर को विवाह के मुहूर्त हैं। दिसंबर में 4 , 5, 9, 10 व 14 दिसंबर को विवाह मुहूर्त हैं।

## घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**कानपुर।** सड़क हादसे में घायल गायत्रीनगर रामादेवी निवासी 75 वर्षीय परशुराम की हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि 17-18 दिन पहले वे साइकिल से घंटाघर जा रहे थे, सीओडी क्रासिंग के पास किसी वाहन से टक्कर मार दी थी और भाग गया था। उनकी बेटी सुधा ने बताया कि खबर पाकर पिता को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा था। इसी दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई। पति की मौत की खबर पाकर पत्नी उमा बेसुध हो गईं।


अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र मोहम्मद इब्राहिम की कक्षा-10(अनुक्रमांक-23238078 सी0बी0 एस0सी0 बोर्ड) की मार्कशीट व प्रमाण-पत्र में त्रुटिवश पिता का नाम गुलरेज अहमद अंकित हो गया है जबकि वास्तविक व पूर्ण नाम मोहम्मद गुलरेज है। मो0 इब्राहिम की उक्त मार्कशीट व प्रमाण-पत्र में सही नाम मोहम्मद गुलरेज (MOHAMMAD GULREZ) दर्ज किया जाना आवश्यक है। **-मोहम्मद गुलरेज पुत्र मो0 इज़हारूल हक़, निवासी-538के/586 तुलसी पुरम्, जमा मस्जिद, निराला नगर, लखनऊ, उ0प्र0-226020**

**सूचना**

प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति की चौथी बैठक ब्लाक टोडरपुर की न्याय पंचायत उमरौली के ग्राम कमालपुर मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड की चौथी संगठनात्मक बैठक पूर्व निर्धारित समय व तिथि पर आयोजित की जाएगी। **रज्जन कश्यप, मो0- 9598461370**

**नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखण्ड महमूदाबाद की न्याय पंचायत पोखारा कलाँ, के मदुआ समुदाय/अनुसूचित जाति के मत्स्य पालकों को नदी पर मत्स्य आखेट हेतु मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन कराने के सम्बन्ध में आवश्यक बैठकें कराने हेतु ग्राम सुहेला के प्राथमिक विद्यालय के बाहर के प्रांगण में दिनांक 13,16, 19 अक्टूबर नवम्बर 2024 क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बैठकों का आयोजन समय 10: 30 बजे प्रातः / सांयः किया जायेगा। उक्त न्याय पंचायत में सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
**राजित राम पिता वीपति, निवासी- ग्राम सुहेला, मो0- 9650607189 सहभागी- राजेश / सुषमा देवी पत्नी राजेश कुमार, मो0- 7607375964**

**नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखण्ड महमूदाबाद की न्याय पंचायत बकहुँआ बाजार के मदुआ समुदाय/अनुसूचित जाति के मत्स्य पालकों को तालाब नदी पर मत्स्य आखेट हेतु मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन कराने के सम्बन्ध में आवश्यक बैठकें कराने हेतु ग्राम गोपालपुरखा (गुड़ैया) आंनवाणी (II) खाली स्थान के प्रांगण में दिनांक 12, 15, 18 नवम्बर 2024 को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बैठकों का आयोजन समय 11: 00AM बजे प्रांतः/सांयः किया जायेगा। उक्त न्याय पंचायत में सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
**राजेश कुमार पिता राम सेवक निवास- ग्राम गोपालपुरवा, गुडैचा**


सुविधा | जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल व नगर निगम मिलकर बनाएंगे भवन

# 11 हजार में गरीबों को शादी के लिए मिलेगा भवन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल और नगर निगम की ओर से बनने वाले बारातशाला 'मंगल भवन' को गरीब परिवार 11 हजार रुपये में बुक करा सकेंगे। दो करोड़ रुपये से बेनाझाबर के बगल में बनने वाले भवन का कार्य शुरू हो गया है। एमएचपीएल इसका निर्माण करा रहा है। इससे पहले नगर निगम और जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल के बीच निर्माण के लिये एमओयू पर हस्ताक्षर हुये हैं।

महापौर ने जेसीआई 2025 के प्री इलेक्टेड प्रेसीडेंट प्रणीत अग्रवाल को मंगल भवन जैसे सामुदायिक भवन व बारात शाला के निर्माण की सोच की तारीफ की थी। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कहा कि अगर शहर में कुछ अच्छा और बड़ा काम करना है तो उसमें जनसहभागिता जरूरी है। जेसीआई जैसी संस्थाएं पहियों का काम करती हैं। नगर निगम के पास जगह बहुत है। केआईजेसी मंगल भवन के थ्री डी माडल का अनावरण हो चुका है। यह भवन किसी भी बड़े होटल व गेस्ट हाउस की तरह दिखेगा। जिसे लोग मांगलिक कार्यों व अन्य बैठकों के लिये आसानी से बुक करा सकेंगे।



ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क गेट पर बनता मंगल भवन। अमृत विचार

- दो करोड़ रुपये होंगे खर्च बेनाझाबर के बगल में कार्य हुआ शुरू

### 2500 स्क्वायर मीटर एरिया में बनेगा भवन

वार्ड 15 बेनाझाबर बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के बगल में बनने वाले बारात शाला का निर्माण 2500 स्क्वायर मीटर एरिया में होगा। इस जगह में 4500 स्क्वायर फिट में निर्माण कराया जाएगा। सामुदायिक भवन का कार्य नवंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। सीएसआर फंड के तहत इस कार्य में जेसीआई दो करोड़ रुपये का फंड खर्च करेगा। इस एमओयू पर नगर आयुक्त सुधीर कुमार और जेसीआई 2025 के प्री इलेक्टेड प्रेसीडेंट प्रणीत अग्रवाल ने साइन किये हैं। प्रोजेक्ट एडवाइजर विकास जायसवाल ने कहा कि हम जल्द से जल्द और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करवाएंगे।

### जेसीआई दे रहा फंड

जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल कानपुर नगर के उद्योगपतियों का संगठन है। यह संगठन शहर में ब्लड बैंक, चौराहों का सौंदर्यीकरण, स्मार्टशेल्टर होम, बच्चों के लिये आधुनिक सुविधा से लैस स्कूल का निर्माण कार्य कराता है। जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल की स्थापना वर्ष 1982 में हुई थी। जेसीआई ने यह फंड सीएसआर के रूप में दिया है।

## पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले को किया गिरफ्तार

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने मोबाइल लूट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि छह सितंबर 2024 को सनिगवां निवासी रफीक खान से बाइक सवार आरोपियों ने मोबाइल लूटा था।

पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। शनिवार देर रात पुलिस ने जाजमऊ नई चुंगी के पास से आरोपी जाजमऊ चुंगी निवासी सुल्तान उर्फ मोहम्मद अरमान को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने लूट की घटना को स्वीकार किया है। उसे जेल भेजकर उसके साथियों की तलाश की जा रही है।

## आज का मौसम

आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

31.6° अधिकतम तापमान | 17.2° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 25 | सूर्यास्त 05 : 20

### जेईई मेंस की तैयारी के लिए 'साथी' क्रैश कोर्स आज से

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर और शिक्षा मंत्रालय की पहल पर 'साथी' ने जेईई मेंस की जनवरी में होने वाली परीक्षा की तैयारी के लिए 45 दिन का क्रेश कोर्स शुरू किया है। आईआईटी के अनुसार 11 नवंबर से शुरू होने वाले क्रैश कोर्स में सारगर्भित विविध शैक्षणिक सामग्री के साथ प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक लाइव ऑनलाइन सत्र शामिल हैं, जिसमें अनुभवी छात्र महत्वपूर्ण विषयों और समस्या-समाधान को कवर करेंगे। पाठ्यक्रम में दैनिक अभ्यास प्रश्नों को भी शामिल किया गया है। कोर्स में छात्रों को वास्तविक परीक्षा माहौल का अनुकरण करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और परीक्षा की तैयारी का आकलन करने के लिए एक विशेष रूप से क्यूरेट की गई मॉक टेस्ट सीरीज़ भी शामिल की गई है। क्रैश कोर्स में एआई संचालित एनालिटिक्स का एकीकरण है, जो हर छात्र के प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत प्रतिक्रिया प्रदान करता है। आवेदन को इच्छुक छात्र और छात्राएं https://sathee.iitk.ac.in/ पर या 'आईओएस' और 'एंडरोआए' दोनों डिवाइस पर साथी मोबाइल ऐप के ज़रिए प्लेटफ़ॉर्म तक पहुंच सकते हैं। यह ऐप निशुल्क है।



डबकेश्वर घाट पर सीधे गंगा में जाता नाले का गंदा पानी। अमृत विचार



गोला घाट से भी नाला गंगा में जा रहा है। अमृत विचार

# शहर के 6 नाले गंगा में सीधे बहा रहे सीवेज

## एनजीटी के गंगाजल आचमन योग्य नहीं होने की पड़ताल में सामने आया सच, बायोरेमिडिएशन भी फेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बायोरेमिडिएशन में कई बार पकड़ी जा चुकी लापरवाही, जुर्माने की भी नहीं परवाह
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों में भी रोज 100 एमएलडी गंदा पानी नहीं हो पाता है शोधित

**अमृत विचार।** प्रयागराज में महाकुंभ से पहले नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) का यह कहना कि गंगा का पानी आचमन योग्य नहीं है, करोड़ों लोगों की श्रद्धा और विश्वास पर कुठाराघात जैसा है। एनजीटी ने इसका कारण गंगा में सीवेज या दूषित पानी गंगा में बहाया जाना बताया है, जो गंगा सफाई में लापरवाही और भ्रष्टाचार को उजागर करता है। शहर के हालात भी इससे जुदा नहीं हैं। 10 बंद किए जा चुके नालों का 100 एमएलडी सीवेज रोज शोधित नहीं हो पाता है, तो जिन 6 नालों को बंद नहीं किया गया है और जैविक शोधन (बायोरेमिडिएशन) के बाद पानी गंगा में भेजने की व्यवस्था की गई है, उनसे गंदा पानी सीधे गंगा में गिर रहा है।

शहर में टेप नहीं किए गए 6 नालों डब्का, सत्तीचौरा, गोलाघाट, रानीघाट, परमिया और गुप्तारघाट से सीवेज सीधे गंगा में जा रहा है। इसकी वजह हकीकत में कहीं भी बायोरेमिडिएशन का काम नहीं होना है। बायोरेमिडिएशन कार्य में लापरवाही से गंगा के पानी में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी), रासायनिक ऑक्सीजन डिमांड (सीओडी), कुल निलंबित ठोस (टीएसएस) की मात्रा बढ़ रही है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने कई बार जांच में इसकी पुष्टि की है। इससे गंगा के पानी का शहर में रंग बदल रहा है। जांच में सामने आया है कि इन 6 नालों के पास जैविक शोधन के लिए स्थापित डोजिंग प्लास्टिक टैंक में सीडिंग और माइक्रोबियल कल्चर नहीं डाला जा रहा है जो बायोरेमिडिएशन के लिए जरूरी है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने कई बार इसे पकड़ा है। नगर निगम पर जुर्माना लगाया है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। क्षेत्रीय अधिकारी, यूपीपीसीबी अमित मिश्रा ने बताया कि समय-समय पर नालों का निरीक्षण करते हैं। कमी मिलने पर संबंधित संस्थाओं को नोटिस देकर जुर्माने की कार्रवाई करते हैं। गंगा में सीवर गिरना बड़ी मुसीबत है।

**16** नाले शहर से गंगा में गिरते थे

**10** नाले पूरी तरह कर दिए गए टेप

**06** नालों में हो रहा बायोरेमिडिएशन

**420** एमएलडी सीवेज प्लांटों में जाता

**320** एमएलडी सीवेज ही शोधित होता

### शहर में खर्च किए जा चुके 1810 करोड़

गंगा को कानपुर में निर्मल बनाने के काम पर 1810 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं। इंडो डच परियोजना में 166 करोड़, जेएनएनयूआरएम सीवेज योजना-1 में 746 करोड़, जेएनएनयूआरएम सीवेज योजना-2 में 423 करोड़ रुपये खर्च किए गए। नमामि गंगे योजना के तहत सीसामऊ नाला सहित 6 नालों की टैपिंग में 57 करोड़, नवाबगंज से जाजमऊ तक गंगा किनारे 34 वार्डों में पंपिंग स्टेशन बनाने में 418 करोड़ रुपये खर्च किये गए हैं।

### 800 करोड़ का ठेका, एफआईआर व जुर्माना

एनएमसीजी ने 3 वर्ष पहले शहर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों (एसटीपी) और सीवेज पंपिंग स्टेशनों (एसपीएस) का 15 साल तक रखरखाव और संचालन का ठेका केआरएमपीएल को 800 करोड़ में दिया था। लेकिन पंप खराब होने की वजह से सीसामऊ नाले से ही कई दिन करोड़ों लीटर सीवेज गंगा में गिरता रहा। एसपीएस के रखरखाव में भी कंपनी ने घोर लापरवाही दिखाई। इसे लेकर एफआईआर, जुर्माने की कार्रवाई हुई लेकिन कंपनी काम पर डटी हुई है।

# बीच सड़क कार खड़ी करके की गुंडागर्दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बीच सड़क रायफल लिए खड़ा युवक।

- नजीराबाद में सड़क पर कार खड़ी करने से लगा जाम
- कार हटाने को कहा तो रायफलधारी ने धमकाया

**अमृत विचार।** नजीराबाद थाने से कुछ दूरी पर कार सवार चार लोगों ने बीच सड़क पर गुंडागर्दी की। घटना का वीडियो वायरल हो गया है। इसमें दिख रहा है कि कार सवार ने सड़क के बीचोबीच कार खड़ी कर दी और किनारे लगी दुकानों से खरीदारी करने लगा। इससे जाम लग गया तो लोगों ने बीच सड़क से कार हटाने को कहा। इस पर कार से रायफल लेकर उतरे एक शख्श ने धमकाया। वीडियो का संज्ञान लेकर एसीपी स्वरूपनगर इंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि शुक्रवार रात की घटना है। कार हटाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई थी। वाहन मालिक व शस्त्र धारक का पता लगाकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

वायरल वीडियो नजीराबाद की सड़क का है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि कार सड़क के बीचोबीच खड़ी की गई है। कार चालक किनारे लगी दुकानों से कुछ खरीदारी करने चला गया। इससे जाम लग गया है। फंसे वाहन चालकों के हार्न बजाने से काफी देर सड़क पर शोर होता रहा। इसी बीच एक व्यक्ति ने कार हटाने को कहा तो कार से एक व्यक्ति रायफल लिए उतरा और विरोध करने वाले को धमकाया गया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि जब जांच की गई तो लोगों ने बताया कि कार हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। घटना की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। एसीपी स्वरूपनगर का कहना है कि प्रकरण का संज्ञान लिया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## युवक को चाकू मारने वाले दबोचे गए

**कानपुर।** सूरज विश्वकर्मा को गुजैनी सब्जी मंडी में चाकू मारने के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। सूरज ने जे-ब्लाक निवासी राहुल गुप्ता उर्फ पातुर को थप्पड़ मार दिया था। देर रात सूरज लखनऊ जाने के लिए गुजैनी टेंपो स्टैंड पहुंचा, तभी स्कूटी पर राहुल और दोस्त आशीष आए व सूरज पर चाकू से हमला कर दिया था। गोविंदनगर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि राहुल गुप्ता और आशीष को गिरफ्तार कर लिया।

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत लापरवाही का आरोप लगा हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांशीराम हॉस्पिटल में हुआ था बच्चेदानी में गांठ का ऑपरेशन
- भाई ने लगाया अधूरी जांच से ऑपरेशन कराने का आरोप

**अमृत विचार।** चकेरी स्थित कांशीराम हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हॉस्पिटल के बाहर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह परिजनों को समझाकर शांत कराया। हॉस्पिटल के कार्यवाहक सीएमएस डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि घटना की जानकारी है, परिजन अगर शिकायत करते हैं तो जांच कर कार्रवाई होगी।

नर्वल थानाक्षेत्र के खोजौनी गांव निवासी सौरभ सिंह की पत्नी मीना सिंह (40) को बच्चेदानी में गांठ थी। दिक्कत बढ़ने पर शनिवार दोपहर मीना को लेकर परिजन कांशीराम हॉस्पिटल पहुंचे और भर्ती कराया। मीना के भाई अजय सिंह ने बताया वह दोपहर दो बजे हॉस्पिटल पहुंचे। डॉ. रश्मि ने कई जांच कराई और जल्दबाजी में गांठ का ऑपरेशन कर दिया। भोर पहर करीब चार बजे मीना की हालत बिगड़ गई।

इस पर उसे हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। वह लोग रास्ते में ही थे, तभी उसकी मौत हो गइ। इस पर वह लोग शव लेकर कांशीराम हॉस्पिटल वापस आ गए। डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। हॉस्पिटल स्टाफ ने इसकी सूचना चकेरी पुलिस को दी। परिजनों का विरोध व हंगामा बढ़ता जा रहा था, इसी बीच पहुंची पुलिस ने परिजनों को किसी तरह समझाकर शांत कराया। अजय के अनुसार डॉक्टर ने ऑपरेशन से पहले जांचें भी पूरी नहीं कराईं। मीना को खून की कमी थी, उसके बाद भी ऑपरेशन कर दिया। खून अधिक निकल जाने से भी उसकी हालत गंभीर हुई। डॉक्टर अगर पूरी जांच कराकर व खून की कमी को देखने के बाद ऑपरेशन करतीं तो मीना की जान न जाती।

परिजनों के अनुसार मीना के ऑपरेशन में लापरवाही बरती गई है। इस बारे में हॉस्पिटल के कार्यवाह सीएमएस डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया परिजन अगर शिकायत करते हैं तो जांच कराई जाएगी।

# 40 रुपये किराये में आईआईटी से पहुंच सकेंगे कानपुर सेंट्रल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 14 स्टेशनों वाले रूट पर 15 किमी. की दूरी मात्र 25 मिनट में होगी तय
- यूपीएमआरसी ने दूसरा सेक्शन खोलने से पहले तय किए रूट के रेट

**अमृत विचार।** मेट्रो के प्रॉयोरिटी कॉरिडोर में आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक का किराया मात्र 40 रुपये पड़ेगा। मेट्रो के गोस्मार्ट एनसीएमसी कार्ड धारकों के लिए यह किराया 10 प्रतिशत और कम हो जाएगा। यह जानकारी रविवार को मेट्रो अधिकारियों ने दी। विश्व सार्वजनिक परिवहन दिवस पर कानपुर दर्शन के सहयोग से मोतीझील स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि 14 स्टेशनों वाले रूट पर 15 किमी. की दूरी मात्र 25 मिनट में तय हो सकेगी। कार्यक्रम में ज्ञान भारती स्कूल और एनजीओ एसएस फाउंडेशन से आए बच्चों, शिक्षकों और समाज सेवियों को एक अत्याधुनिक मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में कानपुर मेट्रो की विस्तार से जानकारी दी गई।



मेट्रो ने विश्व सार्वजनिक परिवहन दिवस पर जागरुकता सत्र और मेट्रो राइड का किया आयोजन।

मेट्रो अधिकारियों ने सार्वजनिक परिवहन के रूप में मेट्रो की उपयोगिता पर चर्चा शुरू करते हुए बताया कि शहर में मेट्रो की परिकल्पना सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई थी।

सार्वजनिक यातायात के साधनों के अधिक उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी, सड़कों पर ट्रैफिक का भार कम होगा और लंबे समय तक जाम से व्यर्थ होने वाली समय व ऊर्जा की भी बचत होगी। दिव्यांग यात्रियों के लिए स्टेशनों पर सभी आवश्यक प्रावधान जैसे कि रैम्प, व्हील चेयर, अलग टिकट काउंटर, ब्रेल लिपि में साइनेज, टैक्टाइल पाथ, आरक्षित सीट, ऑटोमैटिक वॉयस अनाउंसमेंट, पैसेंजर डिसप्ले सिस्टम की व्यवस्था की गई है।

### मेट्रो के अंदर कर सकेंगे कार्यक्रम भी

अधिकारियों ने बताया कि अन्य सार्वजनिक परिवहन के साधनों की तुलना में मेट्रो पर्यावरण की सबसे अच्छी मित्र है क्योंकि मेट्रो प्रणाली जीरो कार्बन एमिशन के साथ संचालित होती है। कानपुर मेट्रो निर्माण स्थलों पर धूल उत्सर्जन के प्रभाव को कम करने के लिए पानी के टैंकर और एंटी स्मोग गन से निरंतर जल का छिड़काव किया जाता है। सत्र के समापन के बाद प्रतिभागियों ने मोतीझील से आईआईटी तक मेट्रो राइड का आनंद लिया।

# खौलते दूध की कढ़ाही पर गिरा युवक, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मौके पर झुलसा पड़ा मनोज।

- नशे में लड़खड़ाते हुए टकराया, दूध उस पर गिरा

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा के किदवईनगर चौराहे पर स्वीट हाउस के बाहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां भट्टी पर खौल रहे दूध की कढ़ाही से शराब के नशे में एक युवक टकरा गया। इससे युवक पर कढ़ाही पलटने से खौलता दूध उस पर गिर गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने उसे उर्सला अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। रविवार को परिजन स्वीट हाउस पहुंचे और कर्मियों पर खौलता दूध डालने का आरोप लगाकर हंगामा किया। हालांकि स्वीट्स हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देख परिजन शांत हो गए।

हमीरपुर जिले के सुमेरपुर दरियापुरवा गांव निवासी मनोज कुमार सोनकर बाबूपुरवा में रहकर मजदूरी करता था। शुक्रवार रात करीब दस बजे मनोज नशे की हालत में किदवईनगर चौराहे स्थित हरिओम स्वीट्स एवं दुग्ध भंडार के पास पहुंचा। जहां दुकान के बाहर बड़ी कढ़ाही पर दूध गर्म हो रहा था। उसे लड़खड़ाता देखकर मनोज को कर्मियों ने रोकने की कोशिश की, लेकिन वह दूध की खौलती कढ़ाही से टकरा गया। जिससे कढ़ाही उसके ऊपर ही पलट गयी। गंभीर रूप से झुलसे मनोज को पुलिस ने कर्मचारियों की मदद से उर्सला अस्पताल पहुंचाया जहां शनिवार रात उसकी मौत हो गई।

बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी ने बताया कि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। मनोज लड़खड़ाते हुए खौलती कढ़ाई से टकराया था और इससे दूध उस पर गिरा। जिससे वह झुलस गया था। परिजनों के आरोप गलत हैं।

## आटो चालक को पीटकर किया घायल

**कानपुर।** हनुमंत विहार धोबिन पुलिया के पुरानी बस्ती निवासी आटो चालक पंकज गौतम ने बताया कि शनिवार रात वह क्षेत्र में रामलीला देखने गया था। इस बीच कई युवकों में विवाद के बाद मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान वह दूर खड़े थे, इसके बावजूद क्षेत्र में रहने वाले 12-15 युवकों ने उसे लाठी-डंडे व चाकू मारकर घायल कर दिया। उसके परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया।

# हादसे में चिकित्सा प्रभारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उन्नाव के घूरा खेत राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में तैनात थे डॉ. संदीप

**अमृत विचार।** यशोदानगर नौबस्ता निवासी डॉ. संदीप चौधरी की शनिवार रात रामादेवी चौराहा पर सड़क हादसे में मौत हो गई। डॉक्टर की स्कूटी में पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे की सूचना पर चकेरी पुलिस उन्हें कांशीराम हॉस्पिटल ले गई, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उन्नाव के घूरा खेत स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में 45 वर्षीय डॉ. संदीप चिकित्सा प्रभारी थे। परिवार में पत्नी नीलम व दो बेटे आयूष व रुद्र हैं। उनके साले जितेंद्र चंचल ने बताया कि इस समय मतदाता पुनरीक्षण का काम चल रहा है। जिसकी जिम्मेदारी भी डॉ. संदीप निभा रहे थे। शनिवार को बीएलओ की बैठक व मतदाता पुनरीक्षण का काम देखकर शाम करीब 7 बजे घर लौट रहे थे। रामादेवी चौराहा से जब आगे बढ़े तो पीछे से किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई और घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने डॉ. संदीप को कांशीराम हॉस्पिटल भेजा, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जितेंद्र के अनुसार नीलम को डाक्टर ने जांच में कैंसर बताया है। जिसका इलाज चल रहा है। जब से पत्नी को कैंसर की जानकारी हुई थी, संदीप परेशान थे। वह हर समय चिंता में ग्रस्त रहते थे। पति की मौत की खबर से नीलम की हालत और खराब हो गई है।

हेल्थ जोन | निर्माण के लिए आखिरी किस्त शासन से जारी की गई

# नए साल से शुरू हो जाएगा नौबस्ता का अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नए साल से दक्षिण के लोगों को नौबस्ता में बन रहे 100 बेड के सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा। हाल में ही नौबस्ता अस्पताल की तीसरी किस्त शासन ने जारी कर दी है। इससे अब अंतिम चरण का काम पूरा होगा।

कानपुर दक्षिण क्षेत्र में 20 से 25 लाख लोगों की आबादी निवास करती है। अधिकतर लोगों को इलाज के लिए हैलट, उर्सला या कांशीराम अस्पताल जाना पड़ता है। नंदलाल चौराहा, चावला मार्केट, फजलगंज, बारादेवी रोड, सीटीआई चौराहा, झकरकटी व टाटमिल चौराहा में जाम की वजह से मरीजों को जल्दी अस्पताल पहुंचना मुश्किल होता है। इसलिए बर्रा बाईपास व नौबस्ता हाइवे के बीच 100 बेड के अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है, जिसका काम वर्ष 2022 के जुलाई माह में शुरू हुआ था। इसकी लागत 44 करोड़, 44 लाख 53 हजार रुपये है।



नौबस्ता में तैयार हो रहा 100 बेड का अस्पताल। अमृत विचार

शासन ने अस्पताल का काम पूरा करने व उपकरण आदि के संबंध में तीसरी किस्त के रूप में 13 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए हैं, जिससे अब उम्मीद जगाई जा रही है कि दिसंबर तक निर्माणाधीन अस्पताल का काम पूरा हो जाएगा और नए साल से यहां पर ओपीडी व इमरजेंसी का संचालन शुरू हो जाएगा।

**44** करोड़ रुपये लागत से निर्माण हुआ | **13** करोड़ रुपये की अंतिम किस्त मिली

### अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन की भी मिलेगी सुविधा

सीएमओ डॉ. आलोक रंजन के मुताबिक 10 हजार वर्ग मीटर में बन रहे अस्पताल का भवन 44 करोड़, 44 लाख 53 हजार के बजट से तैयार किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को अभी तक 31 करोड़ 11 लाख 17 हजार रुपये का भुगतान हो चुका है। तीसरी किस्त के रूप में 13 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में नेत्र रोग, अस्थि रोग, बाह्य रोग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, नाक कान व गला रोग, इमरजेंसी, सर्जरी व पैथोलॉजी विभाग का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा अस्पताल में आईसीयू, लेबर रूम, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन की भी सुविधा मरीजों को मिलेगी। अस्पताल के पास ही डॉक्टरों व स्टाफ के लिए रहने की भी व्यवस्था की जा रही है।

### स्टाफ व मेडिकल उपकरणों के लिए लिखा पत्र

स्वास्थ्य विभाग की ओर से शासन को एक पत्र भी लिखा गया है, जिसके माध्यम से विभाग ने अस्पताल के संचालन के लिए 35 डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ व सफाई कर्मियों की तैनाती की मांग की है। साथ ही अस्पताल में उपकरण, जांच मशीन, मेज-कुर्सी, दवा आदि की भी डिमांड भेजी गई है।

## 13 को आएंगे अखिलेश यादव

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा के बाद शहर में 13 नवंबर को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आएंगे। वह दोपहर 12 बजे सीएसए में हेलीपैड पर उतरेंगे, इसके बाद नाला रोड दारुल मौला के सामने 12:30 बजे जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे। यहां पर दोपहर दो बजे तक जनसभा को संबोधित कर सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव की जीत का मंत्र देंगे। जुड़ेंगे तो जीतेंगे के नारे को बल देंगे। इसके बाद वह दोपहर ढाई बजे सीएसए हैलीपैड पहुंचेंगे और लखनऊ रवाना होंगे। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि उपचुनाव में सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी व शहर की जनता के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे हैं, जिसके संबंध में तैयारी शुरू कर दी गई है। उनको पुलिस प्रशासन व अन्य विभाग द्वारा जो यातनाएं दी जा रही हैं, वह भी अवगत कराई जाएंगी।

# बेकरी उत्पादन में नवाचार को बढ़ावा देगा एचबीटीयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन बेकरी टेक्नोलॉजी' में नए साल से शुरू होगा उत्पादन

**अमृत विचार।** नए साल से एचबीटीयू का फूड टेक्नोलॉजी विभाग बेकरी उत्पादों का उत्पादन शुरू कर देगा। शुरू में इस सुविधा का लाभ हॉस्टल में रहने वाले 2160 व परिसर में पढ़ाई करने आने वाले 3,830 छात्र-छात्राओं को मिलेगा। विश्वविद्यालय का फूड टेक्नोलॉजी विभाग अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए जयपुर स्थित जेवीएस फूड्स के साथ पिछले माह एमयूओ कर चुका है। अब बेकरी वर्कशॉप को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

एचबीटीयू के फूड टेक्नोलॉजी विभाग में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन बेकरी टेक्नोलॉजी का काम अगले माह पूरा होने की संभावना है। परिसर में बेकरी उत्पादों का निर्माण होने से बाहर से खरीद बंद हो जाएगी। विश्वविद्यालय में उत्पादन होने से छात्र-छात्राओं को उचित मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता वाले बेकरी उत्पाद मिलेंगे। रजिस्ट्रार अंजू वर्मा ने बताया कि जल्दी ही बेकरी उत्पादन से संबंधित मशीनें स्थापित कर दी जाएंगी। इस योजना पर पहले चरण में 65 लाख रुपये खर्च होंगे। यह सेंटर बेकिंग टेक्नोलॉजी और कौशल विकास क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को शोध संबंधी लाभ भी देगा। सेंटर में छात्रों को बेकरी उत्पादन में व्यावहारिक अनुभव तथा प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। इसके अलावा सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बेरोजगार युवाओं को सशक्त बनाने में इन्क्यूबेशन हब की भूमिका का निर्वहन करेगा।

# रील्स देखकर नहीं, रिसर्च करके ही करें निवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** आजकल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोग आकर्षक और प्रभावशाली रील्स देखकर प्रेरित होते हैं, चाहे वह फिटनेस टिप्स हों, मनोरंजन से जुड़े वीडियो हों, या वित्तीय निवेश के गुर। युवाओं के बीच शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड में निवेश करने के लिए, सोशल मीडिया से प्रेरणा लेना सामान्य बात हो गई है। लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक यह तरीका समझदारी भरा नहीं है।

सोशल मीडिया पर देखे गए छोटे वीडियो निवेश की दुनिया के बारे में सीमित और संक्षिप्त जानकारी देते हैं। ये रील्स अक्सर एकतरफा होती हैं, जहां लाभ के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, मगर संभावित जोखिम का उल्लेख नहीं होता। ऐसे में बिना पूरी जानकारी के निवेश करना उतना ही खतरनाक है, जितना बिना तैयारी के तूफान में नाव चलाना। इसीलिए फाइनेंशियल प्लानर इस बात पर जोर देते हैं कि निवेश करने के लिए दीर्घकालिक योजना बनानी चाहिए। अपनी जोखिम उठाने की क्षमता को परखें और उसी के अनुसार अपना पोर्टफोलियो बनाएं। म्यूचुअल फंड्स के मामले में भी ऐसी स्कीम्स चुनें जो आपकी वित्तीय योजनाओं के अनुकूल हों।

### तेजी से बढ़ रहे ठगी के मामले

- हाल के महीनों में अधिक रिटर्न का वादा करके निवेशकों को ठगने की घटनाओं में तेजी आई है। निवेशकों को गुमराह करने के लिए ठग चमकदार और आकर्षक वीडियो का सहारा लेते हैं। इन रील्स में प्रायः तेजी से मुनाफा कमाने के तरीके या गारंटीड रिटर्न का लालच दिया जाता है। रील्स और शॉर्ट वीडियो कंटेंट में शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड्स की जटिलता को पूरी तरह से समझा पाना संभव नहीं है। रील्स देखना मनोरंजन के लिए अच्छा है, लेकिन अपने जीवन की कमाई को निवेश करने के लिए रिसर्च और विशेषज्ञों की सलाह पर भरोसा करना ही बेहतर है।

### बाजार को परखें, अधिक रिटर्न के नाम पर हो रही ठगी से बचें



- **कानपुर।** आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि निवेश करने से पहले यह समझें कि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव होते रहते हैं। शेयर खरीदने से पहले उसकी वित्तीय स्थिति, प्रबंधन, बाजार में स्थिति और विकास की संभावनाओं का विश्लेषण करना आवश्यक है। म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय देखना चाहिए कि उसका पिछला प्रदर्शन कैसा रहा है और उसका पोर्टफोलियो किन कंपनियों में निवेशित है। अक्सर निवेशक भावनाओं में बहकर जल्द मुनाफा कमाने की लालसा में निवेश कर देते हैं। इसके चलते उन्हें भारी नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, कई युवा निवेशक सोशल मीडिया ट्रेंड्स के आधार पर तथाकथित 'हॉट स्टॉक्स' में पैसा लगा देते हैं, बाद में उन्हें पछताना पड़ता है।

- सोशल मीडिया से देखकर लालच में फंस रहे लोग, इससे बचने की जरूरत

### जानें सही निवेश के तरीके

- **रिसर्च करें :** कंपनियों के फाइनेंशियल रिपोर्ट्स, एनालिस्ट्स के आकलन, और बाजार के ट्रेंड्स को समझें।
- **विशेषज्ञों की सलाह लें :** फाइनेंशियल प्लानर से मार्गदर्शन लें ताकि आपके निवेश सुरक्षित और लाभकारी हो सकें।
- **लॉन्ग-टर्म निवेश करें :** शॉर्ट टर्म ट्रेडिंग में नुकसान का जोखिम अधिक होता है। दीर्घकालिक निवेश आपकी संपत्ति को धीरे-धीरे बढ़ा सकता है।
- **पोर्टफोलियो में विविधता लाएं :** जोखिम कम करने के लिए अपने निवेश को विभिन्न सेक्टर्स और एसेट क्लास में विभाजित करें।

# रक्तदान से स्वास्थ्य को होता लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**कानपुर।** रक्तदान करने से तनाव कम हो सकता है। रक्तदान दूसरों की मदद करने का एक तरीका है, जो आपकी सेहत में सुधार करता है। नियमित रक्तदान से नकारात्मक भावनाओं से भी छुटकारा मिलता है। यह जानकारी जीएसवीएसएस पीजीआई के नोडल व न्यूरो सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष सिंह ने रक्तदान शिविर में दी।

जुगल स्थित कृष्णा फाउंडेशन एकेडमी में संकल्प सेवा समिति ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में शिक्षक-शिक्षिकाओं व अभिभावकों ने हिस्सा लिया। स्कूल ने डॉ. मनीष सिंह, संस्था के संरक्षक अनिल सिंह बाबा, राजनारायण द्विवेदी, मनोज भदौरिया, जितेंद्र चंदेल व रणविजय सेंगर को पौधा और प्रभु श्रीराम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। शिविर में स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर पुनीत द्विवेदी, वंदना सिंह, रत्ना शर्मा, विमल सेंगर, नीरज चौहान, राजीव पांडेय, योगेंद्र चौहान, हर्ष कसेरा समेत 56 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। संस्था ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एचडीएफसी बैंक ने रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को उपहार देकर प्रोत्साहित किया। संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि संस्था का 186 वां रक्तदान शिविर था। इस दौरान विजय कटियार, विजय मिश्रा, शशि बाजपेई, बबलू सेंगर, सुधीर समेत आदि लोग रहे।



शिविर में रक्तदान करते समाजसेवी। अमृत विचार

- संकल्प सेवा समिति ने लगाया 186वां रक्तदान शिविर

# देवर से अवैध संबंध में पति की हत्या की थी

## डंडे से पीटकर और चाकू से वार कर शव तालाब में फेंका था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छह माह पहले बिधनू में हुई दिनेश अवस्थी की हत्या पत्नी के अवैध संबंध में हुई थी। देवर से अवैध संबंध के चलते उसकी पत्नी ने ही हत्या की थी। गांव स्थित तालाब में शव मिलने पर देवर-भाभी फरार हो गए थे। बागेश्वर धाम आश्रम में छिपे आरोपियों को पुलिस ने दबोच कर दिनेश की हत्या का खुलासा किया है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

मूलरूप से लखीमपुर निवासी 45 वर्षीय दिनेश अवस्थी बिधनू के खेरसा गांव में परिवार के साथ रहते थे। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने रविवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि दिनेश के घर में पत्नी पूनम उर्फ गुड़िया के अलावा उनका भाई मनोज रहता था। सीतापुर की रहने वाली पूनम से एक साल पहले ही दिनेश ने प्रेम विवाह किया था। पूनम के अपने देवर मनोज से अवैध संबंध हो गए थे। दिनेश ने एक दिन दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया और घर में कलह होने लगी। इस पर पूनम ने पति की हत्या की साजिश बना डाली। 24 अप्रैल 2024 की रात को पूनम ने देवर मनोज के साथ मिलकर डंडे से पीटने के बाद चाकू से पति दिनेश की हत्या कर दी। दिनेश के हाथ-पैर बाधकर शव गांव के ही तालाब में फेंक दिया। दो दिन बाद शव उतराया तो दोनों आरोपियों ने उसे डंडे से दबाने का प्रयास किया। इस बीच गांव वालों ने देख लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तालाब से शव निकलवा कर हत्याकांड की जांच शुरू की तो मनोज और पूनम गांव छोड़कर भाग निकले। चार दिन बाद दिनेश के छोटे भाई अशनी ने बिधनू में भाभी पूनम और भाई मनोज पर हत्या का संदेह जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। डीसीपी साउथ ने बताया कि जांच के दौरान दोनों आरोपियों की लोकेशन मध्य प्रदेश स्थित बागेश्वर धाम के आश्रम में मिली। इस पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों को वहां से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बागेश्वर धाम आश्रम में सेवादार बनकर रह रहे थे। रविवार को दोनों को जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी मनोज अवस्थी व पूनम। अमृत विचार

# छेड़छाड़ के विरोध पर चाकू मारा

**कानपुर।** बर्रा निवासी महिला का आरोप है कि पड़ोसी वीरू निषाद आएदिन उससे छेड़छाड़ करता है। जब उसने उसके परिजनों से शिकायत की तो उसकी पत्नी रश्मि व परिजनों ने गाली-गलौज कर पीटा।

महिला का आरोप है कि मई माह में आरोपी के बेटे रौनक ने उनके साथ अश्लीलता की और विरोध करने पर घर में घुसकर पीटा। बीचबचाव करने पर पिता को चाकू मारकर घायल कर दिया।

बर्रा थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर सात नामजद समेत एक दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं आरोपी वीरु का आरोप है कि महिला ने झूठा आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# प्रोस्टेट सर्जरी में अब रोबोटिक तकनीक कारगर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पुरुषों में प्रोस्टेट की समस्याएं आम होती जा रही हैं। 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों में यह समस्या पायी जाती है। अभी इसका इलाज दूरबीन विधि से होता है, लेकिन अब सर्जरी के लिए रोबोटिक तकनीक भी उपलब्ध है। जिससे अगर रोगी को प्रोस्टेट की समस्या के साथ डायबिटीज या ब्लड प्रेशर भी है तो सर्जरी में जटिलता नहीं आती। यह जानकारी अपोलो लखनऊ के डॉ.मयंक मोहन अग्रवाल ने दी।

परेड स्थित आईएमए हाल में रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से एक सीएमई प्रोग्राम का आयोजन किया, जिसमे लिवर ट्रांसप्लांट और हेपेटोबिलरी रोगों व प्रोस्टेट समस्याओं के निदान व इलाज संबंधित जटिलताओं को कम करने से संबंधित विषयों पर वार्ता हुई। अपोलो के डॉ.आशीष मिश्रा ने बताया कि जंक फूड, अत्यधिक शराब के सेवन व खराब जीवनशैली के कारण लोगों में लिवर की समस्या बढ़ रही है। लिवर ट्रांसप्लांट लिवर खराब होने की स्थिति में जीवन रक्षक है। यह एक जटिल सर्जरी है, लेकिन चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे विकास व अत्याधुनिक तकनीक से यह सर्जरी बहुत सुरक्षित है। अधिकांश लिवर ट्रांसप्लांट में सफलता दर 90 फीसदी से भी अधिक है। अब ये सर्जरी दूरबीन विधि से की जाती है, जिस कारण रक्तस्राव कम होता है और रोगी को काफी दिनों तक अस्पताल में भी रुकना नहीं पड़ता। उन्होंने प्रत्येक महीने के दूसरे गुरुवार को सीएन गैस्ट्रो केयर में ओपीडी करने का निर्णय लिया। आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीक आ रही हैं, जिससे मरीजों की जटिलताएं कम होती हैं। आईएमए के सचिव डॉ. विकास मिश्रा और आईएमए चेयरमैन डॉ. एसी अग्रवाल ने कहा कि ऐसी संगोष्ठी से डॉक्टरों को सीखने का भी मौका मिलता है। डॉ.कीर्तिवर्धन सिंह, चेयरपर्सन डॉ.पीयूष त्रिपाठी, डॉ. अभिमन्यु कपूर, डॉ. अविजित कुमार, डॉ. अभिनव सेंगर, डॉ. राम किशोर व डॉ. वैभव गुप्ता रहे।


जानकारी देतीं अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी, साथ में डॉ. मयंक मोहन अग्रवाल, डॉ.आशीष मिश्रा, सचिव डॉ.विकास मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

- आईएमए ने अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से किया सीएमई प्रोग्राम

# ऊसर भूमि में 20 तक करें गेहूं की बुवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की ओर से रविवार को किसानों के लिए जारी एडवाइजरी में ऊसर भूमि में बेहतर गेहूं उत्पादन के लिए भूमि प्रबंधन का बेहतर जरिया बताया गया। मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभागाध्यक्ष डॉ अनिल सचान ने बताया कि प्रदेश में 13.69 लाख हेक्टेयर भूमि लवण तथा क्षार से प्रभावित है इसमें कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, औरैया, उन्नाव, फर्रुखाबाद जिले शामिल हैं। ऊसर भूमि में हमेशा उचित नमी पर ही जुताई करें तथा बड़े-बड़े ढेलों को भुरभुरा कर दें तथा मृदा परीक्षण की संस्तुति के आधार पर 200 किलोग्राम जिप्सम प्रति हेक्टेयर अवश्य प्रयोग करें। मृदा वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने बताया कि ऊसर भूमि में बीज का जमाव कम होता है। इसलिए, संस्तुति मात्रा से सवा गुना ज्यादा अर्थात 115 से 120 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करना चाहिए। बीज का शोधन कार्बेंडाजिम 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से शोधन करने के बाद किसान बुवाई करें। ऊसर भूमि में गेहूं की बुवाई 20 नवंबर तक अवश्य कर दें।

# दानिश के सुसाइड में दरोगा को क्लीन चिट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलबाजार निवासी दानिश की आत्महत्या मामले में एसीपी बाबूपुरवा अंजलि विश्वकर्मा ने जांच की, जिसमें दरोगा माजिद खान को क्लीन चिट मिली है। एसीपी की जांच रिपोर्ट में बताया गया कि न्यायालय से दर्ज मामले में दरोगा दानिश को बयान के लिए बुला रहे थे। दरोगा ने भी अपने बयान में बताया कि दानिश को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। सभी पहलुओं पर जांच में दरोगा पर लगे आरोप निराधार मिले। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि दरोगा ने बयान के लिए बुलाया था, इसलिए उसका कोई दोष नहीं है। दानिश के बहनोई सरताज, उसकी पत्नी समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रेलबाजार के मीरपुर निवासी 30 वर्षीय दानिश खान ट्रेडिंग का काम करता था। शुक्रवार को दानिश माल रोड स्थित शिव नारायण टंडन सेतु गया था। वहां करीब एक घंटे उसने किसी से बात की। उसके बाद ट्रेन आने का समय होने पर वह लाइन पर जाकर लेट गया और उसकी गर्दन ट्रेन से कटकर अलग हो गई। दानिश के परिवार में मां रईसा बेगम, दो भाई लवी, फहीम खान और दो बहनें नाजिया और अंजुम बेगम हैं। बहनों की शादी हो चुकी है। लवी के सऊदी में नौकरी करता है। लवी के अनुसार अंजुम की शादी बेगमपुरवा निवासी सरताज अहमद के साथ की थी। सरताज के साथ दानिश ट्रेडिंग का काम करता था। घरवालों के अनुसार अंजुम ने आरोप लगाया था कि रईसा बेगम और दानिश 20 जुलाई 2024 को उसके घर से चार लाख रुपये और 121.200 ग्राम सोने के जेवर चोरी कर ले गए थे। मांगने पर राशिद ने उसे जान की धमकी दी।

### परिजनों ने नहीं देखा सुसाइड नोट

पुलिस अधिकारियों के अनुसार दानिश का लिखा सुसाइड नोट जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं परिजनों का आरोप है कि सुसाइड नोट उन्हें अभी तक नहीं दिखाया गया है। इस बारे में डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि जांच हो रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके मुताबिक कार्रवाई होगी।



# ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**कानपुर।** सचेंडी के भौती खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार उर्फ पप्पू का 28 वर्षीय बेटा अनूप कुमार शनिवार रात 10.30 बजे गोपाष्टमी पर भौती गौशाला में मेला देखने गया था। लौटते समय रेलवे लाइन गेट नंबर 83 के पास ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर मौत हो गई।

# धर्म की जीत का संदेश दे गया नाटक नमक का दारोगा

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र मंडल खलासी लाइन सभागार में मुंशी प्रेमचंद की कहानी नमक का दारोगा का सफल नाट्य मंचन हुआ। एक ईमानदार निरीक्षक की कहानी में कालाबाजारी के विरुद्ध आवाज उठाते हुए मानव मूल्यों का आदर्श रूप दिखाया गया। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज एवं संगीत नाटक अकादमी चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नाट्य समारोह के तीसरे दिन कलाकारों ने चंद्रशेखर के निर्देशन में नाटक का मंचन किया।

नाटक की शुरुआत सूत्रधार से होती है, जो नमक पर कर के बारे में बताता है कि मौर्य काल, मुगल काल और अंग्रेजों ने भी नमक पर टैक्स लगाया था। अंग्रेजों ने समुद्र के किनारे नमक की खेती पर एकाधिकार कर लिया। इसके लिए उन्होंने नमक विभाग बनाया। नाटक में मुंशी बंसीधर दारोगा की भूमिका में है। उसके पिता की ऊपरी आमदनी की मानसिकता है। वह सोचते हैं कि बिना रिश्वत के घर कैसे चलेगा। नमक विभाग में घूसखोरी के कारण नौकरी के लिए लोग लालायित रहते हैं। बंसीधर नौकरी लगने के बाद सख्ती से काम करता है। इलाके का एक धनी पंडित अलोपीदीन नमक का व्यापारी है। एक रात चोरी छिपे टैक्स बचाने के लिए नमक ले जा रहा था। दारोगा बंसीधर उसे पकड़ लेता है। वह रिश्वत देने की बात करता है लेकिन अलोपीदीन को दारोगा बंसीधर गिरफ्तार कर लेता है। अदालत में केस चलता है। बंसीधर केस हार जाता है। बंसीधर घर आता है तो पिता नाराज होते हैं। वह कहते हैं, "घर आई लक्ष्मी को ठुकराकर आए हो तुम, ठीक नहीं किया तुमने यह। मैंने भी नौकरी की है, जो किया वह दिल खोलकर किया। तुम गंवा आए हो।" बाद में अलोपीदीन खुद बंसीधर के घर आकर उसे नौकरी का प्रस्ताव देते हैं। नाटक में जसवीर कुमार, रिंकु जैन, विनोद, बलविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, दिनेश वाधवा, करमजीत सिंह, बलोचन गिल, चाइनिज गिल, शिवम, अभिमन्यु, और अजय ने अभिनय किया।


नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

- महाराष्ट्र मंडल सभागार में नाट्य मंचन

कार्यक्रम

समाज के युवाओं से सेवा के लिए आगे आने का आह्वान, 17 युवा नए पदाधिकारियों को किया गया नियुक्त

# ब्राह्मण महोत्सव में दी गई एकजुट रहने की सीख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की ओर से रविवार को पनकी में ब्रह्म महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव के दौरान समाज में युवाओं को समाज की सेवाकार्य के लिए आगे आने का आह्वान किया गया। इसके अलावा नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। 17 पदाधिकारियों के नामों का ऐलान हुआ।

मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष हरि त्रिपाठी ने युवाओं से एकता का आह्वान किया। कहा कि ब्राह्मण समाज में युवाओं के सामने कई तरह के संकट खड़े हैं। इन संकटों की वजह से वह चाह कर भी समाज की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पा रहे हैं। इसी तरह प्रांतीय संगठन मंत्री भूपति त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण अपनी बुद्धि, बल और विवेक से किसी भी कार्य को करने में सक्षम हैं। इसके बावजूद एकता का अभाव उन्हें कमजोर कर देता है। इसलिए समाज में एकता का होना बहुत जरूरी है। इसके लिए समाज के युवाओं को ही आगे आना होगा। प्रदेश अध्यक्ष शिवम त्रिपाठी ने युवाओं से संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। इसके लिए समाज के बुजुर्गों से भी मार्ग दिखाने की अपील की। समारोह के दौरान पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी, पूर्व विधायक नेक चंद्र पाण्डेय, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा व भगवान परशुराम सर्व कल्याण सेवा समिति परशुराम वाटिका के महामंत्री शेषनारायण त्रिवेदी ने भी विचार रखे।



अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारी प्रमाण पत्र के साथ। अमृत विचार

### योगेश शुक्ला बने युवा जिलाध्यक्ष

महोत्सव के दौरान नए युवा व महिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इनमें जिलाध्यक्ष युवा योगेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष राहुल बाजपेई, जिला सचिव योगेश अग्निहोत्री, जिला संयोजक प्रज्जवल दुबे, युवा महासचिव जय प्रकाश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्षा मनी तिवारी, जिला सचिव विनीता शुक्ला, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शालिनी द्विवेदी, कोषाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, जिला संयोजक शिक्षा राजेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष अनूप तिवारी सहित 17 पदों पर पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया।


स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी बने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वदेशी जागरण मंच कानपुर महानगर की बैठक प्रांत महिला प्रमुख रश्मि सविता के आवास पर हुई। इसमें दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर स्वदेशी को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। महानगर इकाई का गठन किया गया। दिव्य मिश्रा को महानगर का संयोजक बनाया गया। सह संयोजक की जिम्मेदारी हर्ष सैनी को दी गई। महिला प्रमुख डॉ. भावना श्रीवास्तव, युवा प्रमुख करन सिंह चंदेल को बनाया गया।

मुख्य अतिथि प्रांत संयोजक प्रवीण मिश्र और मुख्य वक्ता प्रांत युवा प्रमुख केशव बाजपेई ने दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन दर्शन के बारे में बताया। उन्होंने नई कार्यकारिणी के प्रमुखों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें वर्ष में स्वदेशी के विषय को नए आयाम स्थापित करने के लिए कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में नये पदाधिकारियों के दायित्वों की घोषणा प्रांत संयोजक प्रवीण मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रांत महिला प्रमुख रश्मि सविता उपस्थित रहीं।

# छत्तीसगढ़ टीम के नाम रहा मैच का तीसरा दिन

**सीके नायडू ट्रॉफी**

- 12 रन पर यूपी के दो विकेट झटके, 237 रनों की बढ़त बनाई अभी 6 विकेट शेष
- मैच ड्रा होने की संभावना, लेकिन यूपी को मिली पहली पारी में 3 रनों की लीड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में तीसरा दिन मेहमान छत्तीसगढ़ टीम के नाम रहा। ग्रीनपार्क में रविवार सुबह के सत्र में यूपी टीम के आखिरी दो विकेट 12 रन पर झटकने के बाद खेल समाप्त होने तक 74 ओवर में 4 विकेट पर 240 रन बनाकर छत्तीसगढ़ टीम ने 237 रन की बढ़त लेकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। यदि चौथे दिन यूपी ने छत्तीसगढ़ टीम को जल्दी नहीं आउट किया तो मैच ड्रा हो सकता है। तीसरे दिन यूपी की टीम ने 255 रन के स्कोर में 12 रन और जोड़कर पहली पारी में 81.4 ओवर में 267 रन पर ऑल आउट हो गई। हालांकि यूपी टीम ने पहली पारी में तीन रन की बढ़त लेकर ड्रा मैच में भी अधिक अंक पाने का हक पा लिया है।



बल्लेबाजी करते छत्तीसगढ़ के बल्लेबाज हर्ष साहू। अमृत विचार

दूसरी पारी में खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 15 रन पर विजय कुमार ने शोभित शर्मा को 12 रन पर बोल्ड कर टीम को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अभिजीत ने आशीष कुमार के साथ मिलकर कुछ बेहतर शॉट लगाए, लेकिन विजय कुमार ने अभिजीत को 9 रन पर दूसरा झटका दिया। उनका कैच आराध्य ने पकड़ा। इसके बाद आशीष का साथ देने आए कीवनूर सिंह ने टीम के स्कोर को 50 रन के पार पहुंचाया। छत्तीसगढ़ का तीसरा विकेट कीवनूर के रूप में 12 रन पर प्रशांवीर ने एलबीडब्ल्यू कर गिराया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज आशीष का साथ देने आए पहली पारी में शतक लगाने वाले हर्ष साहू ने मैदान के चारों कोनों पर शार्ट लगाए। हर्ष ने तेजी से खेलते हुए दूसरी पारी में भी अर्द्धशतक लगाया। हर्ष व आशीष ने मिलकर छत्तीसगढ़ के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। दोनों के बीच 73 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को कुनाल ने आशीष कुमार को 59 रन पर आउट करके तोड़ा। इसके बाद हर्ष व दीपक यादव ने मिलकर खेल खत्म होने तक यूपी के गेंदबाजों को विकेट नहीं लेने दिया। खेल समाप्त होने पर छत्तीसगढ़ की टीम ने 74 ओवर में 4 विकेट पर 240 रन बना लिए हैं। हर्ष साहू 89 और दीपक यादव 48 रन पर नाबाद हैं। यूपी टीम के विजय कुमार ने दो, कुनाल त्यागी और प्रशांतवीर ने 1-1 विकेट दूसरी पारी में लिए।

# सीपी-11 को 9 विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** टीएसएच कप 2024 के सुपर नॉकआउट मुकाबले में रविवार को पालिका स्टेडियम में टीएसएच-11 ने सीपी-11 टीम को 9 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। टीएसएच ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया और सीपी-11 टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। सीपी-11 के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। पूरी पारी 15 ओवर में 97 रन पर सिमट गई। कप्तान पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने ही 33 गेंदों पर 3 चौके लगाकर 31 रनों की पारी खेली। उनके अलावा हसन ने 16 गेंदों पर 21 रन बनाए। टीम का कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाया। टीएसएच-11 के कप्तान व गेंदबाज अमल ने 3 ओवर में 10 रन देकर 6 विकेट झटके। अमल का प्रदर्शन टीएसएच-11 की जीत में कारगर साबित हुआ। शुभम और हर्षित जोशी ने 3-3 ओवर फेंके और 2-2 विकेट झटके। जीत के लिए 98 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी टीएसएच के सलामी बल्लेबाज सनी बी ने 42 गेंदों पर 51 रन बनाए। जिसमें 5 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वैभव राज सेठ ने 28 गेंदों पर 28 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने 13 ओवर में टीम को जीत दिला दी। मैच में बेस्ट बल्लेबाज सनी, बेस्ट फील्डर हर्ष और बेस्ट गेंदबाज अमल गुप्ता रहे। मैन ऑफ द मैच भी अमल को मिला।



विजयी टीम के खिलाड़ी पुरस्कार के साथ अमृत विचार




पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को सम्मानित करते पीयूष अग्रवाल।

## एक नजर

### 20 साल बाद जीती प्रतियोगिता

**कानपुर।** हल्द्वानी में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की 8 से 10 नवंबर तक आयोजित उत्तर क्षेत्र क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में यूपी की टीम ने दिल्ली को 3 विकेट से हराया। इसके साथ ही टीम ने गोवा में होने वाली विभाग की अखिल भारतीय प्रतियोगिता में प्रवेश किया है। यूपी के लिए कानपुर कार्यालय के उज्ज्वल शुक्ला ने सर्वाधिक 55 रन बनाये और मैन ऑफ द मैच रहे। यूपी ने यह प्रतियोगिता 20 साल बाद जीती है। टीम के कप्तान रजनीश दीक्षित और मैनेजर एके शुक्ला क्षेत्रीय आयुक्त द्वितीय हैं। यह जानकारी स्टाफ मनोरंजन क्लब के पूर्व महामंत्री उमेश कुमार शुक्ल ने दी।

### पुलिस अधिकारी बनकर ठगे 3.50 लाख

**कानपुर।** केशवनगर निवासी फूलचंद्र सचान ने बताया कि बीते 14 अगस्त को उनके पास लगातार दो वीडियो कॉल आईं। जिसमें फोन करने वाले मोहित हांडा ने खुद को सीबीआई अधिकारी और राकेश कुमार ने आईपीएस अधिकारी बताकर उन्हें डरा व धमकाकर रुपयों की मांग की। डर के चलते उन्होंने अपने खाते से आरटीजीएस के माध्यम से मोहित हांडा व राकेश कुमार के खातों में 3.50 लाख रुपये ट्रांसफर किए।

# हुसैन ने बुलंद की जियो-जीने दो की आवाज

## हुसैन दिवस समारोह पर परेड ग्राउंड पर जलसे का आयोजन, इमाम हुसैन की कुर्बानी से सीख लेने को कहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हुसैनी फेडरेशन के तत्वावधान में परेड ग्राउंड पर आयोजित हुसैन दिवस समारोह में कुरान-ए- पाक का पाठ किया गया। इमाम हुसैन की कुर्बानी की चर्चा की गई। मौलानाओं ने कहा कि इमाम हुसैन ने जियो और जीने दो की आवाज कर्बला से बुलंद की।

मौलाना सफदर हुसैन ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब के नवासे और हजरत अली के बेटे हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला में यजीद जैसे जालिम और मानवता के दुश्मन को शिकस्त दी। कर्बला की कुर्बानी हमें जालिम के आंखों में आंखें डाल कर जिंदा रहने का सलीका सिखाती है और पूरी दुनिया के इंसानों को इमाम हुसैन के नक्शे कदम पर चलने का सलीका सिखाती है। मौलाना गुलाम रसूल नूरी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने यजीदी फौजों से जंग न करने के लिये 72 घंटे तक कोशिश जारी रखी। जब यजीदी फौजों ने हुसैन खेमों की तरफ तीर चला कर पहल की तब मजबूरन इमाम हुसैन को बचाव के लिये आगे आना पड़ा।




हुसैन दिवस पर आयोजित जलसे को संबोधित करते मौलाना। अमृत विचार

आल इंडिया जमुइयत शवाबुल इस्लाम के सदर मौलाना सै. सलमान हुसैनी नदवी ने कहा कि इस्लामी कलैण्डर 61 हिजरी में मुल्क-ए-शाम के तख्ते सल्तनत पर बैठते ही यजीद ने अपने हाथ में शराब का जाम लेकर ला-इलाहा इल्लल्लाह से इन्कार कर दिया। इसकी बुनियाद दुनिया के पहले आदमी हजरत आदम ने रखी थी। पैगम्बरे इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने जब यह देखा कि ला-इलाहा इल्लल्लाह से इन्कार हो रहा है। अल्लाह के दीन को बरबाद करने की कोशिश की जा रही है। इस्लामी उसूलों को मिटाया जा रहा है तब इमाम ने अपने साथियों के साथ जेहाद करते हुये लाखों यजीदी फौजों को पछाड़ दिया और दीने मोहम्मदी और पैगम्बरों की मेहनत को बचाते हुये अपने साथियों के साथ कुर्बानी पेश कर दी। इस मौके पर मौलाना अली अब्बास खां ने कहा कि केवल हुसैन दिवस मना लेना ही काफी नहीं है।

जरूरत इस बात की है कि हम इमाम हुसैन की अजीम कुर्बानी से सबक हासिल करें। इस अवसर पर मौलाना शाहिद हुसैन मीसम, मौलाना अम्बर आब्दी, शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी, एकेआई इंडिया के अध्यक्ष असद ए इराकी ने जलसे को सम्बोधित किया। इस अवसर पर नायाब बलयावी, तनवीर जौनपुरी, मौलाना अजहर अब्बास, शहर काजी मौलाना हामिद हुसैन, मौलाना अजहर अब्बास नकवी, मौलाना हाफिज शाहिद बाकरी,मौलाना नुसरत आब्दी,मौलाना जीशान अब्बास,मौलाना नसीम अब्बास हसनी, मौलाना अलमदार हुसैन, मौलाना जोहरे कैन, डा. नैय्यर जलालपुरी , हुसैनी फेडरेशन के चेयरमैन हाजी कबीर जैदी आदि मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर भी लगाया गया

- इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी लगाया गया। डॉक्टरों ने लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। इसमें डा. जुल्फिकार अली रिजवी, डा. मो. आमिर, डा. मो. अहमद, डा. डीके. तिवारी, डा. अयाज हैदर रिजवी, नकी हैदर, इजरान जैदी, आफताब सिद्दीकी, मो. साबिर, खुर्शीद अहमद, कामरान खान मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



विजेता खिलाड़ी मेडल व प्रमाण पत्र के साथ। अमृत विचार

### टीएसएच के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**कानपुर।** नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज में रविवार को जिला कराटे चयन चैंपियनशिप 2024 में द स्पोर्ट्स हब के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अल्प आय वर्ग में गोल्ड मेडल रियान अहमद, गोल्ड मेडल अंश यादव व ब्रॉन्ज मेडल आबान अहमद ने हासिल किया। इन खिलाड़ियों का चयन राज्य कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो दिसंबर में लखनऊ में होगी। टीएसएच के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने खिलाड़ियों को आगामी राज्य कराटे प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



कृष्ण भक्त देवकी माता के साथ मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

### शारीरिक आकर्षण के भ्रम से बचाव जरूरी

**कानपुर।** बिठूर स्थित इस्कॉन मंदिर में रविवार को जर्मनी से वरिष्ठ श्रीकृष्ण भक्त देवकी माता पहुंचीं। उन्होंने आधुनिकता की आड़ में शारीरिक आकर्षण के भ्रम से बचते हुए आध्यात्मिकता के मार्ग को अच्छे से अपनाने की शिक्षा दी। उन्होंने वैदिक सभ्यता में महिलाओं के उन्नत स्थान पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आईआईटी व कानपुर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्जन कर रहीं छात्राओं को प्राचीन वैदिक सभ्यता में महिलाओं के गुणों और आदर्श जीवन पर जानकारी दी। आधुनिक समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध व उनसे मुक्ति के लिए वैदिक शास्त्रों की शिक्षाओं को अपनाने की अपील की।



डॉ. प्रवीण कटियार को फेलोशिप प्रदान की गई। अमृत विचार

### डॉ. प्रवीण कटियार को मिली फेलोशिप

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश डायबिटीज एसोसिएशन की वार्षिक कांफ्रेंस में सीएसजेएमयू के चीफ प्रॉक्टर एवं आईएमए कानपुर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रवीण कटियार को फेलोशिप प्रदान की गई है। यह फेलोशिप उन्हें उत्तर प्रदेश डायबिटीज एसोसिएशन की ओर से प्रदान की गई है। यह फेलोशिप गाजियाबाद में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए मंत्री सुनील शर्मा ने उन्हें प्रदान की। डायबिटीज जागरुकता के संबंध में उनके कार्यों तथा यूपीडीए के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है। इससे पूर्व डा प्रवीण कटियार को इंटरनेशनल मेडिकल साइंसेस एकेडमी, इंडियन एकेडमी ऑफ बायोमेडिकल साइंसेस, आईएमए कॉलेज ऑफ जनरल प्रैक्टिशनर एवं इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंसेज द्वारा उनके चिकित्सा सेवा, शोध एवं समाज सेवा में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के लिए फेलोशिप प्रदान की जा चुकी है।



गंगा पूजन करते संत। अमृत विचार

### साधु-संतों ने किया गंगा पूजन

**कानपुर।** ब्रह्मावर्त नवजीवन समिति के तत्वावधान में बिठूर में गोपाष्टमी पर गंगा पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर साधुओं की खासी संख्या रही। वक्ताओं ने गंगा स्वच्छ रखने के साथ ही गो सेवा पर भी बल दिया। इस अवसर पर पनकी हनुमान मंदिर के महंत महामंडलेश्वर जितेंद्र दास, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, अरुण चैतन्य पुरी, भूपेश अवस्थी, उदितानंद महाराज, देव बाबा, शिवदीन द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



परशुराम पार्क में पवित्र फाउंडेशन ने बैठक की। अमृत विचार

# गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों का होगा विसर्जन

- गड्ढे खोदकर मूर्तियों को भू विसर्जित किया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शारदा नगर स्थित परशुराम पार्क में रविवार को पवित्र फाउंडेशन ने गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति का भूमि विसर्जन करने के संबंध में कार्यक्रम किया। शुरुआत रामा विश्वविद्यालय के डीन हरिओम शरण ने दीप प्रज्वलन से की। गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति का भूमि विसर्जन के लिए ई-रिक्शा व लोडर को हरी झंडी दिखाकर किया। पवित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष लव दीक्षित ने बताया कि फाउंडेशन बीते तीन वर्षो से गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों का संग्रह करती है और उसके बाद उनका सम्मानपूर्वक गंगा बैराज पर विसर्जन करती है। इसके अलावा फाउंडेशन वृद्धाश्रम में सेवा, अनाथालय, पशुओं के लिए गर्मियों में पानी की हौद रखवाने, निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा, निशुल्क कानूनी विधिक राय व अन्य सामाजिक कार्य करती है।

इस दौरान रंगनाथ त्रिपाठी, राम गोविंद दीक्षित, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, सुनील बाजपेई , शिशिर मोहन शुक्ला, ब्रह्मा कुमार त्रिपाठी, प्रमोद पांडेय, कैप्टन मार्तंड मिश्रा, आदि लोग रहे।

# धर्म की स्थापना के लिए आते हैं अवतार

**कानपुर।** पृथ्वी पर जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब-तब प्रभु अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। यह बात नौबस्ता आवास विकास में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को कथावाचक चंद्रेश महाराज उर्फ चन्द्रदास ने कही।

उन्होंने श्रीराम के चरित्र और श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन किया। कथा प्रसंग में महाराज ने कहा कि जब प्रभु की कृपा होती है तो प्राणी सभी बंधनों से मुक्त हो जाता है। जैसे ही वह भगवान से दूर होता है, फिर बंधनों में बंध जाता है। जिस प्रकार श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही देवकी व वासुदेव की बेड़ियां और जेल के ताले खुल गए थे। वासुदेव जैसे ही भगवान को मथुरा में छोड़कर लौटे तो फिर से बंधन में बंध गए। प्रभु में विश्वास और भक्ति में दृढ़ता होनी चाहिए।

# प्राइड मार्च और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए



नाचते एलजीबीटीक्यू समुदाय के सदस्य अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एलजीबीटीक्यू यानी लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीर के संगठन कानपुर क्वीर वेलफेयर फाउंडेशन ने रविवार को नानाराव पार्क में स्वाभिमान यात्रा निकाली और सांस्कृतिक कार्यक्रम किये।

उद्घाटन केसीए चेयरमैन संजय कपूर ने किया। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। वाराणसी से आयीं कानपुर क्वीर वेलफेयर फाउंडेशन की संरक्षक सलमा किन्नर ने इस समुदाय की समस्याओं से अवगत कराया। अध्यक्ष अनुज पांडे ने संगठन के बाबत बताया। नानाराव पार्क में एलजीबीटी क्यू समाज के लोगों ने जागरुकता और सामाजिक संरक्षण की मांग का सन्देश दिया। नुक्कड़ नाटक, कत्थक नृत्य, रॉक बैंड जैसे कार्यक्रम हुए।

**समारोह** इन्हें आधुनिक भारत में नेपथ्य में डाल दिया गया, 75 जनजाति नायकों की पुस्तक प्रकाशित कराई गई

# मध्यकालीन भारत के सेनानी हैं आदिवासी, जिन्हें भुला दिया गया

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के दिल्ली प्रान्त के सचिव अजीत कुमार शुक्ला ने कहा कि हम जिन्हें वनवासी या आदिवासी जनजाति कहते हैं, वे दरअसल मध्यकालीन भारत के स्वतंत्रता सेनानी हैं। जिन्हें आधुनिक भारत में नेपथ्य में डालकर भुला दिया गया। वनवासी कल्याण आश्रम ने ऐसे 75 जनजाति नायकों के विषय में जानकारी एकत्र कर जनजाति गौरव नामक पुस्तक प्रकाशित करायी है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विरसा मुंडा की 150वीं जयंती का वर्ष है।




बिरसामुंडा छात्रावास 44वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। अमृत विचार

बिरसा मुंडा वनवासी छात्रावास के समारोह में उन्होंने कहा कि जनजाति समाज ने ऐसे वीरों को जन्म दिया जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। बिरसा मुंडा ने उलगुलान क्रांति की थी। जमींदारों, ठेकेदारों व अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष कर जनजाति वर्ग को उनके अधिकार दिलाये। इसके अलावा नारी रक्षा और समाज की मर्यादा बनाये रखने की दिशा में भी कार्य किया।



छात्र-छात्राओं ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम। अमृत विचार

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्रह्मावर्त सनातन धर्म महामंडल के अध्यक्ष वीरेन्द्र पराक्रमादित्य सिंह ने वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़ी यादें साझा कीं। अतिथि गुलशन कुमार धूपर, मनोज अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किये। इस मौके पर ऐनिल नेमानी अध्यक्ष कानपुर सम्भाग, सुरेंद्र कक्कड़, सलिल नेमानी, राजनारायण तिवारी, राजेन्द्र शुक्ल, श्रीश तिवारी, दिनेज़ह कुमार, शशि तिवारी, अम्बिका दत्त त्रिपाठी, भूपेंद्र कुमार, अजय शंकर वीरेंद्र त्रिपाठी, मधुरिमा शुक्ला, चन्द्र शेखर पुजारी आदि ने विचार व्यक्त किये। संचालन राजनारायण तिवारी ने किया।

# माइनर सिल्ट सफाई में हुआ खेल

## ककवन कस्बा से गुजरी गंगा नहर से टकटौली माइनर का मामला, सफाई के नाम पर की खानापूर्ति

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** नहर विभाग लगातार ऐसे कार्यों में भ्रष्टाचार नहीं रोक पा रहा है जो किसानों और आमजन से जुड़े हुए हैं। नहर के छोटे-छोटे माइनरों में पानी ज्यादा छोड़ देने के साथ-साथ, मछली के अवैध शिकार के बाद अब सिल्ट सफाई का खेल भी शुरू हो गया है।

ककवन कस्बा से गुजरी गंगा नहर से टकटौली माइनर में इन दोनों सिल्ट सफाई का कार्य ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें जगह-जगह पर साफ सफाई की ही नहीं गई है और खानापूर्ति के तौर पर केवल जेसीबी के पिकेट से मिट्टी निकालकर इधर-उधर रखी जा रही है। बता दें कि माइनरों की सही से सफाई नहीं होने से बीच में ही पानी अवरुद्ध होता है, जिससे किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता।


माइनर की आधी-अधूरी की गई सफाई।


माइनर के किनारे पर जेसीबी से रखी गई सिल्ट व घास।

> मामले की जानकारी हुई है, नहर विभाग के अधिकारियों से बातकर पूरा मामला पता करुंगा।
> –राकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी कानपुर

अधिशासी अभियंता मनोज कुमार सिंह को सूचना देने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन तक नहीं उठाया, ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों का विभाग के कामकाजों के प्रति रवैया बेहद चिंताजनक है।

### मिट्टी बेचने का लग चुका है आरोप

बता दें कि टकटौली रजबहे की शुरुआत ककवन हेड से होती है जहां पर गढ़ेवा गांव में सिल्ट सफाई के दौरान ठेकेदार द्वारा जीएस की जमीन से मिट्टी खोदकर बेचने का आरोप भी लग चुका है लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार नहर विभाग के जेई, एसडीओ व अन्य कर्मचारियों ने मामले की जांच करना तो दूर की बात एक बार स्थलीय जांच भी नहीं की। लोगों ने नहर विभाग के अधिकारियों के साथ कानपुर जिला अधिकारी से भी सिल्ट सफाई सही ढंग से कराए जाने की मांग की है।

## आरआर क्रिकेट अकादमी ने घाटमपुर को 40 रन से हराया

**घाटमपुर।** कस्बे में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में आरआर क्रिकेट अकादमी कानपुर ने घाटमपुर को 40 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर कानपुर ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 217 रन बनाएं जिसमें विशाल कटिहार ने 50, धर्मेंद्र ने 45 और अभिनव यादव ने 25 रन बनाएं। घाटमपुर की तरफ से बोलिंग करते हुए साहिल कुरैशी ने चार विकेट, अर्जुन, आरुष सिंह और प्रांशु ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी घाटमपुर की टीम निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 177 रन बना पाई। घाटमपुर की तरफ से बैटिंग करते हुए अर्जुन ने 29, अनमोल ने 27, आरुष ठाकुर ने 23 रन और अर्पित ने 18 रन बनाए। कानपुर की तरफ से बोलिंग करते हुए धर्मेंद्र ने 6 विकेट और दास पाल ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अजीत सचान उर्फ पिंटू द्वारा धर्मेंद्र को दिया।

## भीतरगांव में 148वीं कृष्णलीला 18 से

**घाटमपुर।** क्षेत्र के भीतरगांव कस्बे में 18 नवंबर से 6 दिवसीय कृष्णलीला का मंचन किया जाएगा। बताया जाता है कि यहां करीब 147 वर्ष से कृष्णलीला होती आ रही है। इसबार 148वां आयोजन होगा। लीला के बाद 15 दिवसीय ऐतिहासिक मेले की शुरुआत होगी।

श्री कृष्ण लीला कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार अवस्थी व मंत्री सर्वेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लीला के सभी पात्र कस्बे के ही किशोर होते हैं जिन्हें समिति के सदस्यों द्वारा महीनों पूर्व से ही अभ्यास कराना शुरू कराया जाता है। भव्य लीलास्थल, श्री कृष्ण बलराम के नगर भ्रमण हेतु काठ के सुंदर घोड़े सितारों से जड़ित सखियों की पालकी प्रमुख आकर्षण होते हैं। कृष्ण महोत्सव के दौरान कस्बे का नजारा गोकुलधाम की तरह प्रतीत होता है। इस ऐतिहासिक कृष्ण लीला को देखने के लिए कस्बा सहित आसपास के गांव से प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचकर लीला का आनंद उठाते हैं। रासलीला का 148वां छह दिवसीय मंचन अगहन मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होगा।

## फंदे पर लटका मिला वृद्धा का शव, हत्या का आरोप

- मायके पक्ष के लोग बोले हत्या कर लटकाया

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गड़रानी गांव में रविवार को एक वृद्ध महिला का शव घर के अंदर फांसी पर लटका मिला। जानकारी पाकर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने वृद्धा की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

बिल्हौर थाना क्षेत्र के गड़रानी गांव निवासी हुकुम लाल सेवा निवृत कर्मचारी हैं। उनके कोई अपनी संतान नहीं है। उन्होंने ने अपने भाई के लड़के को अपने गोद ले लिया था। उसकी शादी के बाद दोनों पति पत्नी कानपुर में रहते हैं। जबकि वृद्ध रिटायर होने के बाद पत्नी के साथ गांव में ही रह रहा था। उनकी 71 वर्षीय पत्नी शान्ती देवी का शव रविवार सुबह घर के अंदर कमरे में छत के कुंडे में फंदे से लटका मिला। जानकारी होने पर वृद्ध ने रस्सी काटकर किसी तरह महिला को फांसी से उतारा और शव के अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगा।

### सिर पर गंभीर चोट, रिस रहा था खून

घटना की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने मृतक महिला के सिर से खून निकलता देख वृद्ध महिला की फांसी से मौत न होकर हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। वृद्धा के परिवारजनों के अनुसार वृद्धा के शव को फांसी से उतारते समय शव फर्स पर गिर पड़ा था। इसी कारण सिर में चोट लगने से खून निकलने लगा। वहीं घटना के बाद मायके पक्ष के लोगों के आरोप लगाने के बाद थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि प्रथम दृश्ट्या घटना आत्महत्या की ही है, शव उतारते समय चोट की पुष्टि स्थानीय लोगों के माध्यम से हुई है। आगे पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कार सवार बदमाश लूट ले गए 7 लाख का पान मसाला

**कानपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के सजेती में एसएनके पान मसाला से लदी पिकअप रोक कर कार सवार 7 लाख का माल लूट ले गए। चालक और क्लीनर को अपनी कार में डालकर करीब 3 घंटे तक पीटते रहे। इसके बाद 15 किलो मीटर दूर कंठीपुर गांव के किनारे दोनों को फेंककर भाग निकले। पिकअप मलिक लोकेशन ट्रेस कर पहुंचा तो पारस स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पिकअप खड़ी मिली।

लूट की सूचना पाकर जूही निवासी कंपनी के डायरेक्टर पवन गुप्ता सजेती थाने पहुंचे और तहरीर दी। उन्होंने बताया पिकअप चालक दीपक गुप्ता, क्लीनर अंकित शर्मा माल लादकर हमीरपुर एजेंसी जा रहे थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

## डीएपी की मारामारी पुलिस बुलानी पड़ी

- पुरवामीर साधन सहकारी समिति का मामला

**सरसौल।** महाराजपुर के पुरवामीर साधन सहकारी समिति में डीएपी खाद की किल्लत को लेकर मारामारी मची है। शासन-प्रशासन भले ही उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता के दावे कर रही हो। लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि डीएपी खाद की भारी किल्लत से किसानों को जूझना पड़ रहा है।

किसानों की भीड़ से हालात बेकाबू हो रहे हैं। रविवार को ही ऐसी अजीब स्थित महाराजपुर की साधन सहकारी समिति पुरवामीर में देखने को मिली। रविवार की छुट्टी होने के बावजूद एक ट्रक खाद सुबह 10 बजे पहुंची, वहां स्थितियां बेकाबू हो गईं। मजबूरी में समिति के सचिव को पुलिस बुलानी पड़ी। बाद में इनवाइस नंबर न मिल पाने से खाद भी वितरित नहीं की जा सकी। महाराजपुर के पुरवामीर साधन सहकारी समिति में लगभग 15 दिनों से डीएपी खाद नहीं है। प्रतिदिन किसान खाद की आस में जाते हैं और वापस लौट आते हैं। रविवार सुबह जैसे ही समिति में एक ट्रक लगभग 360 बोरी डीएपी खाद पहुंची तो लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। खाद ट्रक से उतर भी न पाई लोग खाद वितरित करने को लेकर हो-हल्ला काटने लगे। सचिव ने लोगों को समझाया कि अभी पीसीएफ से इनवाइस नंबर नहीं मिला है। जब तक इनवाइस नंबर नहीं मिलेगा तब तक खाद नहीं बंट पाएगी। किसान जबरन खाद दिए जाने का दबाव बनाने लगे। कुछ किसान ट्रक में भी चढ़ गए और बोरियां नीचे गिराने लगे। हालात बेकाबू होते देख समिति में पुलिस बुला ली गई। पुलिस पहुंचते ही लोग खाद दिए जाने की मांग कर लाइन में लग गए। लेकिन इनवाइस नंबर न मिल पाने से खाद नहीं बंट पाई। एडीओ कोऑपरेटिव सरसौल रवि कुमार ने बताया कि पुरवामीर में खाद रविवार को आ गई है। सोमवार से वितरित की जाएगी।

## गंगा में लगाई छलांग, पीएसी जवानों ने बचा ली जान

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार।** घरेलू कलह से तंग आकर महिला ने आत्महत्या करने के इरादे से गंगा में छलांग लगा दी, लेकिन मौके पर मौजूद पीएसी के गोताखोरों ने काफी प्रयास के बाद महिला को बचा लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया।

घटनाक्रम के अनुसार आवास विकास कालोनी हमीरपुर रोड निवासी पुष्पा पाण्डेय 62 पत्नी सुशील कुमार पांडेय घरेलू कलह से तंग आकर आत्महत्या करने के इरादे से महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ड्योढी घाट पर रविवार को आकर छलांग लगा दिया , जब महिला डूबने लगी तो घाट पर मौजूद पीएसी के गोताखोर उसे बचाने के लिए गंगा में कूद गये। काफी प्रयास के बाद पीएसी के गोताखोर आरक्षी सत्याचरण सिंह, शिवम दुबे, अजीत कुमार ने महिला को बचाकर बाहर निकाल लिया। इसके बाद महाराजपुर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के परिजनों को बुला कर सुपुर्द कर दिया ।

## अक्षय नवमी पर आंवले के नीचे किया भोजन

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र में अक्षय नवमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इसके बाद उसके नीचे ही बैठकर भोजन किया।

रविवार को सुबह से महिलाएं पूजा की तैयारी में जुटी रहीं। उन्होंने अक्षय नवमी पर व्रत भी रखा। कार्तिक मास में आने वाली शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन हर साल आंवला नवमी का त्योहार मनाया जाता है। आंवला नवमी को अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी से पूर्णिमा तिथि तक प्रभु नारायण आंवला के पेड़ पर निवास करते हैं।

## घोटाले में अपर नगर आयुक्त पर आरोप पत्र हुआ दाखिल

- मेरठ में 117 एकड़ जमीन जर्मनी की कंपनी के नाम करने का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम कानपुर में हाल में ही तैनाती पाए अपर नगर आयुक्त अमित कुमार भारतीय करोड़ों के जमीन घोटाले में फंस गए। मेरठ में सरधना के एसडीएम रहते हुए उनपर फर्जी तरीके से दाखिल खारिज कराने का आरोप है। कानपुर के मंडलायुक्त अमित गुप्ता को विभागीय जांच दी गई है।

मेरठ में आरटीआई कार्यकर्ता लोकेश खुराना ने कमिश्नर सुरेंद्र सिंह से शिकायत की थी कि 1972 में मोदी रबर कंपनी को सरकार ने 117 एकड़ जमीन लीज पर दी थी। इस जमीन को मोदी रबर ने 2010 में जर्मनी की कंपनी कॉन्टिनेंटल को बेच दिया। लीज की जमीन कॉन्टिनेंटल को बेचने के संबंध में राज्य सरकार को कोई जानकारी नहीं दी। लीज डीड की शर्तों के विपरीत राजस्व अभिलेखों में जमीन का दाखिल खारिज 27 जून 2011 को कर दिया गया। नियम तोड़कर हुए दाखिल खारिज के विरुद्ध एसडीएम सरधना की कोर्ट में शिकायत की गई तो उन्होंने तहसीलदार के आदेशों को अग्रिम आदेशों तक स्थगन कर दिया। 24 फरवरी, 2020 को तत्कालीन एसडीएम सरधना अमित कुमार भारतीय (वर्तमान में कानपुर अपर नगर आयुक्त) ने मोदी कॉन्टिनेंटल से नया आवेदन पत्र लिया। इसके आधार पर राज्य सरकार की अरबों की भूमि को मोदी कॉन्टिनेंटल के नाम अवैधानिक रूप से दर्ज कर दिया। कमिश्नर सुरेंद्र सिंह ने जांच में सारे आरोप सही पाए जाने पर शासन को पूरे मामले की रिपोर्ट भेज दी थी।

कार्यक्रम | प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## शिक्षा व राजनीतिक प्रभाव से होगा प्रजापति समाज का उत्थान

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** हक मांगने से नहीं, छीनने से मिलता है। जब तक राजनीति और शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत पकड़ नहीं होगी, प्रजापति समाज का उत्थान नहीं होगा। समाज के विकास के लिए लोगों को अपनी सोच बदलनी होगी। उक्त बातें रविवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आयोजित प्रतिभा सम्मान व कार्यकर्ता समारोह में मुख्य अतिथि रूप में मौजूद प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह प्रजापति ने अपने संबोधन में कहीं। इस दौरान उन्होंने मेधावी बच्चों को सम्मानित किए जाने के साथ कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

कस्बे के बंदी माता मार्ग स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग पहुंचे। स्वागत आदि कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह ने कहा


कार्यक्रम में मौजूद प्रजापति समाज के लोग। अमृत विचार


प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

- मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कि समाज के उत्थान के लिए वह सड़क पर संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। लेकिन इसके लिए समाज के लोगों को भी कदम आगे बढ़ाने होंगे। कहा कि भारी संख्या में वोट देने वाले समाज के लोगों की केंद्र अथवा प्रदेश सरकार अभी तक कोई हिस्सेदारी न होना दुःखद व सोचनीय है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ राकेश ने समाज के लोगों को उनकी ताकत का एहसास करा आगे बढ़ने की बात कही। इस दौरान हाई स्कूल इंटरमीडिएट के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ से पहुंचे प्रख्यात बांसुरी वादक मुकेश मधुर प्रजापति ने देश भक्ति व फिल्मी गीत के माध्यम से अपनी कला दर्शाई। वहीं औरैया जिले से साइकिल चला कर आये प्रसिद्ध यूट्यूबर हेलमेट बाबा ने लोगों को हेलमेट पहनने के फायदे बताने के साथ समाज के लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसी तरह भोजपुरी गायक सुनील प्रजापति ने भोजपुरी गानों से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव कालूराम प्रजापति, जिलाध्यक्ष विवेक प्रजापति, महासचिव अनिल प्रजापति, जिला संयोजक राज, कथावाचक रुचिका रामायणी, जिलाध्यक्ष महिला सभा अर्चना रावत, जिला संरक्षक राजाराम प्रजापति व महिला मंडल मंत्री रीता प्रजापति आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अकाउंट बेस्ड नहीं आधार से होगा पेंशन भुगतान

**कानपुर।** दिव्यांग व कुष्ठावस्था पेंशन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे दिव्यांगों को अब अपने खाते की एनपीसीआई मैपिंग करानी होगी। अकाउंट बेस्ड नहीं अब आधार के माध्यम से पेंशन का भुगतान होगा। इसलिए एनपीसीआई प्रक्रिया अनिवार्य होगी।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने बताया कि विभाग की ओर से संचालित दिव्यांग व कुष्ठावस्था पेंशन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत मौजूदा द्वितीय त्रेमासिक किस्त का भुगतान एकाउंट के बजाय आधार बेस्ट पर किया जाना है। इस प्रणाली में अनुदान प्राप्त करने के लिए दिव्यांग पेंशनरों को अपने बैंक खाते नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) मैपिंग की प्रकिया पूर्ण करानी जरूरी है।

## सार-संक्षेप


रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### रामलीला में जनक विलाप सुन श्रोता हुए भाव-विभोर

**घाटमपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अशोक नगर दक्षिणी गोपालपुर रोड घाटमपुर में रामलीला का आयोजन किया गया है। रामलीला के में शुरुआती दौर पर प्रभु श्रीराम लखन की आरती की गई। जिसके बाद जनक दरवार, बाणासुर संवाद के बाद जनक विलाप सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। जनक विलाप सुनकर श्रोताओं की आंखों में आंसू आ गए। वहीं धनुष भंग के बाद माता सीता ने प्रभु राम को जयमाला पहनाई। मंगल गीत कलाकारों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए । इसके बाद लक्ष्मण परशुराम संवाद सुनने के लिए श्रोतागण सुबह तक डटे रहे। जिसमें राम की भूमिका में उपेंद्र मिश्रा, लक्ष्मण की भूमिका में रविकांत तिवारी, परशुराम की भूमिका में रामजी शुक्ला आदि कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष भृगुनाथ त्रिपाठी, महामंत्री प्रमोद यादव , उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज यादव, संरक्षक अनिल यादव, टिंकू बाजपेई, अभिनव अवस्थी, शिवकरन सचान, सचिन, अभय उमराव, वीरेंद्र ,सोहेल यादव, सर्वेश सचान, सुनील पाल, विश्वनाथ दुबे,महेंद्र सचान ,नंदकिशोर सचान ,योगेंद्र अवस्थी ,मोनू सैनी, राजेश यादव लक्ष्मीकांत दुबे, रामकिशन ,राजकुमार, बबलू प्रजापति ,ललित यादव, सोम शुक्ला, आदि लोग।


परिजनों के साथ डा. अवनीश कुमार। अमृत विचार

### अवनीश का आईआईटी में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन

**बिठूर।** बिठूर के डॉ. अवनीश कुमार का आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। अवनीश के अथक प्रयासों का ये नतीजा है जिसके चलते यह सफलता मिली है। बीटेक, एमटेक के बाद पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले अवनीश का सपना प्रोफेसर बनने का था जिसके लिए उन्होंने रेलवे में सिलेक्शन होने के बाद भी उसे ज्वाइन नहीं ली। अवनीश अपनी सफलता के पीछे अपने परिवार का सहयोग और साथ बताते हैं उनका कहना है कि परिवार के साथ के बिना ये कामयाबी संभव नहीं थी।

### कार पलटी, 2 लोग घायल

**बिठूर।** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणपुर बिठूर रोड पर स्थित रुद्रा अपार्टमेंट के सामने अपने दोस्त को देखने जा रहे श्रेय सेठ और रमनीश चतुर्वेदी की कार सड़क पर मौजूद गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे कार सवार दोनों युवक घायल हो गए। राहगीरों ने कार सवार दोनों युवकों को बाहर निकलवाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भेज दिया।

### प्रतिभा शुक्ला ने 10 हजार सदस्य जोड़े

**शिवली।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री एवं अकबरपुर-रनियां क्षेत्र की विधायक प्रतिभा शुक्ला ने अपनी रेफरल आईडी से 10 हजार सदस्य बनाकर पार्टी के लक्ष्य को पूरा किया। रविवार को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पार्टी कार्यालय माती में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला और पूर्व मंत्री एवं संगठन चुनाव अधिकारी डॉ. सतीश द्विवेदी को सक्रिय सदस्यता अभियान के नवीनीकरण फार्म सौंपे। जिलाध्यक्ष और संगठन चुनाव अधिकारी ने फार्म भरवाकर सक्रिय सदस्यता के नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी की। लक्ष्य पूरा करने पर उन्हें बधाई दी गई। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना से विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत अपनी सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण करवाकर प्रसन्नता की अनुभूति कर रही हूं। इस दौरान जिला प्रभारी अशोक राजपूत, विधायक पूनम संखवार, पूर्व जिलाध्यक्ष वंशलाल कटियार, श्याम सिंह सिसौदिया, राजेश सचान, रामजी मिश्रा, शिवविलास मिश्रा, श्याम बिहारी पांडेय आदि मौजूद रहे।


मेला स्थल का निरीक्षण करते पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार सिंह। अमृत विचार

### पुलिस उपायुक्त ने गंगामेला कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**बिठूर।** पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना बिठूर क्षेत्र में आगामी गंगा मेला, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले आयोजन के तहत स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को व्यवस्था में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश भी दिए। थाना क्षेत्र बिठूर में आगामी गंगा मेला एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले आयोजनों के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम, सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर, यातायात पुलिस व केस्को, नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ भ्रमण एवं निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल व आस-पास सीसीटीवी, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, सुदृढ यातायात व्यवस्था आदि बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही। कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में बिठूर में गंगा स्नान व मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं।

### अवैध शराब के साथ दबोचा

**बिल्हौर।** कानपुर कमिश्नर के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत थाना ककवन में विजय सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी को 5 लीटर देशी शराब के साथ दबोच लिया। वहीं शिव सिंह पुत्र कृष्णा पलिया बास खेड़ा शामिल है दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि दो अलग-अलग युवक अवैध शराब लेकर जा रहे थे जिनको पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नंदना, वि.ख. राजपुर, कानपुर (दे०)**

पत्रांक: मेमो / निविदा– मनरेगा / ग्रा.पं. / नन्दना/ 2024–25, दिनांक: 11.11.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत नन्दना में मनरेगा/ ICDS) पंचम राज्य वित्त व केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नन्दना में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लघु सिंचाई/लोक निर्माण विभाग/व्यापार कर में पंजीकृत ठेकेदारो/ बिल्डिंग मटेरियल आपूर्ति कर्ताओं से निर्माण कार्य कार्य हेतु अलग– 2 मुहर बन्द निविदायें दिनांक 26–11–2024 तक अपरान्हन 3 बजे ग्राम पंचायत नन्दना में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 4 बजे अपरान्हन अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा की दरे जी0एस0टी कर साहित मान्य होगी। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य स्थल का विवरण | सामग्री आपूर्ति की अवधि | अनुमानित लागत सामग्री का अंश | अधरोह धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत नन्दना में प्राथमिक विद्यालय नन्दना में आगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | प्राथमिक विद्यालय नन्दना | 15 दिन | 1047281.00 | 20946.0 | 500 |

नियम व शर्ते :–
1. निविदा प्रयत्र केवल पंजीकृत फर्म ठेकेदार को ही निर्गत की जायेगी,
2. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र FDR जो सचिव ग्राम पंचायत के पद के नाम बंधक हो जमा करनी होगी।
3. निविदा स्वीकृत किये जाने की दशा में निविदा दाताओ को अनुबंध करते समय निविदा अनुसार स्टाम्प शुल्क देना होगा।
4. निविदा की बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास निहित रहेगा।

**मंजू देवी**
**प्रधान**
ग्राम पंचायत नन्दना,
वि0ख0 –राजपुर, कानपुर (दे0)

**विपिन यादव**
**सचिव**
ग्राम पंचायत– नन्दना,
वि0ख0 –राजपुर, कानपुर (दे0)

# पकड़ी-शिवली रोड का चौड़ीकरण शुरू

## 56.80 करोड़ रुपये से सात मीटर चौड़ी बनेगी रोड, कई जिलों के लोगों का आवागमन होगा आसान

**खास खबर**

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

**अमृत विचार।** पकड़ी-शिवली (किसान नगर) सिंगल रोड को सात मीटर चौड़ा करने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए 56 करोड़ 80 लाख रुपये का बजट जारी कर दिया है। यह सड़क चौड़ी होने से आवागमन में लोगों को बहुत सहूलियत होगी। कानपुर नगर और कानपुर देहात के साथ ही इस नहर रोड से पड़ोसी कन्नौज जनपद तक आने-जाने में खासी सुविधा होगी।

पश्चमी इलाहाबाद शाखा नहर रोड किसान नगर से कानपुर देहात जनपद को जोड़ता है। लोक निर्माण खंड एक के माध्यम से अनूपुर बाराखेड़ा से लेकर औनहा पुलिस चौकी तक करीब 25 किलोमीटर नहर रोड को चौड़ा कर सात मीटर का बनाया जाएगा। अभी यह सिंगल रोड है, जिससे आवागमन में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

किसान नगर तक छह किलोमीटर रोड कानपुर नगर जनपद में आता है और औनहा चौकी के बाद का रोड प्रांतीय खंड में आता है। इस रोड के चौड़ा होने से कानपुर शहर, चकरपुर मंडी, घाटमपुर, हमीरपुर, लखनऊ जाना और आसान हो जाएगा। चौड़ीकरण शुरू होने से लोगों में खुशी है।



किसान नगर शिवली नहर मार्ग के चौड़ीकरण का कम करती जेसीबी। अमृत विचार

### बाईपास का काम करेगा नहर रोड

किसान नगर नहर रोड का चौड़ीकरण हो जाने से किसान नगर से करीब चार किलोमीटर दूर चकरपुर मंडी तक आने जाने में कानपुर नगर, देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा सहित आसपास के व्यापारियों व किसानों को सुविधा हो जाएगी और आवागमन सुलभ हो जाएगा। साथ एनएच 2 से जीटी रोड के लिए नहर रोड बाईपास का काम करेगा।

### डेढ़ दर्जन गांवों को होगा फायदा

क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांव के लोगों का आना जाना बेहद आसान हो जाएगा। बाराखेड़ा, अनूपपुर, चम्पतपुर, प्रतापपुर खास, भाऊपुर, रंजीतपुर, बलुआपुर, ककरमऊ, हरिकिशनपुर, मैथा, ढिकिया, केशरी निवादा, बंथा, नलप्रतापपुर, अरसदपुर, मैथा, बैरी, शिवली गांवों के लोगों को सहूलियत होगी।

### क्या बोले लोग



मैथा नहर रोड के चौड़ीकरण से कई जिलों के लोगों को आने-जाने में बड़ी सहूलियत होगी।

–पवन अग्निहोत्री, समाजसेवी



नहर रोड से कानपुर आना जाना और आसान हो जाएगा।सड़क का चौड़ीकरण काफी पहले हो जाना चाहिए था।

–जेपी पाल, समाजसेवी



चकरपुर मंडी आने-जाने किसानों व आसपास गांव के ग्रामीणों को इससे फायदा मिलेगा।

–लकी सिंह, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, भुजपुरा



मैथा नहर रोड के चौड़ीकरण की काफी समय मांग अब पूरी होगी। इससे लोगों को काफी फायदा होगा।

–रामू यादव, बैरी सवाई

शिवली-पकड़ी किसान नगर शिवली नहर मार्ग अनूपपुर बाराखेड़ा गांव से औनहा चौकी तक 25 .2 किलोमीटर सात मीटर चौड़ा बनाने का काम शुरू है। सितंबर 2025 तक सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

–एके राय, सहायक अभियंता, पीडब्ल्यूडी खंड एक

## युवा उद्यमी स्वरोजगार के लिए करें आवेदन

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना वर्ष 2024-25 में जनपद के इच्छुक युवक/ युवतियों को उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। योजना में पांच लाख रुपये का चार वर्ष के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा।

इसमें लोन लेने की तिथि से छह माह की अधिस्थगन अवधि दी जायेगी। योजना के तहत इच्छुक अभ्यर्थियों से ऋण आवेदन केवल आनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। योजना का लाभ लेने वाले आवेदक को उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए। आवेदक की आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा-8 उत्तीर्ण होनी चाहिए। आवेदक सरकार की ओर से संचालित प्रशिक्षण योजनाओं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण व टूलकिट योजना, अनु.जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उप्र स्किल डेवलपमेंट मिशन के कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित हो।

## सार-संक्षेप



शिवली में गो पूजन करते भक्त। अमृत विचार

### गो पूजन कर मनाया गया गोपाष्टमी महोत्सव

**शिवली।** गोपाष्टमी सप्ताह के उपलक्ष्य में श्री राघव गोवर्धन गौशाला शिवली में भव्य गौभक्ति महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से किया गया। महोत्सव में दूर दूर से आए श्रद्धालु भक्तों ने गौ माता का विधिवत पूजन अर्चन किया। आसपास से आए क्षेत्रीय लोगों ने गौशाला में संरक्षित गौवंश की सेवा को देखकर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गायों का विधिवत पूजन किया गया तत्पश्चात हवन एवं गौशाला में विराजमान श्री गोपेश्वर महादेव का श्रृंगार पूजन किया गया।इसके बाद श्रीधाम बरसाना की कीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन एवं झांकियो की अत्यंत मनमोहक प्रस्तुति दी गई। भक्तों के लिए भंडारे एवं प्रसाद की व्यवस्था भी सुलभता से उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर गौशाला प्रबंधक राघव शुक्ला व अशोक ने बताया की हमारे सनातन धर्म के अनुसार गौमाता ही समस्त देवी देवताओं की आराध्य है। तथा इनकी सेवा करने से समस्त भूमंडल की सेवा हो जाती है। इस शुभ अवसर पर अशोक खुबानी, संतोष खंडेलवाल, मनोज अग्रवाल, धर्म नारायण शुक्ला, कमल खुबानी, डॉ. रामाश्रय साहू, डॉ पंकज सचान, दिनेश चंद्र गुप्ता, चंद सरकार दुबे, संजय पांडे, सीरीज गोयल, केके त्रिवेदी, प्रोफेसर वीके त्रिपाठी उपस्थित रहे।




राजपुर पीएचसी में मरीजों का उपचार करते डॉक्टर। अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेला में 29 मरीजों का इलाज

**राजपुर।** प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक रविवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर क्षेत्रीय लोगो को हर संभव स्वास्थ्य सेवा देने का कार्य कर रही है। रविवार को कस्बा राजपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ मेले का आयोजन किया गया।स्वास्थ मेला में डाक्टरों ने 29 मरीजो का स्वास्थ परीक्षण कर उपचार किया।रविवार को कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे आयोजित आरोग्य मेला मे कुल 29 मरीज आए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर शिवकुमार ने बताया कि सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई है। इस मौके पर डॉक्टर शिव विनायक त्रिपाठी, फार्माशिष्ट भोलेन्द्र सिंह, एलटी प्रतिपालेंद्र व रामसिंह मौजूद रहे।



हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देकर जागरूक करतीं महिला सिपाही।

### मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**संदलपुर।** महिला मिशन शक्ति फेज पांच के तहत महिला कांस्टेबलों ने डेरापुर कस्बा के देवी सहाय इंटर कालेज में नवोदय विद्यालय की परीक्षा में आए बालक बालिकाओं व महिलाओं को टोल फ्री नंबरों व आत्मसुरक्षा के बावत जानकारी दी। रविवार को डेरापुर थानाअध्यक्ष देवेंद्र कुमार के निर्देशन में महिला कांस्टेबल प्रीति व ऊषा ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार बहुत सख्त है। महिलाओं की शिकायत के लिए डेरापुर थाने में महिला हेल्प डेस्क है, जिसमें हर समय महिलाओं की शिकायत सुनने के लिए महिला कांस्टेबल मौजूद रहतीं हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विभिन्न टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। जिसमे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा 24 घंटे निशुल्क सेवा में हैं। इसी के साथ सड़क पर बाइक से घूम रहे संदिग्ध युवकों से पूछताछ की गई।

### घायल बुजुर्ग की अस्पताल में थम गई सांस

**रूरा।** थाना क्षेत्र के भिखनापुर गांव के मजरा कुरियनपुरवा के रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति रिश्तेदारी में जा रहे थे। रास्ते में एक्सीडेंट हो गया। पति की उपचार के बाद मृत्य हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुरियनपुर के रहने वाले रामप्रकाश (58) अपनी पत्नी पानकुमारी के साथ बाइक से 27 अक्टूबर को अपनी रिश्तेदारी बाघपुर जा रहे थे। रनियां-मैथा रोड पर छतेनी मैथा के पास एक तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी शिवली में ले जाया गया था, जहां रामप्रकाश की हालत गंभीर देखते हुए हैलट कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया था। बाद में पहुंचे परिजनों ने उनको निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार देर रात उनकी मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी पानकुमारी, पुत्र सतीश, विवेक का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के भाई बाबूराम की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई रामवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पांच लोगों पर हमले की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अंबरपुर गांव में सिंचाई के लिए जाते हुए किसान पर कुछ लोगो ने हमला बोला दिया जिससे वह मरणासन्न हो गया। पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अंबरपुर गांव के रहने वाले संतोष उर्फ उदयवीर ने पुलिस को बताया कि शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे वह अपने भाई मनोज उर्फ शीलू के साथ खेतो पर सिंचाई के लिए जा रहा था। गांव के श्यामू सिंह, गोलू, लाला, पंकज सिंह, बितनू उर्फ रामू ने कुल्हाड़ी, बरछी, भाला से जानलेवा हमला बोल दिया जिससे मेरे भाई को मुंह, सिर, दोनो पैरों में चोटे आई है। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### विद्यालय के गेट पर तार टूटकर गिरा, बीएलओ बचे

**राजपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के बकसौंधी में प्राथमिक विद्यालय के गेट के ऊपर से निकली विद्युत एलटी लाइन का तार अचानक टूटकर गिर गया। विद्यालय के अंदर मतदाता प्रकाशन सूची के लिए विद्यालय के अंदर जा रहे पदाभिहित व बीएलओ बाल बाल बच गए। और उन्होंने दौड़कर जान बचाई। तार टूटने की जानकारी बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन पर दी गई। जिसके बाद बिजली काटी गई। क्षेत्र के बकसौंधी प्राथमिक विद्यालय में रविवार सुबह मतदाता प्रकाशन सूची के लिए पदाभिहित गुंजन पोरवाल व बीएलओ प्रकाश बाबू जैसे ही विद्यालय के गेट पर पहुंचे। अचानक ऊपर से गुजरी एलटी लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। गनीमत रही की तार दोनो के ऊपर नहीं गिरा। किसी तरह से उन्होंने दौड़कर अपनी जान बचाई। तार टूटने की जानकारी विद्यालय के अध्यापक दीपक कुमार के द्वारा बिजली विभाग के कर्मचारियों को दी गई। यहां कैंप मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए एक आवेदन पत्र आया। जिसको मतदाता सूची में शामिल किया गया। बीएलओ प्रकाश बाबू ने बताया कि विद्यालय के ऊपर से निकली एलटी लाइन के तार जर्जर है जो कि आए दिन टूटते रहते हैं।



प्राथमिक विद्यालय के गेट पर टूटा पड़ा तार।

## एक नजर

### दवा लेने निकली महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** अन्दाया गांव की एक महिला दवा लाने के दौरान लापता हो गई है। पति ने थाने में पत्नी के लापता होने की तहरीर दी है।गुमशुदगी दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के अन्दाया गांव निवासी विमलेश ने बताया कि गुरुवार को उसकी पत्नी सपना रुरा दवा लाने की बात कहकर घर से निकली थी। देर शाम वापस न लौटने पर काफी खोजबीन की, पर पता न चल सका। थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

### 69 विद्यार्थी योग्यता परीक्षा से रहे नदारद

**शिवली।** क्षेत्र के बाघपुर इंटर कॉलेज बाघपुर में रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत छात्र-छात्राएं 200 थे, जबकि 69 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उपस्थित 131 विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रवीशचन्द्र शर्मा, पुष्कल अवस्थी, दुर्गेश कुमार, अमरेश चन्द्र, भूपेंद्र सिंह, आदर्श कुमार, गौरव यादव, एसके सिंह, रामकृष्ण, सुभाष चन्द्र, प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** क्षेत्र के अंबरपुर गांव की रहने वाली महिला सरोजनी कमल ने बताया कि वह शनिवार की सुबह अपने खेतों से काम कर के घर वापस जा रही थी। रास्ते में गांव के रहने वाले मनोज, संतोष, राजेंद्र ने पूर्व में हुए लड़ाई झगडे के कारण रास्ते में रोक कर जाति सूचक गालिया देने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने की। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया की पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

### दरियाव में श्याम जन्मोत्सव बैरी 12 को मनेगा

**शिवली।** क्षेत्र के बैरी दरियाव शोभन स्थित सांवरा श्याम कृपा मंदिर में श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा मंदिर के महंत राजेश त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया की जन्मोत्सव 12 नवंबर दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर हवन, पूजन व भंडारे का भी आयोजन होगा।

## नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजना का पशुपालक उठाएं लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 13 नवंबर तक

**अमृत विचार।** नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के पशुपालकों द्वारा प्रदेश के बाहर से स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों के क्रय को प्रोत्साहित करने के लए मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के अंतर्गत पशु पालक लाभ उठा सकते हैं।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। नन्दबाबा दुग्ध मिशन को मूर्त रूप देने के लिए प्रदेश में दुग्ध उत्पादकता में त्वरित वृद्धि किये जाने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि कर प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाये रखने, प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता में वृद्धि कर राष्ट्रीय औसत दुग्ध उपलब्धता के स्तर पर लाने, स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों की संख्या में वृद्धि करने एवं स्वदेशी गायों के नस्ल सुधार के लिए पशुपालकों को प्रेरित करने और ग्रामीण क्षेत्र के नवयुवकों एवं महिलाओं को पशुपालन के व्यवसाय के लिए प्रोत्साहित करते के लिए अनुदान दिया जाएगा।

वाह्य प्रदेशों से स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों के क्रय पर पशुपालकों को अनुदान व रियायतें देने के लिए नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के सक्रिय क्रियान्वयन के लिए पशुधन विभाग को इस योजना के क्रियान्वयन हेतु जनपदों में चरणबद्ध रूप से लागू होगी। प्रथम चरण में यह योजना 18 मण्डल मुख्यालय के जनपदों में लागू होगी। स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों का क्रय अनिवार्य रूप से प्रदेश के बाहर से ही किया जायेगा, जिसके लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों को वाह्य प्रदेश से क्रय कर लाने हेतु एक अनुमति पत्र चयनित लाभार्थी को निर्गत किया जाएगा, जिससे गायों के परिवहन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि क्रय की जाने वाली स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायें प्रथम अथवा द्वितीय ब्यांत की हो व गाय रोगमुक्त एवं स्वस्थ होनी चाहिए। स्वदेशी उन्नत नस्ल के दुधारु गायों में गिर, साहीवाल, हरियाणा एवं थारपारकर गाये सम्मिलित होंगी तथा क्रय की जाने वाली दुधारू गायों का दैनिक दुग्ध उत्पादन उस प्रजाति के मानक औसत दुग्ध उत्पादन के अनुसार होना चाहिए। इस योजना के तहत एक दुग्ध उत्पादक/पशुपालक अधिकतम दो गायों की एक पशुपालन इकाई स्थापित करने हेतु पात्र होगा। क्रय की गयी समस्त गायों का तीन वर्षो का पशु बीमा एकमुश्त कराया जाना अनिवार्य होगा। साथ ही क्रय किये जाने वाले स्थान राज्य से पशुपालक के द्वारा इकाई स्थापना के स्थान तक गायों को लाये जाने हेतु ट्रांजिट बीमा भी कराया जाना अनिवार्य होगा।

इस योजना के अंतर्गत अनुदान के लिए अनुमन्य घटक के अंतर्गत गाय के क्रय, परिवहन, पशु ट्रांजिट 3 वर्षों के लिए पशु बीमा, चारा काटने की मशीन खरीदने, गायों के रख-रखाव के लिए शेड निर्माण पर व्यय धनराशि सम्मिलित होगी। एक इकाई का तात्पर्य प्रति लाभार्थी स्वदेशी उन्नत नस्ल की दो गायों से है और यूनिट कास्ट लगभग दो लाख रुपये माना गया है। बाह्य प्रदेश से स्वदेशी उन्नत नस्ल की दुधारू गाय के क्रय, परिवहन, ट्रांजिट बीमा, तीन वर्षों के लिए पशु बीमा, चारा काटने की मशीन तथा गायों के रख- रखाव हेतु शेड निर्माण पर व्यय कुल धनराशि का 40 प्रतिशत, अधिकतम अस्सी हजार रुपए अनुमन्य होगा आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी हो।

योजना में 50 प्रतिशत महिला दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों और शेष 50 प्रतिशत में अन्य वर्गों को लाभान्वित किया जाएगा। पशुपालन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होना चाहिए। आवेदन की अंतिम तिथि 13 नवंबर है। यह योजना कानपुर देहात, कन्नौज, फर्रुखाबाद, औरैया और इटावा में लागू है। इस योजना के अंतर्गत चयन पत्र प्राप्ति के बाद लाभार्थी द्वारा 2 माह के भीतर स्वदेशी उन्नत नस्ल की गिर, साहीवाल, हरियाणा अथवा थारपारकर गाय का क्रय किया जायेगा अधिक जानकारी के लिए मुख्य पशुचिकित्साधिकारी कार्यालय विकास भवन माती में संपर्क किया जा सकता है।

## भाजपा के मंडल चुनाव अधिकारी घोषित किए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराने के लिए एक बैठक पार्टी कार्यालय में रविवार को आयोजित की गई। जिला चुनाव अधिकारी एवं पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी ने बैठक में प्रतिभाग किया। महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पण कर संगठन चुनाव कार्यशाला की शुरुआत हुई।

बूथ, मंडल और जिलाध्यक्ष के चुनाव संपन्न कराने के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव के लिए रूपरेखा तैयार की। जिले की चारों विधानसभाओं के लिए 13 नवंबर से लेकर 17 नवंबर तक बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही मंडल अध्यक्षों के चुनाव के लिए मंडल चुनाव अधिकारी की घोषणा की गई।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते चुनाव अधिकारी सतीश चंद्र द्विवेदी। अमृत विचार

पुखरायां से डॉ. सतीश शुक्ल, अमरौधा से संतोष सचान धीरज, गजनेर से विजय मिश्रा, मुक्ता नगर से सूर्यकांत त्रिपाठी, बरौर से योगराज राजपूत, संदलपुर से सौरभ मिश्रा, डेरापुर से रामलाल निषाद, सिठमरा से सूर्य प्रताप सिंह, राजपुर से विद्यासागर त्रिपाठी, सिकंदरा से सत्यम सिंह चौहान, कहिंजरी से मनोज शुक्ला लाला, रसूलाबाद से परवेश कटियार, तिस्ती से रामजी गुप्ता, झींझक से महेश सिंह चौहान, रूरा से केपी सिंह काशीपुर, रनिया से जगजीत सिंह संखवार, मैथा से रामप्रकाश प्रजापति, अकबरपुर से प्रमोद त्रिपाठी मंडल के चुनाव अधिकारी बनाए गए है।

मंडल चुनाव के अधिकारी बूथ एवं मंडल के चुनाव संपन्न कराएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला ने कहा कि आपसी भेदभाव बुलाकर संगठन के चुनाव में एक सूत्र में बात कर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें, ताकि कामयाबी मिले। इस दौरान जिला प्रभारी अशोक राजपूत, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक पूनम संखवार, डॉक्टर सतीश शुक्ला, राजेश सचान, श्याम सिंह सिसोदिया, बंसलाल कटियार, रामजी मिश्रा, फूलसिंह कठेरिया, बृजेंद्र सिंह, रागिनी भदौरिया, रेणुका सचान, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि रहे।

### विपक्षी पार्टियों के चुनाव में लोकतंत्र का महत्व नहीं

**शिवली।** बैठक के बाद कार्यकर्ताओं व पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए डॉ. सतीशचंद्र द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के साथ में चलने वाली पार्टी है, जबकि विपक्षी पार्टियों के संगठन के चुनाव में लोकतंत्र का कोई महत्व नहीं है। व्यक्ति विशेष ही चुनाव निर्धारित करता है।

## ट्रक से टकराया बाइक सवार घायल

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे मानपुर ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ट्राला ट्रक में पीछे से बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार गंभीररूप से घायल हो गया। राहगीरो की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी सिकंदरा लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

बरौर थाना क्षेत्र के थनवापुर का रहने वाला देवेंद्र (22) पुत्र आनंद प्रकाश औरैया में एचडीएफसी बैंक में नौकरी करता है। रविवार सुबह अपने घर से बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए निकला। इसी बीच सिकंदरा थाना क्षेत्र के मानपुर नेशनल हाईवे ओवरब्रिज पर पहुंचा तभी बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक ट्राला के पीछे से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**धर्म-अध्यात्म** अच्युत ब्रह्मधाम अखंड परमधाम नंदनी गौशाला मूसानगर में बह रही भक्ति की बयार

## सच्चे भक्त के घर का साग भी प्रभु को प्रिय

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** ब्रम्हलीन अच्युतानंद शास्त्री जी महाराज के 32वें निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में अच्युत ब्रह्मधाम अखंड परमधाम नंदनी गौशाला मूसानगर में चल रहे सप्त दिवसीय भक्ति योग वेदांत संत सम्मेलन श्रीमद् भागवत कथा एवं शतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को कथा व्यास महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने राजा परीक्षित को श्राप और श्री कृष्ण- विदुर के प्रेम की कथा सुनाई।

कथाव्यास पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवं महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि महाभारत में अभिमन्यु के पुत्र राजा परीक्षित को जब यह मालूम हुआ। कि अगले सात दिन के बाद उसकी मृत्यु तक्षक नाग के डसने से होगी। तब राजा परीक्षित ने इन सात दिनों में सुकदेव जी से श्रीमद् भागवत कथा सुनी थी।



अच्युत ब्रह्मधाम में भागवत कथा सुनातीं साध्वी निरंजन ज्योति।

राजा विदुर व उनकी पत्नी विदुरानी कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट भक्ति व प्रेम की परम भावना थी। जब श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर संधि का संदेश लेकर दुर्योधन से मिलने आए तो उसने स्वागत में सारे नगर को सजाया और शाही छप्पन भोग बनवाए।

उन्होंने कहा कि जब श्रीकृष्ण वहां पहुंचे तो उन्होंने उसे ठुकरा दिया। भक्ति के वश में होकर वह सीधे विदुर के दरवाजे जा पहुंचे। इस मार्मिक कथा को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। उन्होंने कहा कि पन्द्रह नवंबर को सामूहिक विवाह सम्मेलन समारोह होना सुनिश्चित है जिसमें इक्यावन गरीब कन्याओं के विवाह होंगे।मंच पर स्वामी वेदानन्द गिरि जी महाराज, साध्वी निर्मल ज्योति जी, स्वामी कूटस्था नन्द जी, स्वामी प्रेमप्रकाशानन्द जी सहित स्वामी उमेशानन्द , स्वामी महेशानंद, कार्यक्रम व्यवस्थापक राजेंद्र निषाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बकाया रोड टैक्स में एक मुश्त समाधान योजना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- विभाग ने लागू की एकमुश्त समाधान योजना

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 6 नवम्बर से तीन माह की अवधि के लिए परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश में पंजीकृत समस्त प्रकार के परिवहन वाहनों (कामशियल गाड़ियों) के बकाया रोड टैक्स पर लगने वाली पेनाल्टी में निबंधन और शर्तों पर छूट प्रदान की गई है। परिवहन यानों के ऐसे समस्त स्वामी अथवा उनके विधिक वारिस, जिनके मामले विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लम्बित है, इस सुविधा के लाभ से वे यान पात्र नहीं होंगे।

अधिसूचना निर्गत होने के दिनांक को या उसके पश्चात रजिस्ट्रीकृत समस्त प्रकार के परिवहन यान। समस्त प्रकार के अरजिस्ट्रीकृत परिवहन यान, जिन पर अधिसूचना के दिनांक के पूर्व तक बकाया कर संदेय हो एवं लम्बित बकाया जमा न हो। परिवहन यानों के ऐसे समस्त स्वामी व उनके विधिक वारिस, जिनके कर/शास्ति के विरुद्ध अपील/पुनरीक्षण, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) या उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष लम्बित है, उन्हें वाद प्रत्याहृत करने के लिए यथास्थिति सम्बन्धित न्यायालयों/उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र)/उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

# अधिवक्ता, पत्नी व नौकरानी को बंधक बना लाखों लूटे

## मुवक्किल बनकर रविवार सुबह पहुंचे बदमाशों ने दिन दहाड़े वारदात को दिया अंजाम, 1 घंटे तक मचाया तांडव, सभी के मोबाइल भी ले गए


घटना के बाद अधिवक्ता के घर जाते एसपी दीपक भूकर व अन्य। अमृत विचार


गृह स्वामिनी से पूछताछ करते एएसपी व सीओ सिटी। अमृत विचार


वारदात के बाद घर के बाहर मौजूद भीड़ व पुलिसबल। अमृत विचार

**दुस्साहस**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दिनदहाड़े लूट की सूचना पर एसपी, एएसपी व सीओ सिटी ने मौके पर जाकर की जांच
- एसपी ने घटना के खुलासे के लिये एसओजी समेत पांच टीमों को लगाया
- पुलिस चालक व नौकरानी से कर रही है पूछताछ

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत घनी आबादी के बीच मोहल्ला जेर खिड़की में आयकर अधिवक्ता के घर मुवक्किल बनकर पहुंचे 3 बदमाशों ने तमंचे व चाकू की नोंक पर अधिवक्ता, उसकी पत्नी व नौकरानी को बंधक बना लिया। बदमाश जान से मारने की धमकी देकर अधिवक्ता की पत्नी के जेवर व अलमारी से एक लाख नकद सहित तीन से चार लाख के जेवर उठा ले गए। इस दौरान बदमाश तीनों लोगों को करीब एक घंटे तक बंधक बनाए रहे। जाते समय वे घर के मोबाइल फोन भी ले गए। दिनदहाड़े लूट की सूचना पर पुलिस के हाथपांव फूल गए। एसपी, एएसपी व सीओ सिटी ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

सदर कोतवाली क्षेत्र के जेर खिड़की मोहल्ला निवासी सैय्यद कैमूल हसनैन जैदी आयकर विभाग के अधिवक्ता हैं। रविवार सुबह साढ़े आठ बजे उनके घर तीन युवक पहुंचे। डोरबेल सुन नौकरानी आफरीन ने दरवाजा खोला तो युवकों ने खुद को मुवक्किल बताते हुए अधिवक्ता को बुलाने की बात कही। नौकरानी के बताने पर अधिवक्ता ने उन्हें ड्राइंग रूम में बैठाने को कहा। जैसे ही अधिवक्ता पहुंचे तीनों ने उनसे कुछ बात की और अचानक उनकी कनपटी में तमंचा सटाकर दरवाजे बंद कर लिए और नौकरानी व उनकी पत्नी शाहीन को तमंचे व चाकू की नोंक पर बंधक बना लिया। पत्नी के हाथों से सोने की चूड़ियां व चेन उतरवाने के बाद अलमारी का लॉकर खुलवाया और उसमें रखे एक लाख रुपये भी ले लिये। चर्चा है कि अलमारी में 10 लाख के जेवर रखे थे। जो बदमाश उठा ले गए हैं। जाते समय लुटेरे अधिवक्ता व उनकी पत्नी का मोबाइल भी ले गए। करीब एक घंटे तक तीनों लुटेरे घर पर मौजूद रहे लेकिन, किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह करीब 10 बजे मोहल्ले के इमरान ने किसी काम से अधिवक्ता के नंबर पर फोन मिलाया लेकिन काल रिसीव नहीं हुई। इस पर वह मिलने उनके घर पहुंचा तो अंदर का नजारा देख उसके होश उड़ गए। अधिवक्ता ने इमरान के मोबाइल से पीआरवी को सूचना दी। दिनदहाड़े बंधक बनाकर लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह व कोतवाल प्रमोद मिश्रा एसओजी टीम के साथ पहुंचे और जांच कर पीड़ित के बयान दर्ज किए। घर में सीसीटीवी नहीं लगा है। पास में कालीन का काम करने वाले शरीफ के घर में सीसीटीवी लगा होने की जानकारी पर पुलिस ने जांच की तो उसमें तीन युवक नजर आए हैं। जिनमें दो दाढ़ी रखने के साथ सिर पर सफेद टोपी लगाए हैं। पुलिस जांच के लिए डीबीआर भी लाई है। तहरीर में पीड़ित ने नकदी समेत तीन से चार लाख की लूट की बात कही है। फॉरेंसिक टीम के साथ एसओजी को भी लगाया गया है। एसपी ने बताया कि पीड़ित के बयान दर्ज किए गए हैं। चार टीमें लगाई गई हैं। चोरी गए मोबाइलों के साथ कुछ अन्यनंबर भी सर्विलांस पर लगाए गए हैं।

### किसी करीबी के भेदिया होने का शक

**उन्नाव।** लूट की जांच में पूरी घटना के पीछे किसी भेदिया के होने की संभावना है। क्योंकि लुटेरों को यह पता था कि घर पर दंपति व नौकरानी ही हैं। भतीजे के अनुसार, चाचा के बड़े बेटे फराज का निकाह बीती 18 अक्टूबर को हुआ था। जिसका 20 अक्टूबर को रिस्पेशन था। बेटा फराज पत्नी तरबिया के साथ घूमने गया था और लौटकर अपनी ससुराल लखनऊ में था। दूसरा बेटा दिल्ली जामिया विश्वविद्यालय में विधि छात्र है। वह शादी के बाद दिल्ली लौट गया था। सूत्र बताते हैं कि लुटेरों ने बहू के जेवर के बारे में भी अधिवक्ता से पूछा था। घर के पिछले हिस्से में अधिवक्ता के छोटे भाई रहते हैं। लुटेरों ने बीच का दरवाजा बंद कर दिया। जिससे उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। पुलिस नौकरानी व अधिवक्ता के चालक से भी पूछताछ कर रही है।

# 16 नवंबर से बजेगी शुभ विवाहों में शहनाई

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** देवोत्थान एकादशी कल 12 नवंबर को पड़ रही है। इस तिथि से लेकर पूर्णिमा तक पांच दिनों तक तुलसी विवाह पूजा महोत्सव मनाया जाता है। देवोत्थान एकादशी के बाद से ही विवाह, उपनयन, मुंडन आदि के शुभ मुहूर्त शुरू हो जाते हैं। एकादशी से पूर्णिमा तक सिद्ध मुहूर्त रहता है। इसमें किसी प्रकार के मुहुर्त आदि देखने की आवश्यकता नहीं पढ़ती है। कल के बाद मुहर्त का शोधन किया जाता है।


ज्योतिषाचार्य अशोक कुमार मिश्र, उन्नाव।

इस वर्ष 16 नवंबर से 13 मार्च तक शादी के लिए कुल 52 मुहूर्त हैं। ज्योतिषाचार्य अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि इस वर्ष देवोत्थान एकादशी कल 12 नवंबर को पड़ रही है। पौराणिक कथाओं के आधार पर ज्योतिषार्य ने बताया कि भगवान श्री विष्णु आषाढ़ शुक्ल एकादशी को शयन करते हैं। उस दिन उनका शयनोत्सव मनाया जाता है। विवाह इत्यादि मांगलिक कार्य बंद कर दिए जाते हैं। चार माह शयन के बाद देवोत्थान एकादशी के दिन श्री हरि विष्णु जागते हैं। उन्होंने कहा कि देवोत्थान एकादशी पर व्रत और पूजा विधि विधान से करनी चाहिए। प्रबोधिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के पूजन के साथ ही उन्हें जगने के लिए आह्वान किया जाता है। इस दिन महिलाएं तुलसी और शालिग्राम की धूम-धाम से विवाह कराती हैं।

उन्होंने बताया कि देवोत्थान एकादशी के दिन तुलसी के पौधे और शालिग्राम की शादी पूरे धूमधाम से की जाती है। मुहूर्त के बारे में ज्योतिषाचार्य ने बताया 12 नवंबर को दिन में 12 बजकर 26 मिनट के बाद देवोत्थान एकादशी का शुभ मुहूर्त शुरू हो रहा है।

**यह हैं विवाह के लिये शुभ मुहूर्त**

- नवंबर-24 : 16, 17, 22, 23, 24, 25, 26, 28 व 29
- दिसंबर-24 : 2, 3, 4, 9, 10, 11, 14 व 15
- जनवरी-25 : 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 26 व 27
- फरवरी-25 : 1, 3, 6, 7, 8, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 24 व 25
- मार्च-25 : 1, 2, 3, 6, 7, 11, 12 व 13

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**एक नजर**

### मनुष्य को प्रभु पर भरोसा रखना चाहिए : आचार्य

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** ईश्वर अपने भक्तों पर कृपा करते हैं। उन्होंने मनुष्य को सब कुछ दिया। यह कहना गलत है कि मैं पूजा करता हूं, फिर भी प्रभु की कृपा नही होती है। ऐसा नही है, सच्ची भक्ति एवं सद्आचरण से संसार में कुछ भी दुर्लभ नही है। मनुष्य को पहले भक्तिमान बनना चाहिए। यह सदुपदेश कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला सुभाषनगर पश्चिमी में हो रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास अवधेश पाण्डेय ने दिए। उन्होंने कहा कि हम प्राय: कहते हैं कि भागवत कथा, राम कथा हमने सुन डाली फिर आपेक्षित लाभ न मिलने पर धार्मिक ग्रन्थों पर शंका करने लगते हैं। जबकि कथा श्रवण के साथ कथा का मनन, चिंतन व अनुकरण करना चाहिए तभी फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान कथा में यजमान पं. चंद्रप्रकाश पांडेय व राजवती पांडेय, राम प्रकाश पाण्डेय, पूनम मिश्रा, राधिका, शैलजा, संतोला, ममता मिश्रा, विजय गोल्डी पांडेय व संतकुमार शुक्ल आदि श्रद्धालु रहे।

# फिर साथ रहने को तैयार हुए 27 जोड़े

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर जिले के सभी थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्पडेस्क व परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। इसमें परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग कर उनके विवाद खत्म कराये और कुल 27 जोड़ों को बिना विवाद के साथ रहने के वादे के साथ खुशी-खुशी विदा किया गया।

महिला थाना से 8, परिवार परामर्श केंद्र से 7, थाना अचलगंज से 3, बेहटा मुजावर, सोहरामऊ, गंगाघाट से 2-2 व औरास, फतेहपुर चौरासी, हसनगंज से 1-1 जोड़े को विदा किया गया। इस कार्य में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में अबसार अली, डा. सगीर अहमद, शिल्पी श्रीवास्तव, शशि रंजन अग्निहोत्री, एसके पांडेय, रामसनेही यादव, संजय चौरसिया व सहयोगियों में शिवेंद्र, अंकित रघुवंशी, स्वास्तिक मिश्रा व पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र संतोष कुमारी सिंह, एसओ महिला थाना अर्चना, दरोगा शहीम खां, महिला सिपाही पूजा शर्मा, उपासना, पूजा यादव, सोनी मिश्रा, शकुंतला, लक्ष्मी सिंह, अंजली शर्मा, शशि वर्मा, सोनम, अल्का यादव का विशेष योगदान रहा।


परिवार परामर्श केंद्र में जोड़े के साथ खड़े परामर्शदाता। अमृत विचार

- परामर्शदाताओं ने पति -पत्नी की काउंसिलिंग करने के बाद साथ रहने को किया राजी

# जांच में खनन अवैध मिलने पर 2 लाख का लगा जुर्माना

संवाददाता सोहरामऊ (उन्नाव)

- ग्रामीणों ने बिना परमीशन के खनन का लगाया था आरोप

**अमृत विचार।** पुरवा तहसील क्षेत्र के केवनी गांव के खनन मामले में प्रशासन ने संबंधित कंपनी पर कार्रवाई करते हुए दो लाख का जुर्माना लगाया है। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से 15 दिनों के अंदर जुर्माना की राशि अदा करने के आदेश दिए गए हैं।

बीते दिनों पीएनसी द्वारा पोकलैंड मशीन व डंपर लगाकर रात में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। वहीं इसी क्षेत्र के पास से लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे निर्माणाधीन है। जिसे कार्यदायी संस्था पीएनसी बना रही है। बीते दिनों ग्रामीणों ने संस्था के ठेकेदारों व प्रधान पर बिना परमीशन ग्राम समाज की भूमि पर मिट्टी का अवैध खनन करने का आरोप लगा पोकलैंड को पकड़ लिया था। इसके बाद घंटों प्रशासन के साथ मिलकर मिट्टी का अवैध खनन का आरोप लगा ग्रामीणों ने हंगामा किया था। इसके बाद पीएनसी चालक की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान समेत एक दर्जन लोगों पर केस दर्ज किया था। इसके बाद अवैध खनन की सूचना की जानकारी पर क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक द्वारा स्थलीय जांच की जिसमें केवनी गांव में मिट्टी खनन पाया गया। जिसकी जांच आख्या पर खनन निर्माणाधीन लखनऊ-कानुपर एक्सप्रेस-वे में मिट्टी भरान करने वाली कार्यदायी संस्था पीएनसी द्वारा किया गया है। जो शासन की जांच में अवैध खनन की श्रेणी में आता है। जिस पर पीएनसी के प्रतिनिधि को उप खनन अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। साथ ही खनन में ग्रामीणों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित किये जाने के दृष्टिगत अपराध पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है। वहीं, मारपीट किये जाने के संबंध में पीएनसी चालक की तहरीर पर थाना असोहा में तीन नामजद व 10-12 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

### 15 दिनों में जमा करनी होगी जुर्माना की राशि

जिला प्रशासन ने गांव क्योना तहसील पुरवा में अवैध खनन करने पर पीएनसी इंफ्राटेक के खिलाफ 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपजिलाधिकारी पुरवा की रिपोर्ट के अनुसार, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के लिए खोदी गई मिट्टी की खनन अनुमति की वैधता समाप्त हो चुकी थी। इसके बाद भी क्षेत्र में 2025 घन मीटर मिट्टी का अवैध खनन किया गया। पीएनसी इंफ्राटेक के प्रतिनिधि उदित जैन द्वारा इस कृत्य को स्वीकार कर लिया गया है। इस पर जुर्माना लगाते हुए इसकी राशि 15 दिन में जमा करने का आदेश दिया गया है।

**सार-संक्षेप**


आंवला वृक्ष की पूजा करती महिलाएं। अमृत विचार

### अक्षय नवमी : आंवले के पेड़ के नीचे पहुंचे श्रद्धालु

**सफीपुर उन्नाव।** रविवार को अक्षय नवमी पर महिलाओं ने आंवला के वृक्ष का पूजन कर परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वृक्ष की छाया में पकवान बनाकर कन्याओं को भोजन कराया। कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि जो अक्षय नवमी के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन महिलाएं अपने पति व पुत्र के दीर्घायु होने की कामना के साथ अक्षय पुण्य प्राप्ति के निमित आंवला के वृक्ष की पूजा व परिक्रमा कर दान करती हैं। इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा, परिक्रमा व उसकी छाया में भोजन करने से अक्षय पुण्यदायक फल मिलता है। मान्यता है कि आंवला नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त है। इस दिन दान, जप व तप सभी अक्षय होकर मिलते हैं। इस दिन श्री विष्णु और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। पूरे दिन व्रत रखा जाता है। पूजा के बाद इस पेड़ की छाया में बैठकर भोजन ग्रहण किया जाता है। रविवार को पूरे दिन पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। मान्यता है कि इस दिन आंवले की पूजा से मां लक्ष्मी अति प्रसन्न होती है और जीवन में खुशहाली आती है। कस्बे के शंकरी देवी मंदिर समीप व सलीन्द रोड पर बाग सहित विभिन्न स्थानों पर आंवला पेड़ के समीप महिलाएं सुबह से ही एकत्र होकर पूजा अर्चना की। यह क्रम शाम तक चलता रहा।


विजेताओं के साथ मौजूद विद्यालय का स्टाफ। अमृत विचार

### ताइक्वांडों में छात्रों ने जीते स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आरएस पब्लिक स्कूल की ताइक्वांडो टीम ने कानपुर में चल रही ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विभिन्न प्रकार की कैटेगरी में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक चौरसिया ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। कानपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में सर पदमपति सिंहानियां एजूकेशन सेंटर में आयोजित 18वीं इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले बच्चों में आस्था यादव व राज ने स्वर्ण पदक, शालू व अर्णव सिंह ने रजत और अथर्व पटेल ने कांस्य पदक जीता। इस पर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष ने विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर प्रबंधक रिज़वान अहमद व कॉर्डिनेटर आमिर अहमद व स्टाफ ने छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने ताइक्वांडो टीम के कोच पवन व आकांक्षा का भी सम्मान किया।

### उन्नाव के संजीव को महाराष्ट्र में मिली प्रचार की जिम्मेदारी

**बांगरमऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने नगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता और पार्टी के अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव त्रिवेदी एडवोकेट को महाराष्ट्र पहुंच कर विधानसभा चुनाव में जुटने का निर्देश दिया है। संजीव ने बताया कि उन्होंने एक माह पूर्व महाराष्ट्र के पार्टी अध्यक्ष अबू आसिम आजमी से भेंट की थी। तभी उन्होंने महाराष्ट्र के खासकर शहरी क्षेत्रों में रह रहे उत्तर भारत के प्रवासी कामगारों की बहुलता को लेकर उनसे विधानसभा चुनाव में प्रचार हेतु आमंत्रित किया था। बताया कि वह एक दर्जन कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार हेतु जल्द महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे।


महाराष्ट्र के सपा प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी के साथ संजीव त्रिवेदी।

# चलती रोडवेज बस में परिचालक व यात्री में हुई मारपीट

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** उन्नाव डिपो की चलती बस में यात्री व परिचालक में मारपीट हो गई। बस लखनऊ से कानपुर जा रही थी। तभी अमौसी के पास टिकट लेने को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हुई। बस में यात्री बनकर बैठा व्यक्ति भी रोडवेज का स्टाफ बताया जा रहा है।

शनिवार देररात बस लखनऊ ट्रांसपोर्ट नगर पहुंची थी। इस दौरान एक यात्री उन्नाव के लिए बस में बैठ गया। परिचालक ने यात्री से टिकट के पैसे मांगे। इस पर यात्री ने रोडवेज पास होने की बात कही। पास देखने पर पता चला कि वह वर्ष-2022 का है।

इसके बाद यात्री खुद को रोडवेज का स्टाफ बताने लगा। जिस पर मामला बढ़ा तो दोनों में बहस शुरू हो गई। मामला और बढ़ा तो मारपीट होने लगी। इसके बाद परिचालक ने यात्री को पीट दिया और बस से नीचे उतार दिया। बस में मारपीट व हंगामे के चलते बस को 30 मिनट तक रोकना पड़ा। मारपीट का किसी यात्री ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

यात्री खुद को स्टाफ से होने की बात कह रहा था। जिसके कारण विवाद व मारपीट हुई है। हालांकि, ऐसे किसी भी वायरल वीडियो का अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

**बोले जिम्मेदार**

एआरएम गिरीश चंद्र वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। दूसरा व्यक्ति भी रोडवेज का कर्मचारी हैं। लेकिन पास पुराना होने के चलते कहासुनी हुई है। जिसे अमौसी के पास उतार दिया गया था।

**हाल ए यातायात माह** — यातायात माह के दौरान भी वार्दीधारी नहीं कर रहे नियमों का पालन, जिले भर में एक से 30 नवंबर तक चलाया जा रहा है जागरूकता माह

# पुलिसकर्मी ही यातायात माह की उड़ा रहे हैं धज्जियां

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** वैसे तो ट्रैफिक पुलिस द्वारा पूरे साल लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की सीख दी जाती है। लेकिन, नवंबर माह में विशेष रूप से यातायात माह का आयोजन कर आमजन को ट्रैफिक नियमों के पालन का पाठ पढ़ाया जाता है। इसके लिये जागरूकता अभियान के साथ ही रैलियां भी निकाली जा रही हैं। इसमें विभागीय अफसर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को यातायात नियमों के पालन करने के साथ इनकी जानकारी भी दे रहे हैं। लेकिन, उनके विभाग के कर्मचारी ही इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि पुलिस कर्मी बिना हेलमेट के ही दोपहिया वाहन से शहर के हर कोने यहां तक एसपी आफिस तक में आवागमन कर रहे हैं। जैसे उनके लिये नियम कुछ और ही हैं..

इन दिनों जिले भर में यातायात माह का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन, शहर के चौराहों पर खुलेआम ट्रैफिक नियमों की अनदेखी होते देखी जा सकती है। पुलिस कर्मियों के सामने ही ट्रैफिक नियम तार-तार हो रहे हैं। यहां तक यह अनदेखी आमजन के साथ खुद पुलिस कर्मी भी कर रहे हैं। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों का चालान काटने वाले पुलिस कर्मी स्टाफ का रौब दिखाकर सड़कों पर दोपहिया वाहनों से फर्राटा भर रहे हैं। उन्हें न चालान का भय है और न ही हादसे का डर। नियमों का पाठ पढ़ाने वाले खुद ही नियमों की धाज्जिया उड़ा रहे हैं। ऐसे पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो रही। जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। अमृत विचार की टीम द्वारा जब रविवार को शहर के तिराहों व चौराहे की पड़ताल की गई तो चौंकाने वाली स्थिति सामने आई। इस दौरान ज्यादातर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले पुलिस कर्मी ही दिखे। वे शहर के विभिन्न चौराहों से होकर गुजरे इन पुलिस कर्मियों को यातायात व सिविल पुलिस ने रोका नहीं, क्योंकि ये तो स्टाफ हैं। इनका चालान कैसे किया जा सकता है।


एसपी आफिस के सामने पुलिस कर्मियों के सामने से महिला सिपाही को बैठाकर निकलता बिना हेलमेट लगाये स्कूटी सवार युवक। अमृत विचार


बिना हेलमेट लगाये बाइक से पुलिस अधीक्षक आफिस की ओर जाता पुलिस कर्मी। अमृत विचार


सिविल लाइंस में एक स्कूटी पर तीन सवारी बैठकर फर्राटा भरते युवक। अमृत विचार

**बोले जिम्मेदार.**

रविवार को पुलिस लाइन में यातायात माह के तहत आयोजित प्रतियोगिता के दौरान एसपी दीपक भूकर ने कहा कि आमजन खासकर बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। सभी को ट्रैफिक नियमों का पालन करने को भी सख्ती से कहा जा रहा है। जो भी नियमों का उल्लंघन करेगा उस पर कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि नियम सभी के लिये हैं किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।


एसपी दीपक भूकर।

# अगर धर्म सुरक्षित रहेगा तो हम सुरक्षित रहेंगे : देवकी नंदन

## श्रीराम कथा सुनने को हजारों की संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के साकेत धाम स्थित राम लीला मैदान में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन रविवार को कथावाचक शांति दूत देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज ने कथा में बताया कि मानव का अहंकार उसके ईश्वर से दूरी का कारण बनता है। उन्होंने भक्तों को यह सिखाया कि भक्ति में विनम्रता और समर्पण होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर धर्म सुरक्षित रहेगा तो हम सुरक्षित रहेंगे।

उन्होंने देवउठनी एकादशी के महत्व को बताते हुए कथावाचक ने कहा कि इस दिन विष्णु जी चार महीने की योग-निद्रा से जागते हैं और इसे धर्म और सच्चाई के जागरण का पर्व माना जाता है। यह एक ऐसा पवित्र दिन है जब शुभ कार्यों को आरंभ करने का विशेष महत्व है। कथा के दौरान कथा वाचक ने संत तुलसीदास जी की पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा की 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तैसी।

यही भाव भक्ति की गहराई को प्रकट करता है। वहीं कथा वाचक ने यह भी कहा की भक्तों को धर्म, भक्ति और जीवन के गहरे अर्थों को समझाते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिए। जिसके बाद कथा वाचक ने कहा वक्फ बोर्ड है तो सनातन बोर्ड बनकर रहेगा यह बताते हुए कि धर्म के संरक्षण और सनातन धर्म की पहचान को सशक्त करने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। आगामी 16 नवंबर के सनातन धर्म संसद कार्यक्रम में सभी सनातनियों से भाग लेने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सनातनी एकता को दर्शाएगा और देशभर से आए भक्तों को एकत्रित होकर धर्म के प्रति अपनी आस्था और समर्पण प्रदर्शित करने का अवसर देगा।


रामलीला मैदान में कथा सुनाते देवकी नंदन ठाकुर। अमृत विचार


ठाकुर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार


देवकी नंदन ठाकुर का स्वागत करते आयोजक व अन्य। अमृत विचार

## राजा भर्तृहरि लीला का कलाकारों ने किया मंचन

**बांगरमऊ उन्नाव।** श्रीदुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति द्वारा आयोजित कृष्ण लीला महोत्सव के छठवें दिन क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने ठाकुर जी का पूजन-आरती एवं दीप प्रज्ज्वलित कर राजा भर्तृहरि लीला का उद्घाटन किया।

उन्होंने मंच से कृष्ण लीला के भव्य पक्के मंच का निर्माण कराने की घोषणा की। उज्जैन के राजा ने वैराग्य शतक लिखने का निश्चय किया।

लेकिन अपनी रानी पिंगला के प्रेम में इतने मस्त हो गए कि सब भूल गए और इसी तरह उनके 6 जन्म निकल गए। राजा के गुरु भाई गुरु गोरखनाथ ने प्रण किया कि वह राजा को वापस लेकर अवश्य आएंगे। गुरु गोरखनाथ पिंगला के पास आए और भिक्षा में उसके पति को मांग लिया। अंत में कलाकारों ने इस कथा का रहस्य भी उजागर किया। कलाकारों ने इस प्रेरणा प्रद कथा का रहस्य भी उजागर किया।

### देवकी नंदन का चांदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत

- जागरण कार्यक्रम में पहुचे कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर ने माता कल्याणी की आरती उतारकर कार्यक्रम की शुरुवात कराई। वहीं कार्यक्रम आयोजक अनुज पांडेय ने देवकी नंदन महाराज का चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि हम नेता नही, लेकिन अपने अधिकार की रक्षा का ज्ञान है। 16 नवंबर को अधिक से अधिक सनातनी धर्म संसद में सहभागिता निभाए। इससे सनातन बोर्ड का गठन हो।

## दुर्गा है मेरी मां, अम्बे है मेरी मां पर झूमे भक्त

- विशाल जागरण में सारी रात मौजूद रहे भक्त

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** नगर के कल्याणी देवी मंदिर पर शनिवार रात देवी जागरण का आयोजन हुआ। जिसमे पवन शुक्ला जागरण पार्टी के कलाकारों ने माता रानी के भजन गाये और झांकियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पांडेय परिवार के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज ने मां कल्याणी देवी की आरती उतारकर किया। कार्यक्रम में श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए भजनों में झूमते नजर आये। बरेली जिले से आये डीके राजा ने प्रथम मनाते गणपति तुमको, भवर फंसी मईया आके दे दो सहारा से जागरण की शुरुआत की। जिसके बाद प्रयागराज की श्रद्धा ने मेरे घर के आगे मां तेरा मंदिर बन जाए और खिड़की खोलूं तो तेरा दर्शन हो जाये। ढोल मजीरा बाजे मेरी वैष्णो मां के द्वारे आदि भजन गाकर खूब वाहवाही लूटी। फिर कानपुर के सनी सरताज ने गाया जिस घर में मां की ज्योति जले वह घर किस्मत वाला है, लहर-लहर लहराये चुनरिया, दुर्गा है मेरी मां अम्बे है मेरी मां के भजनों पर मग्न होकर भक्त नाचते नजर आए। इस दौरान प्रभारी जिलाधिकारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह सनी, जिला पंचायत सदस्य अशोक चंदेल, कोतवाल प्रमोद मिश्रा, त्रिलोकीनाथ पांडेय, बृजेन्द्र पांडेय, राजन सिंह, ऋषि बाजपेई व अनिरुद्ध आदि रहे। वहीं आयोजक समिति से नीरज पांडे व अनुज पांडेय ने सभी भक्तो का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।


झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

## फीडर 5 की कराई गई मरम्मत

**शुक्लागंज।** शुक्लागंज विद्युत सबस्टेशन से फीडर 5 के माध्यम से विभिन्न मोहल्लों में बिजली आपूर्ति की जाती है, लेकिन पिछले कुछ समय से इस फीडर पर लोड अधिक होने और अन्य फीडरों से जोड़े जाने के कारण आपूर्ति में फाल्ट और व्यवधान की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए अब विभाग ने फीडर 5 को अलग से ग्यारह हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से जोड़ने की योजना बनाई है। फीडर 5 के तहत मरहला चौराहा, आसाम बंगाल, आजाद नगर, आर्य नगर, अली नगर, अंबिका पुरम जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की जाती है। पहले इस फीडर को अन्य फीडरों से जोड़कर सप्लाई दी जा रही थी।


श्याम महोत्सव के दौरान उमड़ी श्याम प्रेमियों की भीड़। अमृत विचार

## श्री श्याम महोत्सव में पूरी रात मौजूद रहे श्याम प्रेमी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शनिवार रात राजधानी मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में श्री श्याम जी नवयुवक मित्र मंडल द्वारा 15वां श्री श्याम शरद महोत्सव एवं रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया।

महोत्सव की शुरुआत शाम 6 बजे मंगला आरती से हुई, जिसके बाद बाबा के कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्याम प्रभु के दिव्य विग्रह का अलौकिक श्रृंगार किया गया और छप्पनभोग, फूलों की होली, निशान उत्सव, विशाल कीर्तन, श्याम रसोई और महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोलकाता से आए भजन गायक रवि बेरीवाल, जयपुर के महेश परमार, गुड़गांव के नरेश सैनी और राजू कुलकर्णी जैसे प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी भक्ति गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव के दौरान एक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 55 यूनिट रक्तदान हुआ। श्याम प्रेमियों ने महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


श्याम बाबा का कराया गया भव्य श्रृंगार।

## डंडिया नाइट्स में जमकर झूमीं महिलायें

**उन्नाव।** शहर के सिया कॉन्टिनेंटल लॉन में इंडियन इवेंट सोल्यूशन्स और ड्रीम इवेंट्स के द्वारा गरबा नाईट का आयोजन किया गया। रियलिटी शो के गायक रितेन्द्र श्रीवास्तव अपने शानदार बैंड के साथ गायिका पिंकी ठाकुर, गायक सुबोध आर्या और मशहूर डीजे निशी ने धार्मिक और गरबा व डांडिया आधारित गीतों पर सबको झूम-झूम कर गरबा करने पर मजबूर किया। अनुराग अनमोल और विनोद के विशेष वाद्य यत्रों की संगत अनूठी रही। अभिनेत्री कनिष्का त्रिवेदी अपनी टीम के साथ गरबा खेला और राइजिंग डांस अकादमी के कलाकारों गोलू प्रतुल की टीम ने राधा कृष्ण के मनमोहक नृत्य और फूलों की होली में सबको आनंदित किया। आयोजक डॉ मनीष सिंह सेंगर, लक्ष्मीकांत, आरती यादव, प्रशांत सिंह राहुल, जितेंद्र दीक्षित जीतू, राहुल कश्यप, नैंसी सिंह व मुख्यअतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, नगरपालिका मुख्य प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा, शेखर दीक्षित, नर नारायण सेवा समिति के संस्थापक विमल द्विवेदी के साथ आरती की गई।

## स्वास्थ्य मेले में 46 मरीजों का किया गया परीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. अल्तमश खान, विमल किशोर, राजीव द्विवेदी ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 46 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। इस मौके पर सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा, अमित कुशवाहा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।


स्वास्थ्य मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

## जनपदीय क्रिकेट टीम उरई रवाना

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन(उरई) द्वारा आयोजित यशोदा नंदन सिरोठिया 19 राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रविवार शाम को जनपदीय टीम उरई रवाना हुई। टीम में नवरतन राजपूत (कप्तान), आयुष जायसवाल, आयुष, मानविक, प्रत्यूष त्रिपाठी, संदीप यादव, बिलाल अहमद, फैजान खान, अभिनव प्रजापति, आकाश राठौर, अनमोल पांडेय, रितेश आदि शामिल है। वही जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी.के मिश्रा ने बताया सोमवार को जिला क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव का मैच क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद से होगा। जिसके लिए टीम की रवानगी पर नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, विकास सिन्हा, शाकिर तथा ओम मिश्रा ने टीम को बधाई दी।

## एक नजर

### आमने-सामने टकराईं बाइकें, दो युवक गंभीर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर हमजा निवासी जुनैद (22) पुत्र जहीद अपनी रिस्तेदारी कस्बा फतेहपुर चौरासी गया था। जहां से देरशाम बाइक से वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव मंगली खेड़ा के पास सामने से आ रहे फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव गोंदरी शिवदीन खेड़ा निवासी सुजीत (30) पुत्र सुरेश की तेज रफ्तार बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### जान से मारने की धमकी देने की दी तहरीर

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव नया खेड़ा के मजरा निवासी गौतम पत्नी कमलेश ने गांव निवासी गुलजार , इदरीश व हनीफ सहित अन्य लोगों पर मारपीट व जातिसूचक शब्दों का करते हुए जान से मारने के धमकी दी है। जिससे परेशान होकर पीड़ित पक्ष में शिकायतीपत्र देकर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

### प्रधान व बीडीसी पर भूमि कब्जाने का आरोप

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव दयाल खेड़ा के मजरा लोधई निवासी उमेश ने रविवार को थाने में शिकायतीपत्र देकर बताया कि गांव में ग्राम समाज की भूमि पर उस युवक का काफी पहले से कब्जा था। उसी जमीन पर जयकरन, राजू, रामकिशोर, रमेश से झगड़ा हो गया था। इसके बाद प्रशासन की दखल से दोनों पक्षों से उक्त जमीन कब्जा मुक्त करा ली गई थी। उसी जमीन पर दोबारा कब्जा मुक्त कराए गए पक्षों को प्रधान व बीडीसी की सह पर गलत तरीके से कब्जा कराया जा रहा है। युवक ने पीआरवी को फोन कर इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्य रुकवा दिया है।

### परिजनों की डांट से नाराज किशोर लापता

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रूरी सादिकपुर निवासी राहुल कुमार ने अपने 16 वर्षीय बेटे मयंक को ट्रैक्टर-ट्राली से धान न उतारने पर डांट दिया था। इससे नाराज़ होकर मयंक बीती 5 नवंबर की सुबह स्कूल जाने की बात कह घर से निकला था। किंतु फिर वापस घर नहीं लौटा और रहस्य मय ढंग से लापता हो गया। परिजनों ने किशोर की नाते-रिश्तेदारों के यहां काफी खोज की। लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल सका है। पिता ने बेहटा मुजावर थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि 3 नवम्बर को कंचन नगर छह खंभा निवासी विवाहिता अंजलि का शव फांसी के फंदे से लटका मिला था। अंजलि के मायके पक्ष ने तहरीर देकर उसके पति सचिन, सास, ससुर, दो देवर और ननद के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में वांछित चल रहे आरोपी पति सचिन को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के कालूखेड़ा बाजार से दो दिन पूर्व चोरी हुई बाइक को पुलिस ने बरामद कर आरोपी को जेल भेजा है। रविवार सुबह दारोगा पंकज कुमार ने असरेंदा मोड़ के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार सुजीत कुमार निवासी पारा मौरावां को पकड़ लिया। पुलिस ने शक के आधार पर पूछताछ की तो सुजीत ने दो दिन पूर्व कालूखेड़ा मेले से बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

## सार-संक्षेप

### श्रीराम की बाल लीला व संस्कारों का किया वर्णन

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** श्री गंगा सेवा समिति और सनातन परिवार के तत्वावधान में आयोजित अमृतमयी राम कथा के छठें दिवस में अयोध्या से आये कथा वाचक सर्वेश जी महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीला और उनके संस्कारों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में उन्होंने श्रीराम के बचपन के सुंदर प्रसंगों को साझा किया, जिसमें उनके अद्वितीय गुण, संस्कार और बाल काल की शरारतें दर्शायी गईं। कथा के दौरान, श्रीराम की नि:स्वार्थ सेवा, सत्य बोलने की आदत और माता-पिता के प्रति श्रद्धा पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बाल काण्ड के प्रसिद्ध दोहे का बड़ा सुंदर वर्णन किया। अंत में प्रसाद वितरण हुआ, और सभी श्रद्धालुओं ने इसका आनंद लिया। वहीं शाम को चित्रकूट के महामंडलेश्वर, पनकी के महामंडलेश्वर कृष्णदास जी महाराज पहुंचे। इस मौके पर नरेश मिश्रा, श्रीकांत पाण्डेय, निर्भय मिश्रा, आशीष बाजपेई, अटल, गौरव पांडे, वैभव पांडे, गुड्डू पांडे, गुड्डू शुक्ला, विद्या प्रकाश मिश्रा, हरीश शुक्ला, अभय सिंह, शेखर मिश्रा, नरेश मिश्रा, केडी त्रिवेदी, आदित्य त्रिपाठी, घनश्याम सिंह, सत्यनारायण द्विवेदी, मयंक पांडे अंशु शुक्ला मौजूद रहे।


कथा सुनाते कथावाचक सर्वेश महाराज व बैठे महामंडलेश्वर। अमृत विचार

### साइबर ठगों से नकदी कराई गई वापस

**उन्नाव।** साइबर सेल ने धोखाधड़ी कर तीन व्यक्तियों के खाते से पार की गई धनराशि में 66 हजार 217 रुपये उनके खाते में वापस कराए। सदर कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला सिविल लाइन क्वेटा तालाब निवासी अमित कुमार मिश्रा के 9 अक्टूबर को साइबर क्राइम थाने में शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनके मोबाइल पर अज्ञात पॉपअप लिंक के माध्यम से क्रेडिट कार्ड से 13,817 रुपये ट्रांसफर कर लिए। साइबर टीम ने उसकी धोखाधड़ी कर उड़ाई गई पूरी राशि रिफंड कराई। अचलगंज थाना के इटौली गांव निवासी मोहित के साथ हुई 59 हजार 212 रुपये की ठगी पर साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए 37हजार रिफंड कराए है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के महारामऊ निबईगैर निवासी आकाश विमल को ठगों ने फर्जी एसएमएस भेजकर उसके खाते से 50,000 ट्रांसफर करा लिए थे। इसमें साइबर सेल ने फ्राड की गई रकम में 15 हजार 400 रूपये पीड़ित के खाते में वापस कराई। शेष धनराशि वापसी के लिए साइबर सेल प्रयास कर रही है।

### नवविवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

**उन्नाव।** हसनगंज कोतवालीक्षेत्र के कुरौली गांव में रविवार देरशाम घर में अकेली नव विवाहिता ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। बाहर से लौटी सास ने दरवाजा बंद देख पड़ोसी की छत से घर में दाखिल हुई तब उसे घटना की जानकारी। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मायके वालों को घटना की जानकारी दी है। हरदोई जिले के थाना तरौली के सरवा गांव निवासी निवासी दुर्गेश सविता ने अपनी बेटी शिवानी (24) की शादी 22 अप्रैल-2024 को हसनगंज कोतवाली के कुरौली गांव निवासी रजनीश से की थी। पति अपने भाई लोका, त्रिलोका के साथ गुजरात में प्राइवेट नौकरी करता है। इस समय वह गुजरात में है। सास मल्हो किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। रविवार देरशाम सात बजे घर लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला तो वह पड़ोसी की छत से अपने घर में दाखिल हुई। जहां शिवानी का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और घटना की जानकारी मायके वालों को दी है। वहीं पत्नी की मौत की सूचना पर पति भी घर के लिए चल दिया है। मोहान चौकी प्रभारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि मौत की सूचना मृतका के मायके में दी गई है।

### यातायात जागरूकता के लिए हुईं प्रतियोगिताएं

**उन्नाव।** पुलिस लाइन परिसर में यातायात नियमों के पालन को लेकर पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। एसपी ने कार्यक्रम में पहुंच कर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए उनसे प्रश्न पूछे। यातायात नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विवेकानंद इंटर कॉलेज के छात्र आयुष्मान, द्वितीय स्थान किंगसन इंटर कॉलेज के छात्र वैभव व तृतीय स्थान चंद्रशेखर इंटर कॉलेज के छात्र आदित्य अवस्थी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पांच कॉलेजों के 9-9 बच्चों ने अलग-अलग प्रतियोगिता में भाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत एसपी दीपक भूकर ने बच्चों से प्रश्नोत्तरी पूछ कर किया जो यातायात पर आधारित थे। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता में कला के माध्यम से उकेरी गयी आकृतियों को जीवन में उतारने की सलाह दी। जिसमें बताया कि चालान करना पुलिस का उद्देश्य नहीं है अपितु सावधानी बरतना है। आप सभी को यातायात नियमों के प्रति सजग रहे यही हमारा ध्येय है। छात्र-छात्राओं द्वारा कला, निबंध प्रतियोगिता यातायात नियमों, जीवन रक्षा व आधुनिक तकनीक से दुर्घटना से कैसे बचा जाए विषयों पर आधारित रही। वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर रोकथाम के का संदेश छात्राओं ने पेंटिंग माध्यम से दिया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी निरीक्षक भवन सिंह मौर्य, दरोगा तिलक सिंह, ई-चालान एडमिन रजत मौजूद रहे।

### पाइप चोरी करने पहुंचे युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**पुरवा उन्नाव।** जल जीवन मिशन के तहत बिछाने के लिए प्राइवेट कंपनी के रखे बेशकीमती पाइपों को दो डीसीएम से मजदूर चुराने आए। चोरों को ग्रामीणों की सूचना पर कर्मचारियों ने मजदूरों सहित पकड़ लिया और डीसीएम समेत पुलिस को सौंप दिया। वहीं जल जीवन मिशन का काम कर रही कंपनी के मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को जेल भेजा है। जल जीवन मिशन के तहत घूरखेत में पानी के पाइप लगा रही कंपनी के मैनेजर अनिल निवासी आंध्र प्रदेश ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि घूरखेत में प्राइमरी स्कूल के पास उसकी कंपनी ने 8 इंची आयरन के 452 पाईप बिछाने हेतु रखे थे। जिसे 9 नवंबर की दोपहर 12 बजे कुछ लोग दो डीसीएम लेकर पहुंचे और पाइप लादने लगे। इसी दौरान ग्रामीणों ने फोन कर बताया कि उसके रखे पाइप कुछ लोग डीसीएम में लाद रहे हैं। इसके बाद वह कंपनी के अन्य कर्मचारियों और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गया। जिससे चोरी कर रहे लोग घबरा गए और उन्हें देखकर भागने लगे। जिस पर निशांत यादव निवासी यशोदा नगर कानपुर के साथ दोनों डीसीएम और मजदूरों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। कोतवाल राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मैनेजर अनिल निवासी आंध्र प्रदेश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं आरोपी निशांत यादव निवासी यशोदा नगर कानपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## 26 आईपीएस, आईएएस, पीसीएस प्रशिक्षु अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर नगर पालिका परिषद में 99वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षकों के लिए रविवार को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 26 आईएएस, पीसीएस, आईपीएस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने कहा कि सभी का अपना- अपना एक सपना होता है। जब वह हासिल किया हो जाता है तो एक अलग ही प्रसन्नता व ताकत हमें मिलती है। आप लोगों को देश की सेवा करने का मौका मिला है। किस क्षेत्र में कौन सी सुविधा है कौन सी नहीं है। क्या आवश्यकता है। क्या चुनौतियां हैं। किस तरह विकास कार्य होते हैं, आप अपने प्रशिक्षण के दौरान सीखेंगे। नगर पालिका जैसे एक छोटे से इकाई में क्या- क्या जिम्मेदारियां होती है। उनसे कैसे निस्तारण किया जाये यह भी बताया। जिसके बाद अधिशासी अधिकारी संजय गौतम ने नगर पालिका परिषद के विकास के तरीकों और उनके अनुसरण सहित समस्याओं के बारे में जानकारी दी। जल प्रबंधन सफाई व्यवस्था स्वच्छता मिशन कूड़ा निस्तारण आदि जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की भी चर्चा की। प्रशिक्षुओं को चेयरमैन व ईओ द्वारा प्रतीक चिह्न व बुके दिये।

अभियान | विशेष अभियान के तहत करीब 65 बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया की गई

## 23 और 24 नवंबर को होगा वोट पुनरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अभियान के तहत गंगाघाट क्षेत्र में शनिवार और रविवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ किया गया।

प्रशासन के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत करीब 65 बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया की गई, जिसमें सुपरवाइजरों की निगरानी में बीएलओ और अन्य पदाधिकारियों ने फार्म जमा किए। इस पुनरीक्षण अभियान में फार्म 6, नाम जोड़ने, फार्म 7 नाम कटवाने, और फार्म 8 संशोधन करने उपलब्ध कराए गए थे। लोग बूथों पर पहुंचे और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार फार्म भरकर आवेदन किए। नगर क्षेत्र के ओपीजेडी, गोपीनाथपुरम स्थित एसवीएम, मंजू कान्वेंट, कर्माबाई स्कूल, द्वारिका मोहनी, पालिका कार्यालय, सीताराम धर्मशाला, गोपीनाथ चंद्रावती, मिश्रा कॉलोनी प्राथमिक स्कूल और एसवीएम गंगानगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों पर भी मतदाताओं ने अपनी जानकारी अपडेट करने के लिए फार्म भरें। 23 और 24 नवम्बर को भी बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया जायेगा। इन दो दिनों में नाम बढ़ाने, काटने, संशोधन के अलावा अन्य आवेदन किये जायेंगे।


मिश्रा कॉलोनी विद्यालय में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य करते बीएलओ।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।

## संपादकीय

# दावे और हकीकत

किसानों की परेशानी समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। खाद के लिए किसानों को मारामारी झेलनी पड़ रही है। अधिकांश राज्य उर्वरक की आवश्यक मात्रा प्राप्त न होने या आवंटित न होने की शिकायत कर रहे हैं। इस कारण किसान अपनी फसल की बिजाई समय पर नहीं कर पा रहे हैं। मामले की गंभीरता को इस बात से समझा सकता है कि सरकार के दावों के विपरीत देश में डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की कमी के चलते कई राज्यों में उर्वरक के लिए कुछ वितरण केंद्रों पर भीड़ को संभालने के लिए पुलिस को तैनात किया जा रहा है। डीएपी भारत में यूरिया के बाद दूसरा सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला उर्वरक है। गौरतलब है कि उर्वरक, पौधों को ज़रूरी पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फ़ॉस्फ़ोरस और पोटेशियम (एनपीके) देते हैं। इन पोषक तत्वों की वजह से पौधे स्वस्थ रूप से बढ़ते हैं। डीएपी में 46 प्रतिशत फॉस्फोरस होता है। किसान इसे बीज के साथ बुवाई के समय डालते हैं। रबी के मौसम के दौरान अनुमानित 60 लाख टन डीएपी का अधिकांश उपभोग अक्टूबर और दिसंबर के मध्य होता है। सरकार की ओर से हर वर्ष दावे किए जाते हैं कि किसानों को डीएपी को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरकार के दावों के विपरीत किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रही है। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं होनी चाहिए। प्रदेश में दो लाख मीट्रिक टन डीएपी और 2.47 लाख मिट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। विभाग की ओर से कहा जा रहा है कि ओडिसा के पारादीप पोर्ट पर पर्याप्त मात्रा में स्टाक उपलब्ध है, लेकिन रेल की अनुपलब्धता के कारण प्रदेश में उर्वरक नहीं पहुंच पा रहा है।

दरअसल समय से उर्वरक के पर्याप्त स्टाक की व्यवस्था की जानी चाहिए। किसानों को विवेकपूर्ण ढंग से यूरिया, डीएपी और म्यूरेट ऑफ़ पोटाश का उपयोग करने से हतोत्साहित किया जाना चाहिए, जिसमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस या पोटेशियम की मात्रा बहुत ज़्यादा होती है और खाद को लगातार इस्तेमाल करने या रखने पर पर्यावरण और इंसानों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। उर्वरक को लेकर, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 जैसे कानून हैं। फिर भी किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को सतर्कता बरतनी होगी ताकि खाद की कालाबाजारी न हो सके।

# संस्कृति को समझना मनुष्य को समझने के समान


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कोई भी भाषा अथवा संस्कृति उन लोगों से भिन्न नहीं हो सकती, जो उस भाषा या संस्कृति को धारण करने वाले हैं। वे लोग जितनी अधिक भाषाओं और उनके बोलने वाले लोगों के संपर्क में आएंगे, विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के उतने ही अधिक भाषा तत्व उनकी अपनी भाषा में अंतर्भुक्त हो जाएंगे।

यदि आदमी अकेला ही होता तो उसे न किसी भाषा की जरूरत होती और न संस्कृति की। अकेले आदमी के लिए अभिव्यक्ति की भी क्या जरूरत होती? अभिव्यक्ति का प्रश्न तो तब आया, जब एक से दो आदमी हुए। दो से चार और फिर हजारों, लाखों, करोड़ों, अरबों। इसीलिए भाषा सामाजिक प्रक्रिया है, समाज का विकास होता है तो उसके साथ ही भाषा और संस्कृति का भी विकास होता है। जैसे -जैसे लोगों का पारस्परिक-संपर्क बढ़ता है, वैसे-वैसे भाषा तत्व और सांस्कृतिक तत्वों का आदान-प्रदान, प्रभाव-प्रतिक्रिया और परस्पर अंतर्भुक्ति भी होती रहती है। इस प्रकार भाषा अथवा संस्कृति की रचना एक दिन, एक महीना, एक वर्ष या एक युग में ही होने वाली परिघटना नहीं है, यह एक निरंतर प्रक्रिया है।

कोई भी भाषा अथवा संस्कृति उन लोगों से भिन्न नहीं हो सकती, जो उस भाषा या संस्कृति को धारण करने वाले हैं। वे लोग जितनी अधिक भाषाओं और उनके बोलने वाले लोगों के संपर्क में आएंगे, विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के उतने ही अधिक भाषा तत्व उनकी अपनी भाषा में अंतर्भुक्त हो जाएंगे। बात यह है कि भाषा का विकास सामाजिक संपर्क से होता है। भाषा का उदय और विकास कैसे हुआ? ऐसा नहीं है कि भाषा पहले से बनी हुई थी या किसी देवता या कोई विचारक अथवा किसी राजा ने बनाकर हमको सिखा दी थी। भाषा किसी एक जाति ने बनाई है, ऐसा भी नहीं है। भाषा का जन्म मनुष्य की पारस्परिकता या आपसदारी से हुआ।

भाषा का उदय और विकास साथ-साथ की भावना से हुआ, सहयोग और सामंजस्य की भावना से हुआ, एक दूसरे के समीप आने की भावना से हुआ, भाषा का उदय और विकास कुछ बताने और कुछ सीखने की भावना से हुआ, भाषा का उदय और विकास कुछ कहने और कुछ सुनने की भावना से हुआ। इस पारस्परिकता को हम दूसरे शब्दों में समष्टि प्रक्रिया अथवा सामाजिक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। अब समझने की बात यह है कि जैसे भाषा का उदय और विकास समष्टि प्रक्रिया से हुआ, किसी एक आदमी या किसी एक वर्ग ने भाषा का विकास नहीं किया, उसी प्रकार संस्कृति का जन्म भी समष्टि प्रक्रिया से हुआ। संस्कृति का उदय और विकास भी मनुष्य की पारस्परिकता या आपसदारी से हुआ।

भाषा का इतिहास उस जाति का इतिहास होता है। इतिहास के मोड़ भाषा को भी दिशा देते हैं। विजेता जाति की भाषा पराजित जाति की भाषा को उसी अनुपात में प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए आप एक गांव की ही बोली का अध्ययन करके वहां के समाजशास्त्र और अर्थव्यवस्था, वहां की संस्कृति को समझ सकते हैं। जैसे भाषा का व्याकरण होता है, वैसे ही संस्कृति के भी कुछ नियम होते हैं। ये नियम असल में जीवन के प्रवाह के ही नियम होते हैं। इसी प्रकार से आदमी से आदमी मिलता है, बिछुड़ता भी है। उनके बीच द्वंद्व होता है, समायोजन भी होता है। प्रभाव पड़ता है, आदान-प्रदान भी होता है। अनुकरण भी होता है। अध्यारोपण भी होता है, अंतर्भुक्ति भी होती है। एक साहित्य दूसरी भाषा में जाता है तब उसे अनुवाद कहा जाता है। जब एक संस्कृति दूसरी संस्कृति में संक्रमण करती है तो उसे अवतार कहते हैं।

भाषा की ही तरह संस्कृति भी किसी एक आदमी या किसी एक वर्ग ने नहीं बनाई। भाषा और संस्कृति की तरह कला, साहित्य, राज्य, न्याय, नीति, अर्थव्यवस्था और मानव संबंध समष्टि की प्रक्रिया से ही जन्म लेते हैं। समष्टि की प्रक्रिया से ही मानव इतिहास बनता है, जिस राजा, विचारक और देवता का उल्लेख किया गया है। वह राजा, विचारक और देवता भी इसी समष्टि प्रक्रिया या मनुष्य की पारस्परिकता की देन है। धर्म भी मनुष्य की इसी पारस्परिकता के गर्भ से ही पैदा हुआ। सच्चाई तो यह है कि धर्म पारस्परिकता का ही रूप है। संसार की सभी संस्कृतियों का जन्म मनुष्य की इसी पारस्परिकता से हुआ। भगवान और देवी-देवताओं का आविष्कार भी समष्टि प्रक्रिया की देन है। मामूली से मामूली आदमी भी इस पारस्परिकता का अंग है। व्यक्ति और उसके परिवार की पारस्परिकता से समुदाय बनता है और समुदायों की पारस्परिकता से समाज बनता है। एक समुदाय की आंतरिक पारस्परिकता होती है, जिससे उस समुदाय की भाषा-संस्कृति, विश्व बोध और मनुष्य संबंधों का विकास होता है। विभिन्न समुदायों के विभिन्न स्तर होते हैं, इसलिए हमें भाषा में भी वे स्तर दिखलाई देते हैं, संस्कृति में भी और मानव संबंधों में भी। संसार की किसी भी भाषा का अध्ययन आप करिए, भाषा को वहां के जीवन और जीवन की निरंतर परंपरा से या जीवन की अविच्छिन्न धारा से अलग करके नहीं समझा जा सकता। भाषा का एक-एक शब्द आपको अपने परिवेश की कहानी सुना सकता है।

एक एक शब्द का अपना भूगोल होता है, अपना सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक परिवेश होता है। उस भाषा में किन-किन संस्कृतियों की अंतर्भुक्ति हुई है, क्यों उसमें अन्य संस्कृतियों से आगत शब्द हैं? आदमी है तो उसके पास उसकी भाषा भी है, जो उस आदमी की जिंदगी में समाई हुई है, आदमी चलता है तो उसके साथ उसकी भाषा चलती है, दो आदमी मिलते हैं तो दो भाषाएं भी मिल जाती हैं, एक आदमी शक्तिशाली है, दूसरे को प्रभावित कर सकता है तो उसकी भाषा भी दूसरे आदमी को प्रभावित करेगी ही। इसी प्रकार से एक जाति दूसरी जाति से मिलती है तो उनकी भाषाएं भी मिल जाएंगी, जो जाति जितनी उन्नत होगी, उसकी शब्दावली भी उतनी ही विस्तृत होगी। उन्नत भाषा के शब्द अन्य भाषाओं में समा जाएंगे। इसलिए भाषा को उन्नत करने का सवाल उस जाति को उन्नत करने से जुड़ा हुआ है, जिस मानव जाति के ज्ञान में विज्ञान में नए-नए पुरुषार्थ होंगे तो उसके पास भाषा का भी उतना ही बड़ा पुरुषार्थ होगा।

भाषा का इतिहास उस जाति का इतिहास होता है। इतिहास के मोड़ भाषा को भी दिशा देते हैं। विजेता जाति की भाषा पराजित जाति की भाषा को उसी अनुपात में प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए आप एक गांव की ही बोली का अध्ययन करके वहां के समाजशास्त्र और अर्थव्यवस्था, वहां की संस्कृति को समझ सकते हैं। जैसे भाषा का व्याकरण होता है, वैसे ही संस्कृति के भी कुछ नियम होते हैं। ये नियम असल में जीवन के प्रवाह के ही नियम होते हैं। इसी प्रकार से आदमी से आदमी मिलता है, बिछुड़ता भी है। उनके बीच द्वंद्व होता है, समायोजन भी होता है। प्रभाव पड़ता है, आदान-प्रदान भी होता है। अनुकरण भी होता है। अध्यारोपण भी होता है, अंतर्भुक्ति भी होती है। एक साहित्य दूसरी भाषा में जाता है तब उसे अनुवाद कहा जाता है। जब एक संस्कृति दूसरी संस्कृति में संक्रमण करती है तो उसे अवतार कहते हैं।

सब मिलाकर इन नियमों को हम सांस्कृतिक प्रक्रिया कहते हैं। संस्कृति लोक जीवन में व्याप्त है, वह किसी किताब में तो रह नहीं सकती। जीवन के साथ बदलाव साथ-साथ ही चलते हैं, इसलिए किताब ठहर जाती है, जीवन और संस्कृति आगे चले जाते हैं। संस्कृति को समझना मनुष्य को समझने के समान है। संस्कृति मनुष्य जीवन की ही संपदा है। पशुओं की संस्कृति नहीं होती। मनुष्य ही है, जो विराट प्रकृति के आंगन में सभ्यता के रूप में अपना भौतिक परिवेश और प्रणाली रचता है। मनुष्य ही संस्कृति के रूप में मनोवैज्ञानिक प्रणाली और परिवेश की रचना करता है। जैसे भाषा विज्ञान एक स्वायत्त अनुशासन है, उसी प्रकार से संस्कृति शास्त्र भी एक गंभीर और व्यापक अनुशासन है।

## प्रसंगवश

# वक्फ संशोधन बिल पर मतभेद


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

केंद्र सरकार ने पिछले दिनों वक्फ संशोधन विधेयक संसद में पेश किया था, जिस पर इंडी गठबंधन ने प्रबल विरोध किया और मुस्लिम समुदाय में भी रोष था। परिणामतः संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक समुदाय मंत्री किरन रिजिजू द्वारा पेश इस बिल को संयुक्त संसदीय समिति को जांच और रिपोर्ट हेतु सौंपा गया था। इसके अध्यक्ष जगदम्बिका पाल हैं।

बिल पर बैठकें होती रहीं और ओवैसी, कल्याण बनर्जी आदि विपक्षी सदस्यों ने स्पीकर से मिलकर समिति के अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया है। संभव है कि ये लोग समिति से अलग भी हो जाए या बहिष्कार करें। अब 25 नवंबर से प्रारंभ होने जा रहे संसद के शीतकालीन सत्र में समिति अपनी रिपोर्ट सदन पेश करेगी तथा भाजपा इसे पारित कराने का प्रयास करेगी। जैसा कि सर्वविदित है कि लोकसभा में भाजपा का अपना बहुमत नहीं है और वह मुख्यतया चंद्रबाबू नाइडू की तेलगूदेशम पार्टी और नीतीशकुमार की जद(यू) पर अवलंबित है। ये दल कथित सेकुलर हैं और अंतर्मन से यह विधेयक पारित नहीं कराना चाहेंगे। नीतीश भाजपा के एक 'मजबूर' समर्थक हैं। लालू से उनका मोह भंग हो चुका है, क्योंकि वे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। हालांकि नाइडू के साथ ऐसा नहीं है। वे इस बिल के विरोध में हैं और माना जा रहा है कि बिल संयुक्त संसदीय समिति को उनके कहने से ही भेजा गया था। अभी-अभी उनकी पार्टी के आंध्रप्रदेश उपाध्यक्ष नवाब जान उर्फ अमीर बाबू ने कहा भी है कि नाइडू इस विधेयक के विरुद्ध हैं। वे अभी संपन्न हुए जमीयत-उल-माए-हिंद के दिल्ली सम्मेलन में गए भी थे तथा बिल के विरुद्ध बोले भी, उन्होंने कहा कि उनके नेता चंद्रबाबू नाइडू इस पर एक व्यापक सर्वे चाहते हैं तथा मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को साझा करते हैं।

जमीयत प्रमुख ने सम्मेलन में कहा कि उनके फोन पर नाइडू ने उपस्थित न होने के लिए माफी मांगी और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष को भेजा है, जो हमारे साथ मंच पर है। ऐसे में राजग में इस बिल पर स्पष्ट फूट के चलते इसके पास होने में ग्रहण दर्शित हो रहा है। अब देखना है शीत सत्र में क्या होता है, जिसमें यह और समान नागरिक संहिता पर चर्चा और पारित कराने के प्रयास संभाव्य है।

# महिलाओं के लिए खतरा बनी साइबर की दुनिया


प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

सरकारों को एआई नैतिकता बोर्ड और रूपरेखाएं स्थापित करनी चाहिए, जो नैतिक एआई विकास को अनिवार्य बनाती हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उत्पन्न सामग्री के उदय ने डिजिटल स्पेस में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को और बढ़ा दिया है, जिससे ऑनलाइन उत्पीड़न और गोपनीयता उल्लंघन के नए रूप सामने आए हैं। इसने टेक कंपनियों और सरकारों दोनों को तत्काल कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई है।

आज जब साइबर क्षेत्र में महिलाओं के लिए खतरे कई गुना बढ़ गए हैं तो ऐसा कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है, जहां वह छुप सकें और न ही कोई कड़ी सुरक्षा वाला इलाका है, जहां बैठकर वह अपने सम्मान पर डाका डालने वाले साइबर खतरों के खत्म होने का इंतजार कर सकें। एक वैश्विक सर्वे में पता चला है कि 60 प्रतिशत लड़कियों और महिलाओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उत्पीड़न का सामना किया है और इनमें से लगभग 20 प्रतिशत ने इसके चलते या तो सोशल मीडिया को अलविदा कह दिया या फिर उसका इस्तेमाल कम कर दिया। इसी तरह यूएन विमेन ने पाया है कि दुनियाभर में 58 प्रतिशत महिलाएं और लड़कियों को किसी न किसी तरह के ऑनलाइन शोषण का शिकार होना पड़ा है। इनमें ट्रोलिंग, पीछा करने, डॉक्सिंग और लैंगिकता पर आधारित दूसरे तरह के ऑनलाइन हिंसक बर्ताव हैं, जो डिजिटिल युग के नए खतरों के तौर पर उभर रहे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग डीपफेक वीडियो और चित्र बनाने के लिए किया जा रहा है, जो महिलाओं को मनगढ़ंत सामग्री के साथ लक्षित करते हैं, जो अक्सर प्रकृति में यौन या मानहानिकारक होती है। यूएस की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति पद के लिए अपने अभियान के दौरान झूठे और हानिकारक संदर्भों में उन्हें चित्रित करने वाले डीपफेक का सामना करना पड़ा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल महिलाओं के चरित्र और विश्वसनीयता को कम करने के लिए डिजाइन की गई झूठी कथाएं या स्त्री-द्वेषी सामग्री फैलाते हैं, विशेष रूप से नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं को लक्षित करते हैं। रिपब्लिकन प्राइमरी के दौरान निक्की हेली हेर-फेर की गई छवियों और फर्जी खबरों का शिकार हुईं।

महिलाओं को ऑनलाइन वस्तुकरण और यौन रूप से स्पष्ट सामग्री का असंगत स्तर का सामना करना पड़ता है, जो वास्तविक नकली सामग्री बनाने की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता द्वारा बढ़ाया जाता है। इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई स्पष्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुईं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई डीपफेक और बदली हुई तस्वीरें महिलाओं की निजता का उल्लंघन करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर प्रतिष्ठा को काफी नुकसान होता है और मानसिक परेशानी होती है।

बांग्लादेशी राजनेता रूमिन फरहाना को चुनावों से पहले डीपफेक सामग्री के साथ निशाना बनाया गया था। कंपनियों को त्रुटियों को रोकने के लिए मानवीय निगरानी के साथ, हानिकारक सामग्री को व्यापक रूप से प्रसारित होने से पहले सक्रिय रूप से चिह्नित करने और हटाने के लिए उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिटेक्शन सिस्टम में निवेश करना चाहिए। मेटा (फेसबुक) ने हाल ही में डीपफेक से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल की घोषणा की, लेकिन उनका कार्यान्वयन असंगत बना हुआ है। प्लेटफॉर्म को स्पष्ट जवाबदेही उपाय प्रदान करने चाहिए और रिपोर्ट करनी चाहिए कि वे अपनी मॉडरेशन नीतियों के पारदर्शी ऑडिट के साथ फ्लैग की गई सामग्री को कैसे संभालते हैं। गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिद्धांत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डालते हैं, लेकिन अधिक कार्यान्वयन की आवश्यकता है।

सरकारों को डेटा सुरक्षा कानूनों को लागू करना चाहिए और डीपफेक विशिष्ट कानूनों सहित एआई जनरेटेड सामग्री के दुरुपयोग को संबोधित करने के लिए विशिष्ट कानूनी प्रावधान बनाने चाहिए। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 सामग्री मॉडरेशन के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है, लेकिन इसमें कड़े एआई विशिष्ट नियमों का अभाव है। सरकारों को एआई नैतिकता बोर्ड और रूपरेखाएं स्थापित करनी चाहिए, जो नैतिक एआई विकास को अनिवार्य बनाती हैं, लिंग आधारित भेदभाव को रोकने पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

भारत का राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल एआई-जनरेटेड कंटेंट से जुड़े साइबर अपराधों की आसान रिपोर्टिंग की सुविधा देता है। निर्धारित समय सीमा के भीतर हानिकारक कंटेंट को हटाने में विफल रहने पर तकनीकी कंपनियों को मौद्रिक दंड के माध्यम से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# आचरण में झलकें विचार


कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

मनुष्य के जीवन की यही खूबसूरती होती है कि वह देवता की तरह न बने। गलतियां करना उसके मनुष्य होने की गारंटी है। लज्जास्पद, अपमानजनक और अप्रिय दुर्घटनाओं का उसे अनुभव हुआ ही न हो तो वह दुनिया के बड़े लेखक से परिचित ही नहीं है। आपने तोल्स्तोय का पुनरुत्थान पढ़ा होगा, उसमें मारिया कितनी बार गिरती है? गिरना महत्वपूर्ण नहीं है, महत्वपूर्ण है गिरने के बाद खड़ा होना।

मारिया बार-बार गिरती है और खड़े होने की कोशिश करती है। अन्ना कारेलिना में तो लेविन मरते समय कहता है कि जीवन के कुछ पल अब भी शेष हैं। इन पलों को इस नए अहसास के साथ मुझे जिंदगी को निचोड़ लेने दो। आप यूरोपीय रचनाकारों की आत्मकथाएं, जीवनियां जरूर पढ़िए। आप घनानंद और राजस्थान के अमर कवि बांकीदास की जीवनी को ही जानिए। मगर जानिए जरूर! इसलिए कि आप लेखक बनकर भी अंदर के रूढ़ संस्कारों से अभी मुक्त नहीं हो पाए हैं। आज भी हिन्दी के लेखक प्रेम, यौन और स्त्री-पुरुष संबंध को लेकर स्वस्थ और निष्कलुष मन से बात नहीं कर सकते। वे क्या बोलते हैं, इस पर आप ध्यान कम दीजिए, जो नहीं बोलकर उनकी संपूर्ण अभिव्यक्ति में उनसे झलकती है, उस पर गौर कीजिए। असलियत का अंदाज हो जाएगा। हिन्दी में लेखकों के लिए आधुनिकता विचार तक सर्वस्वीकार है, मगर आचरित नहीं होती है। इसका अहसास तक नहीं कि हम कितने पिछड़े हैं हमारे संस्कार, हमारी सोच? सहज और स्वाभाविक हम हो ही नहीं सकते हैं। इसीलिए हम भारतीय उपमहाद्वीप के लोग भारी पाखंडी लोग हैं। बात में महान और अंदर से निकृष्ट। स्त्री हो या पुरुष सबका अपना व्यक्तित्व है। अपनी सोच है और अपनी जिंदगी। हम किस हैसियत से उस पर टीका-टिप्पणी करें? हम होते कौन है? फिर भी हम कहते हैं, नहीं जी, मैंने तो आजादी दे रखी है। तुम कौन हो आजादी देने वाले? उसके पास भी समझ है, उसे समान समझ रहे हो तो समान इज्जत दो। उसकी गरिमा को स्वीकार कर उससे बात करो,मगर नहीं, हम तो उसके निजी कक्ष में ताक-झांक करने वाले हैं,उस पर कुत्सित बात करने वाले हैं। खुद सोचिए कि हम वास्तव में कितने निकृष्ट हैं?

**-फेसबुक वॉल से**

**व्यंग्य**

# जिम्मेदार होने की निशानी खराब हैंडराइटिंग


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

मरीज जल्दी ठीक होने पर कभी डॉक्टर का अहसानमंद नहीं होता। वो मानता है वो मातारानी की कृपा से, अपने नसीब से, भरे हुए पर्स की बदौलत ठीक हुआ है। जल्द ठीक हुआ मरीज मानता ही नहीं कि वो बीमार हुआ भी था। वो ठगा महसूस करता है।

खबर यह कि दिल्ली के एक डॉक्टर अच्छी हैंड राइटिंग में पर्चा लिखते पकड़े गए। पकड़े गए तो मेडिकल काउंसिल से माफी मांग कर छूटे। हद है ये तो। पता नहीं ये खबर कितनी सच्ची, कितनी झूठी। झूठी हो तब भी सच्ची मानी जानी चाहिए। ऐसी हरकत करने वाले बंदों पर कड़ी नजर रखी जानी चाहिए और पकड़े जाते ही उनके खिलाफ फौरन कार्रवाई भी की जाना चाहिए। एक स्टडी बताती है, दुनिया भर में हर साल तकरीबन सात हजार लोग डॉक्टरों की खराब हैंड राइटिंग की वजह से मर जाते हैं। मेरा मानना है कि डॉक्टर भी पढ़ने लायक लिखने लगे तो मरने वाले मरीजों की तादाद हजारों से लाखों में पहुंच सकती है। तीन चौथाई मरीज बीमारी और दवाओं की समझ से मारे डर के कल के बजाय आज ही मर सकते हैं। यह भी मुमकिन है कि उन्हें पढ़ कर कुछ बदमाश किस्म के मरीज, कंपाउंडर ज्ञानी हो जाएं। खुद डॉक्टर होने की कोशिश करें। खुद भी मरें और आसपास वालों को भी मार दें।

इस अच्छी हैंडराइटिंग वाले डॉक्टर को अंदाजा नहीं हैं, उसकी इस हरकत से कितने केमिस्ट बर्बाद होंगे। कितनी दुकानें बंद होंगी और कितने मरीज वाकई ठीक हो जाएंगे। मरीज जल्दी ठीक होने पर कभी डॉक्टर का अहसानमंद नहीं होता। वो मानता है वो मातारानी की कृपा से, अपने नसीब से, भरे हुए पर्स की बदौलत ठीक हुआ है। जल्द ठीक हुआ मरीज मानता ही नहीं कि वो बीमार हुआ भी था। वो ठगा महसूस करता है। भरोसा उठता है, उसका चिकित्सा व्यवस्था से। ऐसे में इस डॉक्टर का अच्छी हैंडराइटिंग में पर्चा लिखना उसके बचपने से ज्यादा कुछ नहीं और उसे आगे डॉक्टरी करने देना अपने आप में बड़ी गलती है। सभी को अच्छी हैंडराइटिंग से बचना चाहिए। आप जैसे ही किसी को समझ में आने लगते हैं वो आपको हल्के में लेने लगता है। आसान होना मामूली होना है और हम में से कोई ऐसा नहीं होना चाहता। फिर अच्छी हैंडराइटिंग लिखना बाबुओं का काम। डॉक्टर-अफसर ऐसा करने लगे तो इतनी मेहनत कर डॉक्टर बनने की क्या जरूरत थी। अच्छी हैंडराइटिंग आराम तलबी की निशानी। देखने वाला फौरन समझ जाता है कि बंदा फालतू बैठा है। खराब हैंडराइटिंग बताती है आप जिम्मेदार और व्यस्त हैं। ऐसा करने वालों को लोग तारीफ की निगाह से देखते हैं।

यह बात पचासों बार साबित हो चुकी है, खराब हैंड राइटिंग वाले अक्लमंद, काबिल, भरोसेमंद, दूरदर्शी और लीडर होते हैं। महात्मा गांधी की भी हैंडराइटिंग खराब थी और मेरी भी खराब है। गांधीजी की इज्जत होती है और मेरी भी। खराब हैंडराइटिंग न लिखे डॉक्टर तो कोई वजह नहीं कि उसकी इज्जत की जाए या उसे समझदार और भरोसेमंद माना जाए। फिर सबसे बड़ी बात खराब हैंडराइटिंग पैसे बनाने का सबसे कारगर जरिया है। अक्षर जमा-जमा कर लिखने वाला डॉक्टर जितने वक्त में एक मरीज देखता है, खराब राइटिंग वाला उतनी देर में तीन मरीज निपटा देता है। लिहाजा डॉक्टरों को इस आसान तरीके पर कायम रहना चाहिए और बदस्तूर खराब हैंड राइटिंग में पर्चे लिखना जारी रखना चाहिए।

# शिक्षा में परिवर्तन का अर्थ


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

नई शिक्षा नीति पर विचार-विमर्श करते हुए मन-मस्तिष्क में मंथन होता है। क्या शिक्षा में परिवर्तन के नाम पर मानव को परिसंपत्ति अथवा राष्ट्रीय संसाधन के रूप में विकसित करना एक उपयोगितावादी दृष्टिकोण नहीं है? शिक्षा मानव राष्ट्र और समाज की सतत विकासमान एक बहुआयामी इकाई है। इसके मानवीय, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयाम हैं। मानव स्वतः साध्य है।

मानव का समग्र विकास शिक्षा से ही संभव है। वस्तुतः हमें उस शिक्षा नीति की तलाश है, जो मूल्यपरक हो, जो मानव की पहचान को बरकरार रख, उसे प्रकृति और समाज के साथ जोड़ सके। साथ ही जीवन के लिए अभ्यास और अनुशासन बन सके, जिससे व्यक्ति में उचित सामर्थ्य और शक्ति विकसित हो सके और जो हमारे अहंकारों, उन्मादों, पूर्वाग्रहों तथा उन सभी ताकतों के विरुद्ध क्रांति का उद्घोष कर सके, जो हमारे शाश्वत मानवीय मूल्यों का विनाश कर रहे हैं। क्या वह शिक्षा, शिक्षा है, जो मानव को किंकर्तव्य विमूढ़ बनाते हुए उसकी पहचान ही कम कर दे? छान्दोग्य उपनिषद् के नारद-सनत्कुमार आख्यान शिक्षा के अर्थ को स्पष्ट करता है। नारद ने कम से कम बीस विषयों का अध्ययन किया और उसमें निष्णात हो गए, पर उन्हें अपने ज्ञान से तृप्ति नहीं मिली और उन्होंने अनेक ज्ञानीजनों से संपर्क किया फिर भी संतुष्टि न मिलने पर वे सनतकुमार के पास आए।

सनत्कुमार ने नारद से कहा उन्होंने जो कुछ भी सीखा है वह सब मात्र शाब्दिक है अतः नितांत अपूर्ण है। इस ज्ञान को आत्मज्ञान से ही पूर्ण किया जा सकता है। इस आख्यान का निर्देश है कि यदि हम किसी को पूर्ण रूप से शिक्षित बनाना चाहते हैं तो उसे न केवल विविध विषय पढ़ाने होंगे वरन उसमें पूर्णतया शारीरिक, जैविक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास लाना होगा, जिससे वह अपने व्यक्तित्व का केंद अहम तत्व के बदले उस अंतरात्मा को समझे, जो समाज और प्रकृति से जुड़ती हो। यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा विद्या तस्य करोति किम्।

# मुद्दा घर की सुरक्षा का


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बचपन में एक फिल्म देखी थी रोटी कपड़ा और मकान, इस फिल्म के गानों ने काफी धूम मचाई थी। इंसान की बुनियादी जरूरतों रोटी कपड़ा और मकान पर आधारित इस फिल्म ने काफी प्रभावित किया था, लेकिन आज के दौर में घरों पर बुलडोजर चलाकर गिराने का काम शुरू हुआ है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने घरों को जमींदोज करने के बुलडोजर न्याय को न्याय विरुद्ध और सभ्य समाज के खिलाफ बताकर कुछ राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति के पास जो अंतिम सुरक्षा होती है वो उसका घर है। वैसे भी एक साधारण इंसान पाई-पाई जोड़ कर बड़ी मुश्किल से घर बना पाता है अपने घर से हर व्यक्ति की भावनाएं जुड़ी रहती हैं। बुलडोजर न्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला विगत बुधवार को आ चुका है और अब तो इस विस्तृत फैसले को शनिवार को नेट पर भी अपलोड कर दिया गया है।

आशा है कि इस फैसले के आने के बाद आमजन घर की सुरक्षा के मामले में राहत महसूस करेंगे, क्योंकि घर में ही सुकून मिलता है। घर हमें सुरक्षा, अपनापन और निजता प्रदान करता है। घर सर्दी, हवा और तेज गर्मी से बचाता है यानी बुनियादी जरूरतें पूरी करता है और जब बुनियादी जरूरतें पूरी होती हैं तो सभी बेहतर महसूस करते हैं।

# ऊंचाहार एक्सप्रेस में आग से हड़कंप

## ट्रेन के एस-4 कोच में धुआं देख सहमे यात्री, ट्रेन रोककर की गई छानबीन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- यात्री के बैग में रखी माचिसों के घर्षण से लगी आग
- आरपीएफ ने संबंधित यात्री के खिलाफ कार्रवाई की

**अमृत विचार।** रविवार तड़के 14218 ऊंचाहार एक्सप्रेस के एस-4 कोच में अचानक आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। कोच के अंदर धुआं उठते देख यात्री सहम गए। जांच के दौरान पता चला कि एक यात्री के बैग में रखे करीब एक दर्जन माचिस बाक्स के आपस में घर्षण के कारण आग लगी। आरपीएफ ने संबंधित यात्री के खिलाफ कार्रवाई की।

रविवार सुबह 4:25 बजे ट्रेन संख्या- 14218 में एस-4 कोच में आग की सूचना पर आरपीएफ निरीक्षक एवं जीआरपी थानाध्यक्ष शैलेश निगम फोर्स के साथ पहुंचे। एस-4 कोच के 49 से 54 वाली केबिन में बुझी आग के निशान मिले। 10-12 की संख्या में माचिस बाक्स जली पड़ी थी। इस कोच में अनिल कुमार, पत्नी तारा देवी, पुत्री संजना व वंदना और पुत्र रितिक के साथ दिल्ली से कुण्डा हरनामगंज जा रहे थे। उन्होंने बताया कि वे बीच वाली सीट पर सो रहे थे। पुत्री संजना की शादी के लिए सामान ले जा रहा थे। पिट्ठू बैग में 10-12 माचिस की डिब्बी पडी थीं। बैग पर पैर रखकर लोग सीट पर चढ़-उतर रहे थे। अचानक बैग से धुआं उठने लगा। शायद रगड़ से माचिस जल गई थीं। खिड़की खुली होने से हवा के झोके से बैग जलने लगा। यात्रियों ने कोच से धुआं निकलते देखा तो चेन पुलिंग कर दी। करीब 40 मिनट तक ट्रेन महेरा फाटक के पास खड़ी रही। आरपीएफ ने यात्री अनिल कुमार निवासी नयापुरवा, थाना- हदगवां जिला प्रतापगढ, हाल पता- 553/01 हिसार बाईपास सूर्यानगर, रोहतक (हरियाणा) को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।


कंचौसी स्टेशन पर खड़ी ऊंचाहार एक्सप्रेस। अमृत विचार

### ढाई घंटे देरी से कंचौसी पहुंची ट्रेन, यात्री परेशान

**कंचौसी (औरैया)** दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर स्थित कंचौसी रेलवे स्टेशन पर रविवार को ऊंचाहार एक्सप्रेस अपने समय से ढाई घंटे देरी से पहुंची। इससे यात्रियों को खासी परेशानी हुई। ऊंचाहार एक्सप्रेस सुबह अपने निर्धारित समय सुबह 3 :54 बजे के बजाय ढाई घंटे की देरी से साढ़े 6 बजे के बाद रेलवे स्टेशन पहुंची। कानपुर, उन्नाव, फतेहपुर, बिन्दकी, प्रयागराज आदि जगहों पर जाने वाले यात्रियों को देरी होने से परेशानी का सामना करना पड़ा।

## युवक ने जहर पीया अस्पताल में मौत

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव लुधईया निवासी युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना में परिजनों में हाहाकार मच गया।

शनिवार की शाम क्षेत्र के गांव लुधईया के रहने वाले श्याम बाबू ने खेत पर कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। खेत में काम कर रहे लोगों ने उसे अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो इसकी जानकारी परिवार वालों को दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में डॉ.राममनोहर लोहिया अस्पताल फर्रखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। परिवार वाले उसे लोहिया अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तब तक उसने अस्पताल के बेड पर ही दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में मातम छा गया।

# प्यार में धोखा मिलने पर जिम ट्रेनर युवती ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, उरई

- युवती ने सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर मां को भेजा

**अमृत विचार।** शहर के गणेशगंज में जिम ट्रेनर युवती ने शनिवार की शाम घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवती ने आत्महत्या करने से पहले वीडियो बनाकर मां को भेजा। युवती ने वीडियो में एक युवक पर प्रेम में धोखा देने का आरोप लगाया है। अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।


स्नेहा कुमारी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के कोतवाली के मोहल्ला गणेशगंज निवासी स्नेहा कुमारी उर्फ जिया 19 वर्ष ने शनिवार शाम को घर के अन्दर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती ने आत्महत्या करने से पहले अपना एक वीडियो बनाया, साथ ही उस वीडियो को अपनी मां को भेज दिया। उस वीडियो के साथ एक मैसेज भी भेजा। जिसमें जिम में साथ काम करने वाले हिमांशु यादव पर प्यार में धोखा देने का आरोप लगाया है। इसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में सीओ उमेश कुमार पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही वीडियो और चैट को भी देखा जा रहा है। युवती के मोबाइल को ले लिया गया है और उसकी डिटेल निकाली जा रही है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मां ने जिम मालिक व ट्रेनर पर लगाए गंभीर आरोप

युवती की मां रानी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। प्रार्थना पत्र में उसने बताया कि उसकी बेटी न्यू बेयरलेस जिम, जो शहर की इलाहाबाद बैंक के पास पीली कोठी पर है, उसमें वह काम करती थी। जिसके मालिक आकाश गुप्ता व सानू जिम ट्रेनर, विशाल पुरवार, हिमांशु यादव ने मेरी बेटी स्नेहा उर्फ जिया को प्यार में फंसा लिया। साथ ही उसका मानसिक उत्पीड़न कर ब्लैकमेल करते रहे, जिस कारण उसकी बेटी ने शनिवार शाम को हिमांशु यादव से फोन पर बात करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी, साथ ही युवती का मोबाइल लेकर साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिए। वहीं पुलिस अधिकारी का कहना है कि जांच पड़ताल करने के बाद कार्रवाई होगी।

# महिला प्रधान के हमलावर धरे गए

संवाददाता, किशनपुर (फतेहपुर)

- तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रायपुर भसरौल ग्राम पंचायत की मौजूदा महिला प्रधान किरन देवी पर शनिवार की देर शाम जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस उसकी तलाश में दबिशें दे रही है।

महिला प्रधान किरन देवी का आरोप है कि शनिवार की देर शाम वह घर पर मौजूद थी। उनके पति मुलायम यादव जरूरी काम से बाहर गए थे। देर शाम जयसिंहपुर मजरे सनगांव निवासी रामनरेश अपने साथियों के साथ चार पहिया वाहन से पहुंचा और पति के बारे में पूछताछ की। कुछ देर बाद रामनरेश व उसके साथी गालीगलौज करने लगे। महिला प्रधान किरण देवी ने गालीगलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने एक के बाद एक कर कई राउंड फायरिंग भी की। कुछ देर बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। फायरिंग होने की सूचना पर पहुंची पुलिस में घटनास्थल पर पूछताछ शुरू की। महिला प्रधान समेत ग्रामीणों ने पुलिस के सामने फायरिंग होने की बात कही, लेकिन पुलिस ने फायरिंग होने की बात से इंकार किया। देर रात महिला प्रधान ने हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। इस दौरान घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग गालीगलौज करते हुए फायरिंग करते दिख रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

देर रात पुलिस ने महिला प्रधान की तहरीर पर रामनरेश, अभिजीत, हंसराज और पउवा के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश में जुट गई। रविवार सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामनरेश, अभिजीत और हंसराज को लाइसेंसी राइफल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### वीडियो वायरल होने के बाद बदले पुलिस के सुर

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस के सामने महिला प्रधान व ग्रामीणों ने चीख-चीख कर हमलावरों द्वारा फायरिंग करने की बात कही, लेकिन पुलिस ने महिला प्रधान व ग्रामीणों की बात को अनसुना कर दिया। पुलिस ने फायरिंग होने की सूचना को निराधार बताया। घटना के कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया में घटना का एक वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस के सुर बदल गए। आनन-फानन में पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा और गिरफ्तारी की।

#### फायरिंग से पूरे गांव में पसर गया था सन्नाटा

इस घटना का वीडियो देखकर लोग सहम गए। वायरल वीडियो में दबंगों ने इस तरह गांव में दहशत फैलाई कि लोग घरों में छिप गए। दबंगों की ओर से एक के बाद एक कर कई राउंड फायरिंग कर पूरे गांव में सन्नाटा फैला दिया। लोग सामने आने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

## हादसे में एक की मौत दो लोग गंभीर घायल

**भरथना (इटावा)।** समथर बंबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक युवक की मौत हो गई। दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

कन्नौज के सकरावा थाना क्षेत्र के मदारी गांव के रहने वाले गंगाराम का 35 वर्षीय बेटा अजय कुमार अपने दो साथियों के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर भरथना नवीन मंडी समिति में मजदूरी करने आ रहे थे। रास्ते में समथर बंबा के पास रात 11 बजे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर तीनों घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भरथना लाया गया, जहां पर अजय कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

संवाददाता, कायमगंज (फर्रुखाबाद)

**अमृत विचार ।** बहन की शादी में शामिल होने आ रहे भाई व रिश्तेदार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। मौत की सूचना पर शादी वाले परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने मौके पर जांच की और बाइक में टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी कर रही है।


सुमित राठौर।

नगर के मोहल्ला बगिया मंगूलाल निवासी परमाल सिंह राठौर का 22 वर्षीय पुत्र सुमित राठौर फरीदाबाद में मजदूरी करता था। शुक्रवार की देर शाम सुमित अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए अपने बहनोई के भाई जनपद कासगंज के थाना अमापुर के ढकपुरा निवासी पिंकू से साथ बाइक से घर वापस आ रहा था। तभी अचानक सिकन्दराराऊ क्षेत्र के कासगंज रोड़ पर महमई सतावत नगर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।


रोती- बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

- बहन की शादी में शामिल होने आ रहा भाई और रिश्तेदार
- हादसे की सूचना पर शादी वाले घर में छा गया मातम

मौके पर पहुंची पुलिस दोनों का गंभीर हालत में सीएचसी लेकर आई। जहां डॉक्टर ने पिंकू को मृत घोषित कर दिया और सुमित को प्राथमिक इलाज के बाद अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। सुमित की भी इलाज के दौरान अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। दोनों की मौत की सूचना पर परिजनों मातम छा गया। हादसे में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक के पिता परमाल ने रोते हुए बताया कि होनी को देखिए सोमवार को जिस घर में बेटी की डोली उठनी चाहिए थी। उस घर से बेटे की अर्थी उठ रही है।

## पति समेत 8 लोगों पर एफआईआर

**औरैया।** शादी के पांचवें दिन शनिवार को हिमानी का शव फंदे पर लटका मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। भाई ने बहनोई सहित 8 ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के चांदूपुर निवासी हेमंत सिंह ने तहरीर में बताया कि बहन हिमानी (19) की शादी 5 नवंबर को करके का पुरवा निवासी शिवम के साथ की थी। शादी में आरवन 5 बाइक की जगह दूसरी बाइक देने पर ससुरालीजन ने इंकार कर दिया। जंजीर व अंगूठी न मिलने पर विदाई करने से इंकार करने लगे। रिश्तेदारों के समझाने व जल्द मांगें पूरी करने की बात पर बहन की विदाई हुई। बाराती बाइक लेकर नहीं गए तो वह बाद में बाइक देने उनके घर गया। वहां बहन के ससुरालीजन ने उसे जलील किया। बताया कि वह बहन के खाते में शादी के लिए रुपये जमा करता था। इसकी जानकारी शिवम को थी। विदाई के बाद बहन के खाते में रुपये न मिलने पर मारपीट की।

## राजा बुंदेला सहित 5 विभूतियों का सम्मान करेगा बुंदेली समाज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सत्येंद्र पाल, दिनेश भार्गव आश्रय सिंह और रमेश दुबे को भी मिलेगा सम्मान

**अमृत विचार।** अभिनेता राजा बुंदेला समेत 5 विभूतियों को 2024 के शंकर लाल मेहरोत्रा स्मृति सम्मान से नवाजा जाएगा। बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक शंकर लाल मेहरोत्रा की स्मृति में यह प्रतिष्ठित सम्मान बुंदेली समाज हर वर्ष 22 नवंबर को उन बुंदेलों को देता है जो बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। सम्मान प्रदान करने वाली संस्था बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने यह घोषणा की।

बुंदेली समाज के संयोजक ने बताया कि ओरछा निवासी राजा बुंदेला स्व. शंकरलाल मेहरोत्रा के पुराने साथी हैं और 2001 में निधन से पूर्व के उनके मुख्य सिपहसालारों में से एक रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछली योगी सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहे एवं उनको बुंदेलखंड विकास बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाया गया। फिलहाल वे बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के संयोजक हैं और गांव-गांव यात्रा की अगुवाई कर रहे हैं। बताया कि राजा बुंदेला के साथ झांसी से बुंदेलखंड क्रांति दल के अध्यक्ष सत्येन्द्र पाल सिंह व बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महामंत्री दिनेश भार्गव, उरई से बुंदेली सेना के संयोजक आश्रय सिंह और बांदा से बुंदेलखंड राज्य निर्माण समिति के अध्यक्ष रमेश दुबे को शंकर लाल मेहरोत्रा सम्मान के लिए चुना गया है। उन्होंने ने बताया कि पिछले वर्ष प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह के साथ झांसी के तीन आंदोलनकारियों को भी सम्मानित किया गया था।

## बालक की हत्या का आरोपी गुरु गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** बालक की हत्या कर शव नाले में फेंके के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने लगभग दो महीने बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गुरु के पिता को पुलिस पूर्व में ही जेल भेज चुकी है।

बीते 6 सितम्बर को थाना मऊदरवाजा के रकाबगंज निवासी सूरजपाल जाटव के 15 वर्षीय पुत्र पिंकू की हत्या करके शव हैबतपुर गढिया के पास नाले में फेंक दिया गया था। हत्या के मामले में पुलिस ने बीते 13 सितंबर को नामजद आरोपी राकेश भारद्वाज को बोरी व स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जबकि उसका पुत्र नीलकंठ उर्फ गुरु उर्फ सोमनाथ फरार हो गया था। मामले की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय कर रहीं थीं। शनिवार की रात गुरु को पुलिस ने हथियापुर में दूध डेयरी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज, चार साल पहले हुई थी शादी

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रा विकास कालोनी में एक महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए दहेज की खातिर हत्या करने का केस दर्ज कराया।


कंचन।

शहर में फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में इंद्रा विकास कॉलोनी में रहने वाले अंकुश की 23 वर्षीय पत्नी कंचन का शव शनिवार देर शाम घर के अंदर फांसी फंदे पर लटका शव देखे जाने पर कोहराम मच गया। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्र फोर्स व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने नमूने एकत्रित किए, पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के इंदुरुख गांव से पिता भरत सिंह परिजनों के साथ आए। उन्होंने बताया कि पांच जुलाई 2020 को कंचन की शादी अंकुश के साथ की थी। कुछ दिनों बाद पति व ससुराली अतिरिक्त दहेज व बाइक के लिए बेटी को प्रताड़ित करते थे। कई बार समझाने पर भी प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा। दामाद ने फोन पर फंदा लगाने की सूचना दी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर पति, ससुर राजकुमार व सास गीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# एक और युवक ने तोड़ दिया दम

### सिलेंडर लीकेज हादसा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- हादसे में मरने वालों की संख्या चार पहुंची

**अमृत विचार।** कस्बे में नवरात्र की अष्टमी के दिन कन्या भोज बनाते समय गैस सिलेंडर के लीकेज होने से लगी आग से झुलसे एक और युवक की इलाज के दौरान केजीएमयू लखनऊ में मौत हो गई। इसका शव कस्बे में आते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब चार हो गई है। जबकि इतने ही लोग अभी भी जिंदगी मौत से जूझ रहे हैं। एक-एक करके चार मौतों से मोहल्ले में मातम का माहौल है।

बीते 10 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे कस्बे के वार्ड नंबर पांच में राजाराम प्रजापति के आंगन में नवरात्र की अष्टमी पर कन्या भोज के लिए खीर बनाई जा रही थी। तभी गैस सिलेंडर का पिन लॉक टूट जाने से तेजी से फैली गैस में लगी आग की चपेट में आकर गृहस्वामी राजाराम व उसकी पत्नी तिजिया सहित कुल 11 लोग झुलस गए थे। जिनमें छह लोगों को हमीरपुर से कानपुर और फिर कानपुर से केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया था। 15 अक्टूबर को गृहस्वामी राजाराम और 16 अक्टूबर की सुबह सुनील(24) की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जबकि 19 अक्टूबर को राजाराम के पौत्र दुर्गेश(22) ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। अभी तिजिया, संदीप और अमित कुमार का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है।लेकिन रविवार को सुबह इलाज के दौरान अमित (20) पुत्र रामबाबू की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। एक-एक करके हुई चार मौतों से मोहल्ले में शोक की लहर है। अमित का शव लखनऊ से आ रहा है। सोमवार को सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### सिलेंडर की आग से झुलसे वृद्ध की चली गई जान

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के कैमोखर गांव में चाय बनाने के दौरान लीकेज हो रहे गैस सिलेंडर से लगी भीषण आग में झुलसे वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कैमोखर गांव निवासी राजू यादव (50) अपने पिता के साथ रहता था। बीती 30 अक्टूबर को सुबह गैस सिलेंडर में चाय बनाते समय लीकेज होने से आग लग गई थी। मौके पर मौजूद राजू आग से गंभीर रूप से झुलस गया था। इलाज के लिए परिजन ग्वालियर ले गए थे। लेकिन राजू की हालत में सुधार होता हुआ ना देख कर वह वापस उसे कैमोखर गाँव ले आये। रविवार सुबह करीब चार बजे राजू ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया राजू की शादी नहीं हुई थी।

**अच्छी पहल** रिजर्व पुलिस लाइन में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण, कानपुर के डॉ .सुनीत गुप्ता और प्रदीप टंडन ने बारीकियां समझाईं

# आपात स्थिति के लिए पुलिस को सिखाई सीपीआर तकनीक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** वर्तमान में यातायात माह चल रहा है। इसके क्रम में रिर्जव पुलिस लाइन कन्नौज में पुलिसकर्मियों को आपात स्थिति में व्यक्ति की जान के लिए सीपीआर के प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आपात स्थिति में पीड़ित को बचाने के लिए प्राथमिक उपचार देने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों को आवश्यक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सीपीआर एक जीवन रक्षक तकनीक है जो हृदय गति रुकने की स्थिति में किसी व्यक्ति की जान बचाने में मदद कर सकती है। पुलिस कर्मियों को सीपीआर की बुनियादी तकनीकें सिखाई गईं, ताकि वे आपातकालीन स्थितियों में लोगों की सहायता कर सकें। यह प्रशिक्षण कानपुर की इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व प्राणोदय संस्था के डॉ. सुनीत गुप्ता एवं प्रदीप टंडन ने प्रदान किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने कहा कि पुलिसकर्मी अक्सर विभिन्न आपातकालीन स्थितियों का सामना करते हैं। सीपीआर प्रशिक्षण उन्हें इन स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने और लोगों की जान बचाने में सक्षम बनाएगा। इस प्रकार के प्रयासों से न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता में सुधार होता है, बल्कि आम जनता के बीच भी पुलिस का विश्वास बढ़ता है।


पुलिस लाइन में आयोजित प्रशिक्षण में सीपीआर का अभ्यास करते एसपी और मौजूद विशेषज्ञ डॉक्टर। अमृत विचार

### क्या है सीपीआर

- सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) एक आपातकालीन तकनीक है जिसका इस्तेमाल तब किया जाता है जब कोई व्यक्ति सांस नहीं ले रहा हो या उसका दिल नहीं धड़क रहा हो। इसकी मदद से मस्तिष्क में ऑक्सीजन युक्त रक्त पहुंचाया जाता है और सांस लेने की प्रक्रिया फिर से शुरू की जाती है। सीपीआर में छाती को दबाना और बचाव श्वास देना शामिल है। इसमें छाती को दबाने के लिए, हथेली और सीधी कोहनियों से छाती के बीच में, निप्पल के थोड़ा नीचे, ज़ोर से और तेज़ी से कम से कम दो इंच गहरा धक्का देते हैं। यह प्रक्रिया प्रति मिनट कम से कम 100 बार की जाती है और दबाव के बीच छाती को पूरी तरह से ऊपर उठने दिया जाता है।

## फर्जी दस्तावेज से साइबर फ्रॉड करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार ।** पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ आलोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में साइबर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना साइबर क्राइम जनपद फतेहगढ़ पुलिस ने एक शातिर को साइबर अपराध से संबंधित सामग्री समेत गिरफ्तार किया है।

10 अक्टूबर को प्रतिबिम्ब, एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज साइबर शिकायतों से संबंधित संदिग्ध मोबाइल नंबरों की जांच की गई। इस दौरान थाना अमृतपुर क्षेत्र में सूचना मिली कि आशीष कुमार निवासी ग्राम नगला हूसा जोकि जस्ट डायल एप के जरिए ट्रांसपोर्ट के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को व्हाट्सएप पर भेजता है। ट्रेडिंग के नाम पर अंतर्जनपदीय व अन्तर्राज्यीय स्तर पर साइबर ठगी कर रहा है। इस पर थाना साइबर क्राइम फतेहगढ़ टीम ने दबिश देकर आशीष को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त आशीष ने पूछताछ में बताया कि वह जस्ट डायल एप की इन्क्वायरी से व्हाट्सएप, मोबाइल पर सम्पर्क कर ट्रांसपोर्ट सर्विस के नाम पर गाड़ी भेजने को बोल कर क्यूआर कोड व यूपीआई के जरिए गोविन्द कश्यप द्वारा उपलब्ध कराये गये खातों में रूपये ले लेता था। इस काम में मेरे गांव के साथी सचिन सिंह, आकाश यादव, प्रदीप शर्मा, मोहित यादव, पवनीश यादव, गोविंद कश्यप मिल कर धोखाधड़ी व साइबर ठगी करते हैं।

# टूटा रिकार्ड, 35 लाख श्रद्धालु आए 14 कोसी परिक्रमा करने

## राम नगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब, दो दिन गुलजार रही राम नगरी

कार्यालय, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार 14 कोसी परिक्रमा के सारे रिकार्ड टूट गए। रात गहराने के साथ परिक्रमा पथ पर परिक्रमा करने वालों की भीड़ बढ़ती गई। मध्यरात्रि के बाद हालात ऐसे हो गए कि परिक्रमा पथ पर तिल रखने की जगह नहीं रह गई थी। आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जुड़वा शहर जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा। दो दिन तक रामनगरी श्रद्धालुओं से गुलजार रही। सुरक्षा को लेकर व्यवस्था चाक चौबंद रही। बड़े अफसर स्वयं परिक्रमा की मानीटरिंग कर रहे थे। 35 लाख श्रद्धालुओं के परिक्रमा करने का अनुमान है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला परिक्रमा मेला है। श्रीराम जन-जन में व्याप्त हैं। अयोध्या उनका घर है। वह हर समय विद्यमान माने जाते हैं। इसका असर मेले पर दिखा। अनुमान से ज्यादा श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। परिक्रमा के लिए स्थानीय के साथ इस बार गैर प्रदेशों के ज्यादा श्रद्धालु दिखाई पड़े। इनकी भीड़ परिक्रमा से एक दिन पहले से ही जुटने लगी थी। शनिवार को शाम ढलने के साथ श्रद्धा और आस्था हिलोरे लेने लगी। रात गहराने के साथ ही नंगे पांव परिक्रमा करने वालों की भीड़ बढ़ती गई। परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि रात 10 बजे के बाद एकाएक भीड़ इतनी बढ़ गई कि चल पाना मुश्किल हो रहा था। यह स्थिति सुबह सात बजे तक रही। परिक्रमा पूरी करने में लोगों को आठ से 12 घंटे तक लगे। उत्साहित नवयुवकों ने परिक्रमा छह घंटे में भी पूरी की। परिक्रमा समापन का मूहूर्त 4:44 बजे था, लेकिन इसके बाद भी छिटपुट लोग परिक्रमा करते दिखाई पड़े। परिक्रमा राम नगरी के साथ फैजाबाद शहर की परिधि पर चल रही थी। परिक्रमा करने वालों के लिए नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था थी।



परिक्रमा के दौरान भीड़ का यह आलम रहा। अमृत विचार

### अफसरों ने किया निरीक्षण

- परिक्रमा के दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरन नय्यर के साथ सभी एडीएम, पुलिस अधीक्षक परिक्रमा के दौरान निरीक्षण करते रहे। मातहत को निर्देश दे रहे थे।

### टूटा श्रद्धालुओं की संख्या का रिकार्ड

- पिछले सालों में परिक्रमा करने वालों की संख्या 20 से 25 लाख तक रहती थी। इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफे को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के महत्व को बढ़ने से जोड़कर देखा जा रहा है।

### रात भर मेले में खूब हुई दुकानदारी

- परिक्रमा पथ पर देर रात 10 बजे से सुबह सात बजे तक जबरदस्त भीड़ रही। इस दौरान परिक्रमा पथ को पार कर दूसरी ओर जाने के लिए भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही थी। मेला क्षेत्र में जलपान की दुकानें रातभर गुलजार रहीं।

### रामलला और हनुमान जी के दर्शन को लगी कतार

बाहर से आए श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या में मौजूद है। दर्शन पूजन के साथ राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए भीड़ ज्यादा चल रही है। सुबह परिक्रमा पूरी करके सरयू स्नान कर श्रद्धालुओं का रेला राम मंदिर और हनुमानगढ़ी की ओर चल पड़ा। रामलला और हनुमानजी का दर्शन पूजन करने के लिए लंबी कतार पूरे दिन लगी रही। इसके साथ ही नागेश्वर नाथ, कनक भवन आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

अयोध्या में पांच हजार से भी ज्यादा मंदिर हैं। प्रत्येक गली-मोहल्ले के साथ घर-घर मंदिर हैं। श्रद्धालु इनमें जमे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने अपने घराने में हैं। यह सुबह शाम अयोध्या नगरी का दर्शन करने निकल रहे हैं। 14 कोसी परिक्रमा के साथ ही श्रद्धालुओं ने राम नगरी के मंदिरों की परिक्रमा की।

### आकर्षण का केंद्र रहे पथ के कई धार्मिक स्थल

परिक्रमा कर रहे बाहरी श्रद्धालुओं के लिए नया अनुभव था। मध्य प्रदेश के राजेश कुमार कहते हैं कि पथ पर इतने पौराणिक स्थल मिले कि नाम से ही रोमांच हो रहा था। परिक्रमा पथ पर मौनी बाबा, वैतरणी, सूर्य कुंड, गिरजा कुंड, निर्मली कुंड, गुप्त हरि स्थल, चक्रतीर्थ, यम स्थल जैसे नाम गिनाते हैं। कहते हैं कि इन स्थलों का नाम किताबों में पढ़ा था, लेकिन पथ पर मिले तो लगा कि जीवन धन्य हो गया।

### पिछली बार से ज्यादा पहुंचे श्रद्धालु

मुहूर्त के अनुसार परिक्रमा का समापन हो गया है। इस साल सभी रिकॉर्ड टूट गए। सर्वाधिक लोग पहुंचे। 30 से 35 लाख श्रद्धालुओं के परिक्रमा करने की संभावना है। सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किए गए थे। परिक्रमा शांति पूर्ण संपन्न हुई। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं आई।

-चंद्र विजय सिंह
जिलाधिकारी, अयोध्या

# यूपी को हरा विद्या भारती ने जीती वालीबॉल प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बालिका वर्ग में पश्चिम बंगाल ने गुजरात को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज में 68 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी अंडर-17 वालीबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में दो बार की चैंपियन उत्तर प्रदेश को विद्या भारती की टीम ने 3-1 से हरा दिया। विद्या भारती की टीम जश्न में डूब गई और यूपी के खिलाड़ी रो पड़े। राजस्थान की टीम तीसरे और पंजाब की टीम चौथे स्थान पर रही। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में पश्चिम बंगाल ने 25-14, 25-17, 25-13 से गुजरात को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। राजस्थान की टीम तीसरे और झारखंड की टीम चौथे स्थान पर रही।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में बालक वर्ग के फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने पहला सेट 26-24 से जीत लिया। दूसरे सेट में यूपी ने एक अंक हासिल कर बढ़त के साथ शुरुआत की लेकिन पैर मुड़ने से गंभीर रूप से घायल अनस कोर्ट से बाहर चले गए। अनस के लिए काफी देर तक आइस पैक नहीं आ पाया और फिर बर्फ मंगवाकर उनका इलाज शुरू किया गया। अनस के घायल होने से टीम की लय बिगड़ गई और टीम पिछड़ गई। हालांकि फिर वापसी करते हुए एक बार मुकाबला 25-25 पर आकर खड़ा हुआ मगर दूसरा सेट 29-27 से हारना पड़ा। तीसरे सेट में यूपी ने एक के बाद एक पॉइंट अर्जित करते हुए मुकाबले को 24-24 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया मगर विद्या भारती के खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी और 28-26 से सेट अपने नाम किया।

चौथे सेट में एक समय ऐसा भी आया जब यूपी लगभग दो अंक से आगे थी। 22वें पॉइंट को लेकर रेफरी के साथ विवाद भी हुआ। दर्शकों ने भी जमकर हंगामा किया मगर रेफरी ने विद्या भारती के पक्ष में ही अपना फैसला दिया। तमाम कोशिश के बाद भी यूपी फिर वापसी नहीं कर सकी। विद्या भारती ने यह सेट भी 25-22 से जीतकर खिताब पर अपना कब्जा कर लिया। दो बार के चैंपियन को हराकर विद्या भारती के खिलाड़ी, कोच अजीत सिंह और मैनेजर जेपी तिवारी जश्न में डूब गए। खिलाड़ियों ने अपनी शर्ट हवा में लहरा कर खुशी मनाई।

# महाराजगंज हिंसा के दौरान हत्या में 6 और गिरफ्तार

संवाददाता, महसी(बहराइच)

- हत्या के साथ षडयंत्र करने, आगजनी और लूटपाट में शामिल थे सभी आरोपी

**अमृत विचार।** महाराजगंज में 13 अक्टूबर को हुई हिंसा में रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में शामिल छह और लोगों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा हो गई थी। हिंसा के दौरान रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या में शामिल मुख्य आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है। अब हत्या और आगजनी के षड्यंत्र में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर रही है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन और पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि पोखर की देखरेख में रविवार को हरदी पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ की। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि हिंसा में शामिल महाराजगंज कस्बा निवासी शकील उर्फ बबलू, मोहम्मद इरफान, फरहान राजा, मोहम्मद हबीब, तौसीफ राजा और मोहम्मद नूरानी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### महाराजगंज में फिर पसरा सन्नाटा

महाराजगंज बाजार में हिंसा के दौरान रामगोपाल मिश्रा की हत्या और साजिश में शामिल 6 और लोगों को पुलिस ने शनिवार गिरफ्तार कर लिया था। इस भय से रविवार को बाजार में दुकानें बंद रही। तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स भी लगाई गई है। सुरक्षा को देखते हुए नानपारा और खैरीघाट के प्रभारी निरीक्षक की भी ड्यूटी लगा दी गई है। बाजार में पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा।

# फर्जी बिलों पर हेराफेरी में छह और फर्म रडार पर

**बरेली :** बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी करने वाले साड़ी कारोबारी को माल की सप्लाई करने वाली छह और फर्जी फर्म जीएसटी की एसआईबी की टीम की रडार पर आ गई हैं। एसआईबी ने इन फर्मों के साथ उनके संचालकों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। जल्द शिकंजा कसने की तैयारी है।

एसआईबी की टीम ने शनिवार शाम नगरिया कलां स्थित रेडिमेड गारमेंट के थोक कारोबारी मोहम्मद इकराम की रब जरी आर्ट नाम की फर्म के गोदाम पर छापा मारा था। फर्म के खिलाफ टैक्स में हेराफेरी की शिकायतें मिलने पर टीम के सदस्यों ने गोदाम पहुंचकर 12 सौ रुपये की एक साड़ी खरीदी। कारोबारी ने इस साड़ी का बिल मांगने पर पर्ची थमाई तब टीम ने उसे अपना परिचय देकर छानबीन शुरू की। इसमें पता चला कि कारोबारी दिल्ली और कानपुर की कुछ फर्जी फर्मों से होलसेल रेट में साड़ियां खरीदता है और उन पर जरी का काम कराने के बाद थोक में बेचता है।

# 9 आईएएस अधिकारियों के कामकाज में फेरबदल

संवाददाता,लखनऊ

- वरिष्ठ आईएएस डॉ. राजशेखर को मिला सिर्फ एक विभाग

**अमृत विचार।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. राजशेखर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के सचिव पद, पीएम कृषि सिंचाई योजना के स्टेट नोडल आफिसर और उप्र. भूमि सुधार निगम का प्रभार ले लिया गया है। अब उनके पास उप्र. जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक का पद रह गया है। उनसे लिए गए विभागों की जिम्मेदारी प्रमुख सचिव सिंचाई एवं संसाधन अनिल गर्ग को दी गई है।

इसी क्रम में रवि रंजन से उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम और यूपी एग्रो के प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी ले ली गई है। यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन के पद पर वह यथावत रहेंगे। राज्य पर्यटन विकास निगम के एमडी पर प्रतीक्षारत चल रहीं सान्या छाबड़ा को भेजा गया है। वहीं नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की विशेष सचिव व जल निगम की संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या से इस विभाग का प्रभार लेते हुए उन्हें यूपी एग्रो के एमडी पद की जिम्मेदारी दी गई है। आगरा मंडल में अपर आयुक्त डॉ. कंचन सरन को राज्य महिला आयोग का सचिव बनाया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव और विधिक बांट-माप विज्ञान के नियंत्रक प्रभाष कुमार को नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग और संयुक्त प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) दिया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में विशेष सचिव उदय भानु त्रिपाठी को नगर विकास विभाग में विशेष सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।



डॉ. राजशेखर।

# प्रॉपर्टी डीलिंग में कमाई का झांसा देकर मां-बेटी से 3.28 करोड़ ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आपस में रिश्ते के भाई हैं जालसाज, तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** प्रॉपर्टी डीलिंग में कमाई का झांसा देकर युवती, उसकी मां और भाई से तीन करोड़ 28 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पैसे मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामपुर गार्डन निवासी प्रीती तिक्खा उर्फ प्रीती अग्रवाल ने बताया कि उनकी मां माया देवी से अप्रैल 2016 मंद बारादरी के ग्रीन पार्क निवासी श्री गंगा इंफ्रासिटी प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार मौर्य से मिले। राजेश ने बताया कि उनकी एक कंपनी जमीन और ब्याज पर पैसे देने का काम करती है। इस धंधे में आमदनी भी अधिक है। 6 मई 2016 को राजेश मौर्य ने कंपनी से जुड़े अपने चंद्रगुप्त मौर्य पुरम निवासी भाई अजय कुमार मौर्या, दिनेश कुमार, ग्रीन पार्क निवासी विश्वनाथ मौर्य और सिविल लाइंस निवासी कृष्णनाथ मौर्य और अपने बेटे मनोज मौर्य से मिलवाया। उनकी मां अजय मौर्य को पहले से जानती थीं। इसलिए उसकी बातों पर भरोसा कर लिया। आरोपियों के कहने पर प्रीती ने 20 लाख रुपये, उनकी मां ने 2.66 करोड़ रुपये, भाई प्रिंस ने 22 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।




### ठगों ने पीड़ितों से ही जमानत करा ली

- प्रीती ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना बारादरी में एक रिपोर्ट दर्ज हो गई, तब आरोपियों ने झांसा दिया कि जमानत करा लो और जमानत होते ही पैसे वापस कर देंगे। भरोसा करके उन्होंने 20 लाख रुपये खर्च करके आरोपियों की जमानत करा ली, लेकिन पैसे वापस नहीं किए, बल्कि अब धमकी देने लगे हैं।

### वर्ष 2018 में 13 लोगों से की थी दो करोड़ की ठगी

जालसाज गिरोह के खिलाफ इससे पहले भी रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। वर्ष 2018 में आरोपियों ने कमाई का झांसा देकर सुरेंद्र कुमार, अर्चना सक्सेना, सचिन सक्सेना, दिलीप कुमार, विजय कुमार, नेतराम वर्मा, श्याम यादव, विजेंद्र पाल सिंह, अनिल सिंह, आकाश सक्सेना, योगेंद्र सिंह, ओमपाल, विशाल और अनिल साहू से दो करोड़ रुपये की ठगी कर ली थी। तब सभी ने संयुक्त रूप से थाना बारादरी में 9 जुलाई 2018 को तहरीर देकर राजेश मौर्या, अजय मौर्या, मनोज मौर्या, दिनेश मौर्य, विश्वनाथ मौर्य, शिवनाथ मौर्या, कृष्णनाथ मौर्य और संदीप सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# बाबा सिद्दीकी की हत्या में शूटर समेत 5 गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुंबई में एनसीपी नेता व पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में शामिल लारेंस विश्नोई गिरोह के मुख्य शूटर समेत 5 आरोपियों को एसटीएफ ने रविवार देर शाम छह बजे गिरफ्तार किया। मुख्य शूटर शिव कुमार उर्फ शिव नेपाल भागने के फिराक में था। उसे नेपाल सीमा से दबोचा गया। वहीं, गिरफ्तार किए चार आरोपियों ने उसे शरण दी और नेपाल भागने में मदद की थी।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश के मुताबिक महाराष्ट्र के एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में लारेंस विश्नोई गिरोह का नाम सामने आया। पुलिस ने बहराइच से चार शूटरों को पहले गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ में शिव कुमार का नाम सामने आया। उसकी तलाश में एसटीएफ लखनऊ की टीम डिप्टी एसपी प्रमेश शुक्ला के नेतृत्व में टीम लगी थी। रविवार को शूटर शिव कुमार की लोकेशन नेपाल सीमा पर मिली। टीम ने उसे दबोच लिया। शिवकुमार बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव का रहने वाला है। ज्ञात हो कि बाबा सिद्दीकी की हत्या 12 अक्टूबर की रात 9.30 बजे गोली मारकर की गई थी। मुंबई पुलिस ने दो शूटर धर्मराज कश्यप व गुरमेल सिंह को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। वहीं शूटर शिव कुमार भाग गया था।

### 4 मददगार भी दबोचे गए

- एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि विश्नोई गिरोह के शूटर शिव कुमार को पनाह देने और उसे नेपाल भागने में मदद करने वालों में 4 नाम सामने आये। टीम इन चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में शूटर धर्मराज कश्यप का भाई अनुराग कश्यप, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी उर्फ ओमी, आकाश श्रीवास्तव और अखिलेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। सभी गंडारा गांव के रहने वाले हैं।

### पूना में स्क्रैप का काम करता था शूटर

- डिप्टी एसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि शूटर की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ के साथ मुंबई क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अमोल कुमार की टीम भी लगातार लगी थी। रविवार शाम को नानपारा कोतवाली क्षेत्र के हाराबहसरी नहर पुलिया के पास से पकड़ा गया। शिव कुमार ने पूछताछ में कुबूल किया कि वह धर्मराज कश्यप के गांव का रहने वाला है। पूना में स्क्रैप का काम करता था।

# भाजपा भर्ती के नाम पर छलावा करती है : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा भर्ती नहीं छलावा करती है और जब एक छल पकड़ा जाता है, तो भाजपाई दूसरा धोखा ले आते हैं। अब यूपी पीसीएस और आर ओ-एआरओ की परीक्षा में दो शिफ़्ट की भाजपाई साज़िश को कैंडिडेट्स भाँप गये हैं, इसीलिए उसके खिलाफ आंदोलनरत हैं। सपा प्रमुख ने रविवार को अपने बयान में कहा कि भाजपा की चाल है कि युवा बेरोज़गार ही रहें और एक दिन सस्ते में मज़दूरों की तरह काम करने पर मजबूर हो जाएं। अब बेरोज़गार युवा भाजपा का ये चुनावी-दुष्चक्र समझ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नौकरी और रोज़गार की परिभाषा में फँसाकर युवाओं और उनकी नौकरी के सपने देखनेवाले उनके माता-पिता को उलझाए रखती है, उससे कोई भी उम्मीद करना बेकार है। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद नौजवानों के लिए दो करोड़ नौकरियों देने को वादा था, 10 लाख भी नौकरियां नहीं दी। आज नौजवान रोजगार के अभाव में आत्महत्या कर रहा है।

# मेडिकल कॉलेजों में जल्द भेजे जाएंगे 36 विशेषज्ञ

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 14 नवंबर से, 26 नवंबर तक करना होगा ज्वाइन

**अमृत विचार।** सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 2021 बैच के पीजी(विशेषज्ञता) करने वाले चिकित्सकों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नियुक्त किया जाएगा। दो साल के तैनात होने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के लिए 14 नवंबर से ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू होगी। कॉलेज आवंटन के बाद 26 नवंबर तक ज्वाइनिंग देनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि साल 2018 के शासनादेशनुसार सरकारी मेडिकल कॉलेजों के पीजी अभ्यर्थियों को दो साल तक सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सेवाएं देनी होती हैं। उक्त क्रम में ही 2021 बैच के विभिन्न संस्थानों के विभिन्न विषयों के 35 विशेषज्ञ चिकित्सकों को जरूरत के अनुसार अलग अलग मेडिकल कॉलेजों में बतौर सीनियर रेजीडेंट पर नियुक्त किया जाएगा। उन्हें निर्धारित मानदेय भी दिया जाएगा। दस्तावेज जांचने के बाद कॉलेज आंवटन के लिए अभ्यर्थियो से 16 से 18 नवंबर तक मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं मांगी गयी हैं। इसके बाद सीट आवंटित की जाएंगी। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में 2020 के सप्लीमेंट्री बैच के एक अभ्यर्थी को भी तैनाती मिलेगी।

शोध कार्य — कैरी के वैज्ञानिक कर रहे जीन का अध्ययन, बर्ड फ्लू जैसी खतरनाक बीमारी से भी होगा बचाव

# जेनेटिक बदलाव से बढ़ाएंगे मुर्गियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी) के वैज्ञानिक जीन का अध्यक्ष कर मुर्गियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएंगे। इससे बर्ड फ्लू जैसी तमाम बीमारियों से मुर्गियों की मृत्यु दर में कमी जाएगी। इसके अलावा मुर्गी पालकों का नुकसान भी कम होगा। उपमहानिदेशक पशु स्वास्थ्य डॉ. राघवेंद्र भट्टा ने कुछ दिन पहले ही इस प्रोजेक्ट की औपचारिक शुरुआत की है।

कैरी के वैज्ञानिक डॉ. गौतम कुल्लूर ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य मुर्गियों की ऐसी नस्लों का विकास करना है, जो न केवल सामान्य रोगों बल्कि गंभीर बीमारियों जैसे बर्ड फ्लू और अन्य वायरल संक्रमणों से भी प्रभावी रूप से बचाव कर सकें। वर्तमान में मुर्गियों में ये बीमारियां उच्च मृत्युदर का कारण बनती हैं और इससे मुर्गीपालन उद्योग को भारी नुकसान होता है। ऐसे में इन बीमारियों से मुर्गियों को बचाने के लिए उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना बेहद महत्वपूर्ण है।



### बर्ड फ्लू से बचाव में मिलेगी मदद

- बर्ड फ्लू, जो एवियन इन्फ्लुएंजा के नाम से भी जाना जाता है। यह मुर्गियों के लिए एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है। यह वायरस मुर्गी पालन उद्योग के लिए एक बड़ा खतरा बन चुका है, और इसके फैलने से न केवल मुर्गियों की संख्या में भारी गिरावट होती है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी होता है। वैज्ञानिकों का यह शोध इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है, क्योंकि यदि मुर्गियां बर्ड फ्लू जैसी बीमारियों से सुरक्षित हो जाती हैं, तो इसका प्रभाव मुर्गीपालन उद्योग पर बहुत सकारात्मक होगा। यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले वर्षों में मुर्गियों की नस्लें अधिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वाली होंगी। यदि यह शोध सफल हो जाता है, तो मुर्गी पालन में इस्तेमाल होने वाली नस्लों में सुधार होगा। इस संबंध में संस्थान के निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान का यह प्रयास भारत में मुर्गीपालन को एक नई दिशा देने में सक्षम हो सकता है, जिससे किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त हो सके और मुर्गी पालन उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

### जेनेटिक सुधार की प्रक्रिया

इस प्रोजेक्ट के तहत वैज्ञानिक मुर्गियों के जेनेटिक कोड का अध्ययन कर रहे हैं, ताकि उनमें उन गुणों को लागू किया जा सके, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार कर सकें। वैज्ञानिकों ने पहले चरण में मुर्गियों के डीएनए की संरचना का विश्लेषण किया और यह देखा कि कुछ प्राकृतिक रूप से रोग प्रतिरोधी गुण मुर्गियों में मौजूद हैं। अब इन गुणों को प्रयोगशाला में विकसित किया जा रहा है, ताकि इन्हें मुर्गियों की अन्य नस्लों में प्रवेश कराया जा सके। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता उन जीन्स पर केंद्रित है, जो मुर्गियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। इन जीन्स की पहचान कर और उनके साथ प्रयोग करके वैज्ञानिक यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि मुर्गियों को भविष्य में इन खतरनाक बीमारियों से सुरक्षा मिल सके। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जेनेटिक परिवर्तन मुर्गियों के सामान्य जीवन पर किसी तरह का प्रतिकूल प्रभाव न डालें।

# 50 हजार के इनामी बदमाश को दबोचा

**लखनऊ।** एसटीएफ की प्रयागराज टीम ने रविवार को 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी ने दो साल पहले एक युवक को अगवा कर हत्या की थी। एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी प्रयागराज के कोतवाली इलाके के मीरगंज भारती भवन निवासी अंशु गुप्ता है। उसे टीम ने ललित नगर नई पानी की टंकी रेलवे कालोनी के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में अंशु गुप्ता ने कुबूल किया कि भारती भवन निवासी मोनू सारस्वत, नयन वैश्य, सुमित चौरसिया सभी दोस्त हैं। रानी मंडी अतरसुईयां निवासी आदर्श केसरवानी उसके दोस्त मोनू की पत्नी को परेशान करता था।

www.amritvichar.com पर भी ख़बरें पढ़ें


कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक: 1530 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 19/10/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती माला पत्नी स्व0 धन्धू | श्री धांधू पुत्र देवीदीन यादव | सिकन्दरपुरा -2 | 04 | 270 | वरासत |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

# पीपीजीआरएस पोर्टल का डीजीपी ने किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने रविवार को पीपीजीआरएस पोर्टल (पुलिस पेंशनर्स ग्रीवान्स रिड्रेसल सिस्टम) का उद्घाटन किया। उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स की शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए इस पोर्टल को तैयार किया गया है। इसे डीजीपी के निर्देशन में एडीजी टेक्निकल सेवा की मॉनिटरिंग में डीआईजी ने तैयार किया है।

डीजीपी ने इसकी शुरुआत एक सादे समारोह में की। उन्होंने बताया कि पुलिस पेंशनर्स की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी शिकायतों को ऑन लाइन दर्ज कराकर समय से निस्तारण कराने के लिए पोर्टल बनाया गया है। ताकि उनको इधर-उधर भटकना न पड़े। पेंशनर्स अपनी शिकायत पोर्टल https://ts.uppolice.gov.in/ppgrs/user/home.aspx पर कर सकते हैं। इसकी विशेषता है कि पेंशनर्स को अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराने की सहूलियत होगी। साथ ही शिकायत की प्रगति लगातार अपडेट की जाएगी, इसके अलावा अनुस्मारक भेजने और फीडबैक देने की भी सुविधा इसमें उपलब्ध कराई गई है।

# अपनी काया से लंबी दूरी तय कर राम के दर्शन का मन भाया

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

- राजस्थान के किशनगढ़ से अयोध्या के लिए कुल 910 किमी. की लेटते-लेटते (दंडवत) कर रहे यात्रा
- 8 मार्च, 2024 से अनवरत यात्रा करते हुए दीपेंद्र नाथ सवा माह बाद पहुंचेंगे अयोध्या

**अमृत विचार :** यह उच्च हौसला ही तो है, जिसके दम पर दीपेंद्र नाथ सरस्वती(74 वर्ष) राजस्थान के किशनगढ़ से अयोध्या की दूरी लेटते-लेटते अर्थात दंडवत होते हुए नाप रहे हैं। अपने आराध्य राम से मिलने की उनमें प्रबल आस्था है। उनमें जीजिविषा, जोश व जुनून भी है। अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला की स्थापना के साथ ही किशनगढ़ (राजस्थान) के पंच दशानन जूना अखाड़ा के दीपेंद्र नाथ सरस्वती ने ठान लिया कि किशनगंज से अयोध्या की दूरी वह अपनी 'काया' से ही नापेंगे। इसमें वे सफल होते भी दिख रहे हैं।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उन्होंने अपनी यात्रा की तारीख 8 मार्च, 2024 घोषित की थी। यात्रा के लिए एक मेटाडोर की गई। कुछ गद्दे लिए और चार साथियों का चुनाव कर चल दिए अपने आराध्य राम के द्वार। राह में आए तमाम झंझावातों से दो-चार होने वाले दीपेंद्र नाथ ने यात्रा के दौरान हार नहीं मानीं। जाड़े का मौसम बीता। गर्मी का मौसम शुरू हुआ। चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़ों के अलावा बारिश का सीजन भी उनको राह से डिगा नहीं पाए। अब जब जाड़े के सीजन ने फिर दस्तक दे दी है। उनका उत्साह कमतर नही हुआ है।

**लखनऊ होते हुए अब अयोध्या मार्ग पर :** दीपेंद्र नाथ सरस्वती राजस्थान के किशनगढ़ से अयोध्या की दंडवत यात्रा पर हैं। 8 मार्च 2024 को अपनी यात्रा शुरू कर अब वह 8 नवम्बर को लखनऊ होते हुए अयोध्या मार्ग पर हैं। वह एक दिन में 3 से 7 किलोमीटर की यात्रा तय करते हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह सवा महीने बाद अयोध्या में रामलला के दरबार में उपस्थित हो जाएंगे।

**दृढ़ संकल्प ने कराई 8 माह की यात्रा :** दीपेंद्र नाथ ने बताया कि 6 दिसंबर, 1992 को ही उन्होंने प्रण लिया था कि जब अयोध्या में राम मंदिर बन जाएगा व उसमें रामलला विराजमान हो जाएंगे तो उनके दर्शन को वह किशनगढ़ से अयोध्या तक लेटते-लेटते अर्थात दंडवत यात्रा करेंगे। बताया कि यात्रा करते करीब 8 माह हो गए हैं। लखनऊ पहुंचने पर जब "अमृत विचार" ने उनसे पूछा कि 910 किलोमीटर लंबी यात्रा व बदलते मौसम के बावजूद दंडवत यात्रा की हिम्मत कैसे जुटाई? जबकि किशनगढ़ से अयोध्या तक सीधी ट्रेन भी है और बस भी? इस पर उन्होंने बताया कि बस या ट्रेन से भी यात्रा की जा सकती थी,लेकिन वह सरल होती। किंतु हम तो रामलला के दर्शन को कुछ असामान्य यात्रा का संकल्प लिए थे। हम जनकल्याण और विश्व के कल्याण की भावना के साथ निकले हैं।



लखनऊ के लोहिया पथ पर दीपेंद्र की कुछ इस तरह से दिखी अयोध्या की यात्रा।

## दीपेंद्र नाथ के साथ हैं 5 लोग

दीपेंद्र नाथ सरस्वती की इस यात्रा में कुल 5 लोग सहभागी हैं। एक ड्राइवर, एक शिष्य व दो बुजुर्ग उनके दंडवत यात्रा आगे बढ़ने के सिलसिले को रफ्तार देते हैं। आगे गद्दा बिछाने और पीछे का गद्दा उठाने के लिए हैं। लखनऊ पहुंचकर उनकी आंखों की चमक बढ़ गई है। और बढ़े भी क्यों न... अयोध्या की दूरी अब समीप जो आती जा रही।

## जगह-जगह हुआ स्वागत

इस लंबी यात्रा में रास्ते का अनुभव पूछने पर दीपेंद्र नाथ ने बताया कि राजस्थान में यात्रा शुरू हुई तो लोगों ने उनका स्वागत जगह-जगह किया। लोगों ने उन्हें हौसला व धन दोनों दिए। उत्तर प्रदेश की सीमा पर जब वे पहुंचे तो खाने-पीने का काफी सामान व लगभग 2 लाख रुपये उनके पास जमा हो गये थे। यूपी में भी उनका स्वागत किया जा रहा है।

## राम तो आ गए रामराज्य आना शेष

दीपेंद्र नाथ सरस्वती कहते हैं कि अयोध्या में राम तो आ गये हैं, लेकिन रामराज्य आना शेष है। वह कहते हैं कि दंडवत यात्रा में परेशानियां तो आईं, किंतु मेरा ध्येय तो अयोध्या पहुंचना है...अपने आराध्य राम का दर्शन करना है।

## 32 वर्ष पहले लिया संकल्प

दीपेंद्र नाथ सरस्वती किशनगढ़ से जयपुर, दौसा, भरतपुर, आगरा, फिरोजाबाद, औरैया, कानपुर और उन्नाव होते हुए लखनऊ पहुंच चुके हैं। वे अब अयोध्या के रास्ते पर हैं। 32 साल पहले लिया हुआ संकल्प अब अपनी पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। दीपेंद्र नाथ की इस यात्रा के लिए यह वाक्य समीचीन लगता है कि "जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का, फिर देखना फिजूल है कद आसमान का।

## एक नजर

### 171 संविदा शिक्षकों को मनपसंद नर्सिंग कॉलेजों में मिलेगी तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में संविदा शिक्षकों की तैनाती के लिए 171 चयनित अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों में तैनाती दी जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय की वेबसाइट पर 11 नवम्बर से 13 नवंबर तक कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी। यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि संविदा शिक्षकों की नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा के बाद बीते सितंबर माह में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में साक्षात्कार संपन्न हुए थे। साक्षात्कार में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइट पर शनिवार को जारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में 22 एसोसिएट प्रोफेसर, 27 असिस्टेंट प्रोफेसर और 122 ट्यूटर शिक्षक शामिल हैं। इन सभी को कॉलेज आवंटन के बाद ज्वाइन करना होगा। साथ ही बताया कि अगर किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पद पर आवेदन किया गया है और दो पदों पर चयनित है तो उसे दोनो ही पदों की प्राथमिकता देनी होगी।

# नए इलेक्ट्रिक वाहनों के टैरिफ से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियामक आयोग ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए बिजली दरों में भी किया संशोधन
- हाइवे से लेकर नगर व कस्बों तक ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाएगी सरकार

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए बिजली दरों में भी संशोधन किया है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के नए आदेश के अनुसार, अब सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए टैरिफ को औसत लागत से भी कम रखा गया है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को किफायती दरों पर चार्जिंग की सुविधा मिलेगी, जिससे ईवी को अपनाने में तेजी आएगी।

इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को प्रोत्साहित करने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश नवीकरणीय और ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (यूपीआरईवी) की स्थापना की है। सरकार का लक्ष्य है कि ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए बेहतर दरें निर्धारित की जाएं ताकि परिवहन क्षेत्र में हरित ऊर्जा का अधिक उपयोग हो सके। इस कदम से राज्य में ईवी उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है।



यूपीआरईवी के तहत राज्य के प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल का उपयोग किया जाएगा, जिससे निजी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में तेजी आएगी। सरकार ने अन्य सरकारी विभागों के साथ मिलकर राज्य की भूमि को चार्जिंग स्टेशनों के लिए राइट टू यूज के आधार पर उपयोग करने की अनुमति दी है। इस पहल से राज्य के डिस्कॉम कार्यालयों, सब स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ईवी चार्जिंग पॉइंट्स स्थापित किए जा रहे हैं। इससे युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है।

## 2000 करोड़ की सब्सिडी लेने की बन रही योजना

यूपीईआरवी के माध्यम से राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत 2000 करोड़ रुपये की सब्सिडी का लाभ उठाने की योजना बना रही है, जिससे और अधिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जा सके।

# बच्चों को भोजन के साथ दिया जाएगा पौष्टिक स्नैक्स : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के तहत हर गुरुवार को स्नैक्स देने के निर्देश दिए
- पौष्टिक स्नैक्स पर खर्च होगा 95 करोड़ रुपये, मिलेगा मूंगफली की चिक्की, बाजरे के लड्डू और भुना चना



**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बेसिक और जूनियर हाई स्कूल के बच्चों के समग्र विकास के लिए पौष्टिक भोजन के साथ पौष्टिक स्नैक्स उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह पौष्टिक स्नैक्स बच्चों को विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के तहत दिए जाएंगे। इसमें मूंगफली की चिक्की, बाजरे के लड्डू और भुना चना आदि शामिल है। इस पर 95 करोड़ रुपये खर्च होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को नवंबर से बेसिक और जूनियर हाई स्कूल के बच्चों को विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के तहत हर गुरुवार को पौष्टिक स्नैक्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पीएम पोषण योजना के तहत कक्षा 1 से 8 तक के 1.74 करोड़ छात्रों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से बच्चों को हर दिन 100 से 150 ग्राम अनाज दिया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए चक्की के लड्डू, बाजरे के लड्डू, मूंगफली की चिक्की, भुना चना जैसे खाद्य पदार्थ भी योजना में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सरकार करीब 95 करोड़ रुपये खर्च करेगी। छात्रों को पौष्टिक स्नैक्स का लाभ देने के लिए प्रदेश भर में 3.72 लाख रसोइयों को नियुक्त किया गया है। इन्हे प्रत्येक माह 2000 रुपये का मानदेय और साल में एक बार यूनिफॉर्म के लिए 500 रुपये की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा रसोइयों को नियमित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वे बच्चों के लिए पोषण युक्त और स्वादिष्ट भोजन तैयार कर सकें। यह कदम योजना की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने और रसोइयों को बेहतर सेवाएं देने के लिए उठाया गया है।

## डिजिटल निगरानी और सोशल ऑडिट होगी

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डिजिटल निगरानी और सोशल ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं। इससे खाद्यान्न की आपूर्ति और उपयोग की सही जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही योजना के निष्पक्षता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# बसपा ने तीन पदाधिकारियों को पार्टी से निकाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप चुनाव से पहले बड़ी कार्रवाई, तीन और बड़े नेता रडार पर

**अमृत विचार :** प्रदेश में हो रहे उप चुनाव के दौरान अनुशासनहीनता के आरोप में बसपा प्रमुख मायावती ने अपने तीन वरिष्ठ नेताओं को अनुशासनहीनता के आरोपों में पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। ये तीनों नेता बसपा प्रमुख द्वारा मना करने के बावजूद, गाजियाबाद में नेता मुनकाद अली की पुत्री की शादी में शामिल हुए थे। जिसकी खबर मिलते ही मायावती ने सख्त निर्णय लिया है।

दरअसल, बीते दिनों गाजियाबाद में बसपा नेता मुनकाद अली के पुत्र की शादी थी, जिसमें सपा के नेताओं की संभावना के चलते बसपा प्रमुख द्वारा अपने पार्टी के कई नेताओं को पार्टी में जाने से रोका गया था। इसके बावजूद मेरठ मंडल प्रभारी प्रशांत गौतम, जिला प्रभारी महावीर सिंह प्रधान व दिनेश काजीपुर ने पार्टी प्रमुख के आदेश को अनदेखा किया है और शादी में शामिल होने को पहुंच गए थे। हालांकि शादी में शामिल हुए अन्य नेताओं पर कार्रवाई होने के सवाल पर पार्टी नेताओं ने चुप्पी साध ली।

# लंबी विदेश यात्रा के लिए चिकित्सकों को शासन से लेनी होगी अनुमति

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में सेवारत अधिकारी एवं चिकित्सक बिना राज्य सरकार की अनुमति के 15 दिन से ज्यादा विदेश यात्रा नहीं कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें, शासन से अनुमति लेनी होगी। स्वास्थ्य महानिदेशक के अधिकारों में शासन द्वारा कटौती की गयी है। यह निर्देश प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा जारी कर दिया गया हैं। दरअसल स्वास्थ्य विभाग के सरकारी चिकित्सक व अन्य कर्मियों को बीते साल जुलाई 2023 के शासनादेश के तहत विदेश यात्रा के लिए एक माह तक का अवकाश महानिदेशक द्वारा मिल जाता है। इससे ज्यादा दिन की यात्रा के लिए महानिदेशक द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर शासन निर्णय करता है। इस आदेश को रद्द करते हुए प्रमुख सचिव स्वास्थ्य द्वारा महानिदेशक व विभागाध्यक्ष को विदेश यात्रा के लिए अधिकतम 15 दिन तक अवकाश स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि 15 दिन से ज्यादा अवकाश के आवेदन को विभागाध्यक्ष की संस्तुति के साथ शासन को भेजा जाए।

## वर्ग पहेली-248

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है,टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर; छेद।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | 5 | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | |

## वर्ग पहेली -247 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | ■ | ■ | 2 गों |
| रा | ■ | ■ | 3 ज़ो | ■ | द |
| लुं | ■ | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | ■ | ■ | दा | ■ | ■ |
| त | ■ | 5 अ | र | का | न |
| ■ | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 6 लं | घ | न | ट | ■ | ■ |

# महाकुंभ : प्लास्टिक बैन, प्राकृतिक उत्पादों की होगी आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जूट व कपड़े के थैले, दोने, पत्तल और कुल्हड़ स्टॉल की जारी हुई निविदा
- दुकानदारों को भी प्राकृतिक उत्पादों का ही प्रयोग करने का निर्देश जारी

**अमृत विचार :** महाकुंभ में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को पूरी तरह बैन करने के साथ ही प्राकृतिक उत्पाद दोना, पत्तल, कुल्हड़ और जूट व कपड़े के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा देने की व्यवस्था शुरू हो गई है। मेला क्षेत्र में जूट व कपड़े के थैले, दोने, पत्तल और कुल्हड़ के स्टॉल खोले जाएंगे। इसके लिए निविदा जारी की गई है।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर महाकुंभ के दौरान प्लास्टिक के सामनों के विकल्प के तौर पर प्राकृतिक उत्पादों का प्रयोग करने के स्टॉल लगाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इसके लिए दोने, पत्तल, कुल्हड़ व कपड़े या जूट के थैलों के स्टॉल लगाने की निविदा जारी की गई है। इन स्टॉल से महाकुंभ के दौरान प्राकृतिक उत्पादों की आपूर्ति सप्लाई पूरे मेला क्षेत्र में की जाएगी। साथ ही महाकुंभ के दौरान दुकानदारों को भी प्राकृतिक उत्पादों का ही प्रयोग करने का निर्देश जारी किया गया है। महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।




## मंडलायुक्त ने दिया पॉलीथीन की थोक आपूर्ति रोकने के निर्देश

प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शहर को विभिन्न जोन में बांटते हुए हर जोन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जो अपने जोन को स्वच्छ और प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए कार्ययोजना के तहत काम करेंगे। उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा साप्ताहिक तौर पर की जाएगी। साथ ही उन्होंने शहर में सभी पॉलीथीन बैग के थोक विक्रेताओं को शहर में पॉलीथीन की सप्लाई रोकने के भी निर्देश जारी किए हैं।

## सवा लाख दीयों की रोशनी से जगमग हुए यमुना के घाट

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाकुंभ के पहले प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर रविवार को कालिंदी महोत्सव में सवा लाख दीयों की रोशनी से यमुना के घाट नहा उठे। अखाड़ों की तरफ से यहां महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराने की कामना भी की गई। हाल ही में देवोत्थान एकादशी की पूर्व संध्या पर कुंभ नगरी प्रयागराज में कालिंदी महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार की तरफ से इस घाट का कायाकल्प 1.2 करोड़ रुपये के बजट से किया गया है। दीपोत्सव में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षण वाली श्री दत्तात्रेय सेवा समिति की अगुवाई में सभी अखाड़ों के साधु संतों और कुंभ मेला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के सभापति महंत प्रेम गिरी का कहना है कि महाकुंभ के पूर्व देवोत्थान एकादशी की पूर्व संध्या के पावन अवसर पर मां कालिंदी के तट पर सवा लाख मिट्टी के दीए जलाए गए। सभी प्रमुख अखाड़ों से आए संतों और स्थानीय नागरिकों ने प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के सकुशल संपन्न होने की कामना भी भी यमुना मां से की। कालिंदी महोत्सव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम चौधरी और हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंच दशनाम नाम जूना अखाड़े के सभापति महंत प्रेम गिरि महाराज ने की।

**महाकुंभ के कैनवास पर रंग चढ़ाने उतरे युवा :** रविवार से प्रदेश सरकार के साथ प्रदेश भर के युवा भी ग्राउंड जीरो पर उतर गए हैं। हरित महाकुंभ के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए अयोध्या, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कानपुर, कुशीनगर समेत प्रदेश भर के युवा और बच्चे चंद्रशेखर आजाद पार्क में एकत्रित हुए और महाकुंभ के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के चित्र कैनवास पर उकेरे।

## सुडोकू -161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 6 | 3 | | | | | | |
| | | 2 | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | 4 | | |
| 8 | | | | | | 7 | | |
| | | | | | | 2 | | |

## सुडोकू - 160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 नवंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 18 .46 तक तत्पश्चात एकादशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- शतभिषा 09 .40 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज जॉब में आपको मनोनुकूल काम दिया जा सकता है। आपके सहकर्मी आपकी उन्नति से काफी प्रसन्न रहेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित करने में सफल रहेंगे। रियल एस्टेट कारोबारियों का रुका हुआ धन एक साथ प्राप्त हो सकता है।

**वृष** — आज आपको घर में भी ऑफिस का काम करना पड़ सकता है। आपको किसी भी मामले पर त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचना चाहिए। दूसरों के अटके हुए मामलों को सुलझाने में आप सफलता रहेंगे। अनुसंधान से जुड़े कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है।

**मिथुन** — आज आप घर की जिम्मेदारियों से घिरे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ एकांत में समय बिताना चाहेंगे। आप किसी विशेष पूजा में भी भाग ले सकते हैं। लोगों की सलाह और बातों से ज्यादा प्रभावित न हों। अपने विवेक से ही निर्णय लेना हितकर होगा।

**कर्क** — आज नए कार्यों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। योग और संतुलित जीवनशैली अपनाने का प्रयास करें। आपके सही कार्यों को भी लोग निशाने में लेंगे। आपको व्यवसाय में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** — आज कमीशन से जुड़े कार्यों से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। साझेदारी में नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बना सकते हैं। परिजन आपका उत्साहवर्धन करेंगे। युवा प्रेमी अपने प्रेम की अभिव्यक्ति भी कर सकते हैं। बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंता दूर होगी।

**कन्या** — आज नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है। ऑनलाइन कारोबार में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

**तुला** — आज मीटिंग और महत्वपूर्ण बैठकों में आपको सम्मानित किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर आपसे नए लोग जुड़ सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर आप थोड़े कनफ्यूज रहेंगे, लेकिन शाम तक आप किसी न किसी निष्कर्ष में पहुंच जाएंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यापारियों के लिए दिन विशेष नहीं है। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी के कारण विषय समझने में कठिनाई हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कार्यक्षेत्र में नए प्रतिद्वंदी उत्पन्न हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों की मदद आपको मिलती रहेगी।

**धनु** — आज किसी बड़ी कंपनी के साथ इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं, जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी। व्यवसाय में अपनी सेवाओं और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन उत्साह से भरपूर रहेगा।

**मकर** — आज दांपत्य संबंधों में मिठास बढ़ेगी। व्यापारिक यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ के कार्यों में आप समय बर्बाद कर सकते हैं। उधार लिए हुए धन को वापस लौटाने का दबाव रहेगा। दूसरों की जिम्मेदारी अपने ऊपर न लें।

**कुंभ** — आज आपकी अहमियत को लोग समझेंगे। नए कार्यों को शुरू करने में आ रही बाधा दूर होगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। बिगड़े हुए संबंधों को सुधारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मीन** — आज घर पर अधिकाधिक समय बिताना लाभकारी होगा। सेहत पर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आपको उधार में धन देने से बचना चाहिए। सरकारी नियमों की अनदेखी न करें। वरना अर्थदंड का सामना करना पड़ सकता है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- प्यार के काबिल — सुबह : 09 .00
- थानेदार — शाम : 06 .00

&pictures
- बिम्बिसार — सुबह : 11.03
- तिरंगा — रात : 07 .30

Sony Pix
- 2012 — सुबह : 09 .28
- मोर्टल कॉम्बेट — रात : 09 .00

Zee Cinema
- साथी — सुबह : 08 .55
- मालामाल वीकली — रात : 08 .45

Zee Action
- हफ्ता बंध — सुबह : 11.00
- सूर्या 3 — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति - ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति - तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज'काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

## एक नजर

### कनाडा में एसबीआई के बैंकिंग परिचालन पर कोई असर नहीं: चेयरमैन

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक तनाव की स्थिति पैदा होने के बावजूद कनाडा में अपनी गतिविधियों के संचालन में किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। बैंक के एक शीर्ष बैंक अधिकारी ने यह बात कही है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि वर्ष 1982 से ही कनाडा में बैंकिंग सेवाएं देने वाले एसबीआई को उत्तरी अमेरिकी देश में सभी हितधारक स्थानीय बैंक के रूप में देखते हैं। शेट्टी ने पीटीआई–भाषा से कहा, हमने नियामकों या ग्राहकों के बीच दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं देखा है, यह सामान्य रूप से कारोबार है। एसबीआई कनाडा में टोरंटो, ब्रैम्पटन और वैंकूवर जैसे शहरों में अपने पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के माध्यम से आठ शाखाओं का संचालन करता है।

### कोयला आयात अप्रैल-सितंबर में आठ प्रतिशत बढ़कर 14.06 करोड़ टन पर

**नई दिल्ली।** भारत का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल–सितंबर अवधि में 7.8 प्रतिशत बढ़कर 14.06 करोड़ टन हो गया। ई–कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले इसी अवधि में देश का कोयला आयात 13.03 करोड़ टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक और सीईओ विनय वर्मा ने कहा कि स्टॉक की अच्छी स्थिति और घरेलू बाजार में हाजिर ई–नीलामी के जरिये अधिक मात्रा की पेशकश से कोयला आयात की मांग सामान्य रहने की संभावना है।

# ईंधन का सबसे बड़ा निर्यातक बना भारत

## भारत के रास्ते यूरोप पहुंच रहा रूसी तेल, डीजल जैसे ईंधन का निर्यात 58 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूक्रेन युद्ध के बाद भारत की रूस से तेल खरीद बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गई
- दिसंबर 2022 में यूरोपीय संघ और जी7 देशों ने रूस पर लगा दिया था प्रतिबंध



वर्ष 2024 की पहली तीन तिमाहियों में भारत से यूरोपीय संघ को डीजल जैसे ईंधन का निर्यात 58 प्रतिशत बढ़ गया। एक मासिक निगरानी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ऐसे में माना जा रहा है कि इसमें रूस से आने वाले कच्चे तेल की बड़ी हिस्सेदारी है, जिसे परिष्कृत करके यूरोप भेजा जा रहा है।

दिसंबर 2022 में यूरोपीय संघ और जी7 देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाते हुए उसके कच्चे तेल के आयात पर मूल्य सीमा और प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, रूस के कच्चे तेल से बने परिष्कृत ईंधन पर नीति में स्पष्टता की कमी का मतलब था कि प्रतिबंध नहीं लगाने वाले देश बड़ी मात्रा में रूसी कच्चे तेल का आयात कर सकते हैं और उन्हें परिष्कृत उत्पादों में बदलकर प्रतिबंध लगाने वाले देशों को कानूनी रूप से निर्यात कर सकते हैं। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद भारत रूसी कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है।

देश का रूस से आयात यूक्रेन युद्ध से पहले कुल आयातित तेल के एक प्रतिशत से भी कम था और युद्ध के बाद खरीद बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गई है। ऊर्जा और स्वच्छ वायु पर शोध केंद्र (सीआरईए) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि शोधन नियमों में खामियों का लाभ उठाते हुए, भारत अब यूरोपीय संघ को तेल उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तीन तिमाहियों में जामनगर, वडिनार (गुजरात) और मैंगलोर रिफाइनरी से यूरोपीय संघ को निर्यात सालाना आधार पर 58 प्रतिशत बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जामनगर में तेल रिफाइनरियां हैं, जबकि रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की वडिनार में एक इकाई है। मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) सरकारी स्वामित्व वाली ओएनजीसी की सहायक कंपनी है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार में भारी कमी होने से 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर आ गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर गिरकर 684.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.9 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 589.8 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं स्वर्ण भंडार 1.2 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 69.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 10 लाख डॉलर की गिरावट आई और यह 18.2 अरब डॉलर पर आ गया।

## सिंगापुर एयरलाइंस एयर इंडिया में करेगी 3,195 करोड़ निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- सिंगापुर एयरलाइंस के पास विस्तारित एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जाएगी

सिंगापुर एयरलाइंस नवंबर में विस्तारा के विलय के बाद टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया में 3,194.5 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी। इस विलय समझौते की घोषणा 29 नवंबर, 2022 को की गई थी और यह 11 नवंबर, 2024 को पूरा होने जा रहा है। इस विलय की वजह से सिंगापुर एयरलाइंस के पास विस्तारित एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जाएगी।

विस्तारा ने नौ जनवरी, 2015 को उड़ानों का परिचालन शुरू किया था। टाटा समूह के साथ स्थापित इस संयुक्त उद्यम में सिंगापुर एयरलाइंस की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) समूह ने शुक्रवार को कहा कि विलय के लिए उसके विचार में विस्तारा में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी और विस्तारित एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के बदले में 2,058 करोड़ रुपये नकद शामिल हैं। विलय पूरो होने के बाद एसआईए को लगभग 1.1 अरब सिंगापुर डॉलर के गैर-नकद लेखांकन लाभ को मान्यता देने और एयर इंडिया के वित्तीय परिणामों में अपने हिस्से के लिए इक्विटी लेखांकन शुरू करने की उम्मीद है। शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, विलय में एसआईए के लिए एक समझौता शामिल है, जो विलय के पूरा होने से पहले टाटा द्वारा पहले प्रदान की गई किसी भी फंडिंग में अपना हिस्सा देने के लिए है। साथ ही 5,020 करोड़ रुपये तक की फंडिंग लागत भी है।

## धोखाधड़ी कॉल रोकने की प्रणाली ने 2,500 करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति बचाई : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय संचार मंत्री ने बताया कि रोजाना 1.35 करोड़ कॉल रोक रही

सरकार ने धोखाधड़ी वाली कॉल रोकने के लिए तकनीकी प्रणाली तैनात की है, जो रोजाना ऐसी 1.35 करोड़ कॉल को रोक रही है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसने अब तक लोगों की 2,500 करोड़ रुपये की संपत्ति बचाने में मदद की है।

मंत्री ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि ज्यादातर फर्जी कॉल देश के बाहर के सर्वर से आते हैं, और प्रणाली ऐसी ज्यादातर धोखाधड़ी वाली कॉल को रोकने में सक्षम हैं। सिंधिया ने कहा, आपके फोन पर आने वाली मार्केटिंग कॉल और धोखाधड़ी वाली कॉल से निपटने के लिए हमने एक पूर्ण प्रणाली लागू की है। हमारे दूरसंचार विभाग के धोखाधड़ी का पता लगाने वाले नेटवर्क ने आज संचार साथी और चक्षु के की मदद से लोगों की लगभग 2,500 करोड़ रुपये की संपत्ति बचाई है। उन्होंने कहा कि इन प्रणालियों के कारण करीब 2.9 लाख फोन नंबर बंद हो गए हैं और करीब 18 लाख हेडर ब्लॉक हो गए हैं, जिनका इस्तेमाल संदेश भेजने के लिए किया जाता था।

मंत्री ने कहा कि इसके अलावा ऐसे धोखेबाज जो भारत के बाहर के सर्वर का इस्तेमाल करते थे, लेकिन खुद को 91 नंबर (भारतीय नंबर) के रूप में पेश करते थे, उनकी पहचान भी की जा रही है। उन्होंने बताया, हमने ऐसे सॉफ्टवेयर लगाए हैं जो इन कॉल को रोकते हैं। जो औसतन प्रतिदिन 1.35 करोड़ ऐसे कॉल को ब्लॉक कर रहे हैं।

## वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज 4.7 अरब डॉलर घटा: अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली।** सूचीबद्ध खनन समूह वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज दो वर्षों में 4.7 अरब डॉलर घटा है। चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय अनुशासन से समूह को ऋणमुक्त बनाने में मदद मिली। उन्होंने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कहा कि वेदांता लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 20,639 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक एबिटडा दर्ज किया। ऐसा उच्च उत्पादन, परिचालन उत्कृष्टता और गतिशील वैश्विक वातावरण से लाभ उठाने के कारण हुआ।

## मोदी सरकार में निजी निवेश और व्यापक उपभोग पटरी से उतरे : जयराम रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी



- दावा- लगातार आय में स्थिरता के कारण मांग संकट का सामना कर रहा देश

कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि भारत लगातार आय में स्थिरता के कारण मांग संकट का सामना कर रहा है। मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि संप्रग सरकार के दौरान लगातार जीडीपी वृद्धि को गति देने वाला निजी निवेश और व्यापक उपभोग का दोहरा इंजन मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों में पटरी से उतर गया है।

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सरकार से कहा कि वह कांग्रेस के प्रस्तावों को स्वीकार करे, जिसमें ग्रामीण भारत में आय वृद्धि को गति देने के लिए मनरेगा मजदूरी को न्यूनतम 400 रुपये प्रतिदिन तक बढ़ाना, किसानों के लिए एमएसपी और ऋण माफी की गारंटी देना तथा महिलाओं के लिए मासिक आय सहायता योजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समय बीतने के साथ ही भारत के घटते उपभोग की त्रासदी अधिक स्पष्ट होती जा रही है। उन्होंने एक बयान में कहा कि पिछले सप्ताह, भारतीय उद्योग जगत के कई सीईओ ने सिकुड़ते मध्य वर्ग पर चिंता जताई थी और अब, नाबार्ड के अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण (एनएएफआईएस) 2021-22 के नए आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत के मांग संकट की वजह लगातार आय में स्थिरता है। रमेश ने सर्वेक्षण के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि औसत मासिक घरेलू आय कृषि परिवारों के लिए 12,698 रुपये से 13,661 रुपये और गैर-कृषि परिवारों के लिए 11,438 रुपये है।



## एक नजर

### प्रसिद्ध लेखिका इंदिरा सौंदरराजन का निधन

**चेन्नई।** प्रसिद्ध तमिल उपन्यासकार एवं लेखिका इंदिरा सौंदरराजन का रविवार को मदुरै में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 65 वर्ष की थी। सौंदरराजन अपनी असाधारण कहानी कहने की कला के लिए जानी जाती थीं। उनकी कहानियां रहस्यवाद, रहस्य और हिंदू परंपरा के तत्वों को सहजता से जोड़ती हैं। उनकी रचनाओं में शिवम मय्यम, मरगधा वीनाई, मर्म देशम, विदथु करुप्पु, कात्रई वरुवेन और स्वर्ण रेखा जैसे प्रतिष्ठित उपन्यास शामिल हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, सूचना मंत्री एमपी समिनाथन और विभिन्न दलों के नेताओं और तमिल साहित्य जगत ने निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### प्रख्यात तमिल अभिनेता दिल्ली गणेश का निधन

**चेन्नई।** प्रख्यात तमिल अभिनेता दिल्ली गणेश का बीमारी के कारण यहां उनके आवास पर शनिवार देर रात निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। दिल्ली गणेश के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा और दो बेटियां हैं। उन्हें उनकी विभिन्न सहायक भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, जिनमें हास्यपूर्ण और नकारात्मक भूमिकाएं भी शामिल हैं। फिल्म जगत ने उनके निधन पर शोक जताया और अभिनेताओं और फिल्म निर्देशकों ने गणेश के आवास पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। तमिलनाडु सरकार की ओर से स्वास्थ्य मंत्री एम. सुब्रमण्यम ने पुष्पांजलि अर्पित की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने गणेश के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि यह तमिल सिनेमा उद्योग के लिए बड़ी क्षति है।

### असम : उपचुनाव से पहले हुई हिंसा से हिला सामागुरी

**नगांव (असम)।** असम में सामागुरी विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले हिंसा की घटनाओं के बीच सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दल कांग्रेस ने पिछले 24 घंटे में एक–दूसरे के समर्थकों को निशाना बनाते हुए गोलियां चलाए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह भी आरोप लगाया गया कि हिंसा पर रिपोर्टिंग करने गए तीन पत्रकारों से कांग्रेस समर्थकों ने मारपीट की।

# समाज की ताकत को तोड़ना चाहती है कांग्रेस

## झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी की हुंकार, एकजुट रहने का संदेश देते हुए एक हैं तो सेफ हैं का नारा बुलंद किया

बोकारो, एजेंसी



गुमला जिले में एक रैली के दौरान झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। • एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को तोड़कर उन्हें छोटी-छोटी जातियों में बांटना चाहती है। उन्होंने झारखंड की जनता को एकजुट रहने का संदेश देते हुए एक हैं तो सेफ (सुरक्षित) हैं का नारा भी बुलंद किया। झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद समाज के इस बिखराव का चुनावी फायदा उठाया और केंद्र में सरकारें बनाती रही।

उन्होंने कहा, कांग्रेस हमेशा से एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति) और ओबीसी की एकजुटता की घोर विरोधी रही है। आजादी के बाद जब तक एससी, एसटी और ओबीसी समाज बिखरा रहा, कांग्रेस बांटो और राज करो के सिद्धांत के जरिये केंद्र में सरकारें बनाती रही। लेकिन जैसे ही ये समुदाय एकजुट हुए...कांग्रेस फिर पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में अपनी सरकार नहीं बना पाई। मोदी ने लोगों से इस गणित को समझने का अनुरोध किया और कहा कि 1990 में ओबीसी समुदाय को जब आरक्षण मिला तब इस समाज की अलग-अलग जातियों का संख्या बल एक साथ जुड़ गया।

### जब मनमोहन पीएम थे, सोनिया सरकार चलाती थीं : मोदी

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 दिन में रविवार को दूसरी बार झारखंड पहुंचे। उन्होंने बोकारो के चंदनकियारी और गुमला में सभा की। उन्होंने एक बार फिर रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा का नारा दिया। कहा– भाजपा का यहां एक ही मंत्र है हमने झारखंड बनाया है हम ही संवारेंगे। उन्होंने 2004 से 2014 तक केंद्र में रही कांग्रेस नीत यूपीए सरकार का भी जिक्र किया। मोदी बोले– जब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं। उन्होंने झारखंड को कुछ नहीं दिया। राज्य बनने का भी विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा– कांग्रेस और उसके सहयोगी जम्मू–कश्मीर में आर्टिकल 370 वापस लाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाए। उनका ये सपना कभी पूरा नहीं होगा। हमनें 370 को जमीन में गाड़ दिया है। अब ये इसे कभी नहीं लागू कर पाएंगे।

## कर्नाटक में दलितों के पहली बार मंदिर में प्रवेश से तनाव

मांड्या, एजेंसी

- मौजूदा तनाव को देखते हुए हनाकेरे में भारी पुलिस बल तैनात

कर्नाटक के मांड्या जिले के एक गांव में रविवार को उस समय तनाव फैल गया जब जिला प्रशासन ने दलितों को पहली बार कालभैरवेश्वर मंदिर में प्रवेश और पूजा करने की मंजूरी दे दी। हनाकेरे गांव में रहने वाले ऊंची जाति के लोग दलितों के मंदिर में प्रवेश से नाराज होकर मंदिर में स्थापित धातु वाली उत्सव मूर्ति को कथित तौर पर अपने साथ ले गये। गांव में उच्च जाति के ज्यादातर लोग वोक्कालिगा जाति से ताल्लुक रखते हैं। मौजूदा तनाव को देखते हुए हनाकेरे में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, गांव में एक पुराना कालभैरवेश्वर स्वामी मंदिर है और दलितों को कभी भी उसमें प्रवेश की अनुमति नहीं थी। लगभग तीन साल पहले मंदिर के पुराने ढांचे को ध्वस्त कर एक नया मंदिर बनाया गया। हाल ही में, यह मंदिर राज्य सरकार के धार्मिक बंदोबस्ती विभाग के नियंत्रण में आ गया।

इसके तुरंत बाद दलितों ने मंदिर में प्रवेश करने का फैसला किया लेकिन उच्च जाति के समुदाय के लोग इस बात पर सहमत नहीं हुए। दलितों ने अपने साथ हुए भेदभाव की शिकायत जिला प्रशासन से की, जिसके बाद दो शांति बैठकें आयोजित की गईं लेकिन वे विफल रहीं। रविवार को दलितों ने पुलिस सुरक्षा के बीच मंदिर में प्रवेश किया।

## तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी हद तक गिर सकता है एमवीए : अमित शाह

जलगांव/बुलढाणा, एजेंसी



- कहा- कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले मुस्लिम आरक्षण की मांग से सहमत

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले उलेमा काउंसिल की मुस्लिम आरक्षण की मांग से सहमत हैं।

शाह ने जलगांव जिले के रावेर विधानसभा क्षेत्र और बुलढाणा के मल्कापुर विधानसभा क्षेत्र में रैलियों को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने उलेमा संघ द्वारा विपक्षी कांग्रेस को हाल ही में सौंपे गए एक ज्ञापन की ओर इंगित किया, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग की गई है। शाह ने बुलढाणा में कहा, पटोले अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण खत्म करने और उलेमा काउंसिल की मांग के अनुसार इसे मुसलमानों को देने पर सहमत हो गए हैं।

## नोएडा में बिजली के खंभे पर चढ़ा शख्स दो घंटे के बाद उतरा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के सेक्टर 76 में एक शख्स रविवार को बिजली के खंभे पर चढ़ गया और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद अधिकारी उसे खंभे से नीचे उतरने के लिए राज़ी कर सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय भगवान दास के तौर पर हुई है और वह टाइल पत्थर लगाने का काम करता है तथा महोबा जिले का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खंभे से नीचे उतारने के बाद व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## देश को आरएसएस, मोदी और शाह से खतरा

मुंबई, एजेंसी



- कांग्रेस प्रमुख खरगे ने संविधान बचाओ सम्मेलन में प्रधानमंत्री पर निशाना साधा और आरोप लगाया

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि भारत को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से खतरा है। खरगे ने मुंबई में संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि संसद में चर्चा और बहस की अनुमति नहीं है।

खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं एक हैं तो सेफ हैं जबकि (भाजपा के) अन्य नेता बंटेंगे तो कटेंगे की बात करते हैं। किसे खतरा है? क्या कोई समस्या है? वास्तव में, देश को आरएसएस, भाजपा, मोदी और शाह से खतरा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नारा बंटेंगे तो कटेंगे भी काफी चर्चा में है जिसे हिंदुओं से एकजुट रहने के आह्वान के तौर पर देखा जा रहा है। खरगे ने मोदी के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए सवाल किया कि क्या उन्हें लोकतांत्रिक प्रधानमंत्री कहा जा सकता है? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, मुद्दों का समाधान चर्चा के जरिए किया जा सकता है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा लेकिन वे (भाजपा) लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। खरगे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों के कार्यकालों के विपरीत मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक शिष्टाचार नहीं है।

## कुकी उग्रवादियों ने महिला किसानों पर हमला किया

इम्फाल, एजेंसी

- हमले में महार रेजिमेंट का एक जवान घायल हो गया

मणिपुर के इम्फाल ईस्ट के सानासाबी लंपाक में रविवार को कुकी उग्रवादियों ने महिला किसानों पर हमला किया जिसमें महार रेजिमेंट का एक जवान घायल हो गया। उग्रवादियों ने महिला किसानों पर शक्तिशाली बमों से हमला किया। महिलाएं वहां से हट गईं और मणिपुर पुलिस और महार रेजिमेंट की संयुक्त टीम ने वहां पहुंचकर उग्रवादियों का सामना किया। इस दौरान के एक जवान को बाएं हाथ में गोली लगी। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच करीब 17 महीनों से चल रहे साम्प्रदायिक हिंसा के बाद, जिसमें 230 से अधिक लोगों की मौत हुई है, एक और हमला हुआ है। शनिवार को बिष्णुपुर के सैतोन इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों ने किसानों पर गोली चलाई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई।

## पंजाब में पराली जलाने के 345 नए मामले

चंडीगढ़, एजेंसी

- 15 सितंबर से 10 नवंबर तक 6,611 घटनाएं हुईं

पंजाब में रविवार को पराली जलाने के 345 मामले सामने आए जिनमें से सबसे अधिक 116 घटनाएं संगरूर जिले में दर्ज की गईं। इसी के साथ खरीफ फसल की कटाई के बाद से अब तक राज्य में पराली जलाने के 6,600 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। पंजाब दूरसंवेदी केंद्र द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 15 सितंबर से 10 नवंबर तक पंजाब में पराली जलाने की 6,611 घटनाएं हुई हैं।

जानकारी के मुताबिक रविवार को संगरूर जिले में पराली जलाने की 116 घटनाएं सामने आईं जबकि मानसा में 44, फिरोजपुर में 26, मोगा और फरीदकोट में 24-24 तथा मुक्तसर में पराली जलाने की 20 घटनाएं दर्ज की गईं। अक्टूबर और नवंबर में धान की कटाई के बाद पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं को अक्सर दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है।

### जींद: 11 किसानों पर पराली जलाने के आरोप में प्राथमिकी

**जींद (हरियाणा)।** जिले में पुलिस ने 11 किसानों के खिलाफ पराली जलाने के आरोप में मामले दर्ज किए हैं। वायु प्रदूषण के मद्देनजर सरकार ने पराली जलाने पर रोक लगाई हुई है। खेतों में भौतिक निरीक्षण के साथ उपग्रह से नजर रखी जा रही है। पराली जलाने पर जुर्माने के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जा रहा है।

## आईपीएस अधिकारियों को धमका रहे जगन : पवन

गुंटूर, एजेंसी

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने रविवार को आरोप लगाया कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी आईपीएस अधिकारियों को धमका रहे हैं। उन्होंने साथ ही चेतावनी दी कि अगर पुलिस अधिकारियों को कोई नुकसान पहुंचता है तो राज्य सरकार कार्रवाई करेगी।

उपमुख्यमंत्री की यह टिप्पणी जगन रेड्डी के हालिया बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि भविष्य की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार विपक्षी पार्टी के सदस्यों को कथित रूप से परेशान करने वाले पुलिस अधिकारियों को नहीं बख्शेगी। कल्याण ने संवाददाताओं से कहा, पूर्व मुख्यमंत्री पुलिस अधिकारियों को धमका रहे हैं... मैं कह रहा हूं, अगर कोई भी अधिकारियों को ऐसी धमकियां देता है और अगर उन्हें खरोंच भी आती है, तो इसके लिए आप (जगन) जिम्मेदार होंगे।

# भारत के इनकार के बाद अधिकारियों के संपर्क में पीसीबी अध्यक्ष नकवी

कराची, एजेंसी

- चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय सरकार ने पाकिस्तान जाने से किया था इनकार
- भारत के खिलाफ सभी तरह के मैच खेलने बंद कर देने की लगाई जा रही अटकलें

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने पर अनिच्छा जताने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत शुरू की।

पीसीबी ने रविवार को पुष्टि की कि भारत ने अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने की अपनी अनिच्छा के बारे में आईसीसी को सूचित किया है। नकवी इससे पहले इस टूर्नामेंट के लिए हाइब्रिड मॉडल की योजना को नकार चुके हैं। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा मोहसिन नकवी, जो संघीय आंतरिक मंत्री भी हैं। वह सरकारी अधिकारियों के संपर्क में हैं और अब इंतजार इस बात का है कि प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ क्या निर्देश देते हैं। यह अस्वीकार्य है क्योंकि भारत द्वारा फिर से पाकिस्तान में टीम भेजने से इनकार करने का कोई तार्किक कारण नहीं है। अधिकारी ने माना कि अगर भारत के खिलाफ सभी मैचों के बहिष्कार पर कड़ा रुख अपनाया गया तो पाकिस्तान को वित्तीय नुकसान होगा। अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार पीसीबी को निर्देश दे सकती है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी से शुरू होने वाले किसी भी आईसीसी या अन्य बहु-टीम आयोजनों में भारत के खिलाफ तब तक खेलना बंद कर दे जब तक भारत की नीति नहीं बदलती है।

# घर पर खिताब को बरकरार रखने उतरेगी भारतीय टीम

**राजगीर (बिहार)।** पूरे साल खराब फॉर्म से जूझती रही भारतीय महिला हॉकी टीम नये ओलंपिक सत्र की शुरुआत घर पर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) खिताब जीतकर करना चाहेगी और सोमवार को पहला मुकाबला निचली रैंकिंग वाली मलेशियाई टीम से होगा।

भारत ने अब तक सात बार हुए टूर्नामेंट में से सिंगापुर (2016) और रांची (2023) में खिताब जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम ने इस साल एफआईएच प्रो लीग में 16 में से 13 मैच गंवाए और सिर्फ दो जीते जबकि एक ड्रॉ रहा। भारत ने सलीमा टेटे की कप्तानी में मिली जुली टीम उतारी है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं। भारत को चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड से चुनौती मिलेगी। सोमवार को बाकी मैचों में जापान का सामना दक्षिण कोरिया से और चीन की टक्कर थाईलैंड से होगी। पहला मैच 12.15 पर, दूसरा 2.30 और आखिरी 4.45 पर खेला जाएगा। भारत का यह मुकाबला शाम 4.45 बजे से होगा।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर वनडे श्रृंखला जीती

पर्थ, एजेंसी



वनडे श्रृंखला जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती पाकिस्तान टीम। ● एजेंसी

- 2002 के बाद पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में जीती वनडे श्रृंखला, आठ विकेट से जीता मुकाबला

पाकिस्तान ने रविवार को यहां निर्णायक तीसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में आठ विकेट की जीत से 2002 के बाद ऑस्ट्रेलिया पर 50 ओवर की श्रृंखला में पहली जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया का कमजोर बल्लेबाजी लाइन अप पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के आगे 31.5 ओवर में 140 रन पर सिमट गया।

घरेलू टीम कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और मार्नस लाबुशेन के बिना खेल रही थी। इन सभी को भारत के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले मैच की तैयारियों के लिए आराम दिया गया था। सईम अयूब (42 रन) और अब्दुल्ला शफीक (37 रन) ने फिर पहले विकेट के लिए 84 रन की शानदार साझेदारी निभाकर मजबूत नींव रखी। पर दोनों एक ही ओवर में लांस मौरिस का शिकार हुए। फिर बाबर आजम और कप्तान मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान को यह महत्वपूर्ण जीत दिलायी। इस जोड़ी ने 58 रन की नाबाद साझेदारी निभायी और बाबर ने 27वें ओवर में एडम जम्पा पर चौका जड़कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने 139 गेंद रहते दो विकेट पर 143 रन बनाकर जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में पहले मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की थी जिसके बाद पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने श्रृंखला में दबदबा बनाया। पाकिस्तान ने एडिलेड में दूसरे वनडे में नौ विकेट की जीत से श्रृंखला बराबर की जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम हारिस रऊफ के पांच विकेट से 163 रन पर सिमट गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट झटके। शाहीन ने 32 रन देकर तीन, नसीम ने 34 रन देकर तीन विकेट और रऊफ ने सात ओवर में 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

## खेल डायरी

### पूर्व दिग्गज पोलो खिलाड़ी एचएस सोढ़ी का निधन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज पोलो खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता हरिंदर सिंह सोढ़ी का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण शनिवार देर रात को निधन हो गया है। वह 86 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। अपने शानदार करियर में उन्होंने पांच से अधिक गोल का हैंडीकैप हासिल किया था। पोलो जगत में वह बिली सोढ़ी के नाम से लोकप्रिय थे। सोढ़ी को दिग्गज हनुत सिंह, सवाई मान सिंह (जयपुर के महाराजा) और बाद में उनके बेटे भवानी सिंह के साथ पोलो खेलने का अनुभव था। उनके छोटे भाई प्रसिद्ध पोलो खिलाड़ी रविंदर सिंह सोढ़ी भी अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। वह 1980 के मॉस्को ओलंपिक के दौरान भारतीय घुड़सवारी टीम के मैनेजर थे।

### अनाहत ने जीता एनएसडब्ल्यू ओपन एकल स्क्वैश खिताब

**सिडनी।** भारत की अनाहत सिंह ने रविवार को एनएसडब्ल्यू ओपन 2024 स्क्वैश टूर्नामेंट में महिला एकल स्पर्धा जीतकर वर्ष का अपना सातवां पीएसए चैलेंजर खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में खेले गये टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने फाइनल में हांगकांग चीन की गैर-वरीयता प्राप्त 15 वर्षीय हेलेन टैंग को 3-1 (8-11, 11-6, 11-3, 11-4) से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में अनाहत ने हांगकांग चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त वोंग पो यूई क्रिस्टी को 3-1 (11-7, 8-11, 11-9, 11-8) से हराया था। भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त अकारी मिडोरिकावा को 3-1 (9-11, 11-4, 11-7, 11-7) से शिकस्त दी थी। अनाहत सिंह को स्क्वैश टूर्नामेंट में उनकी उच्च वरीयता के कारण पहले राउंड में बाई मिली थी और दूसरे राउंड में उन्होंने जापान की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी कुरुमी ताकाहाशी को शिकस्त दी थी।

### हरियाणा के यशवर्धन ने बनाया रिकॉर्ड चौहरा शतक

**गुरुग्राम।** हरियाणा के सलामी बल्लेबाज यशवर्धन दलाल ने अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई के खिलाफ रिकॉर्ड (नाबाद 426) रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। इसी के साथ वह टूर्नामेंट के इतिहास में चौहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज हैं। मुंबई ने टॉस जीतकर सुल्तानपुर हरियाणा के गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। यशवर्धन की शानदार पारी के दम पर हरियाणा ने तीसरे दिन रविवार सुबह आठ विकेट पर 742 रनों पर पारी घोषित कर दी। यशवर्धन 426 रन नाबाद बनाकर पवेलियन लौटे। यशवर्धन ने इस पारी के साथ उत्तर प्रदेश के समीर रिजवी का पिछले सत्र में 312 रनों की बेहतरीन पारी का रिकार्ड भी तोड़ दिया। पिछले दो मैचों में मध्य प्रदेश के खिलाफ चार और झारखंड के खिलाफ 23 और 67 रन बनाने वाले यशवर्धन को इस मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में भेजा गया था और उन्होंने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए अर्श रांगा के साथ पहले विकेट के लिए 410 रन की साझेदारी की। रांगा ने भी 151 रनों की पारी खेली। यशवर्धन ने पारी में 463 गेंद में 46 चौके और 12 छक्के लगाए हैं।

### गेंदबाजों के दम पर न्यूजीलैंड ने श्रीलंका से हारी बाजी जीती

**दांबुला।** श्रीलंका के पुथम निसंका (52) रनों की अर्धशतकीय पारी बेकार हो गई। लॉकी फर्ग्युसन और ग्लेन फिलिप्स (तीन-तीन विकेट) की गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में हारी हुई बाजी में श्रीलंका को पांच विकेट से मात दी। इसी के साथ दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। फर्ग्युसन को प्लेयर ऑफ द मैच और श्रीलंका के हसरंगा को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। 109 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नियमित अंतराल पर उसके विकेट गिरते रहे। कुसल (2), इसके बाद लॉकी फर्ग्युसन श्रीलंका के बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटे। उन्होंने कुसल परेरा (3), कामिंडु मेंडिस (एक) चरित असलंका (शून्य) को पवेलियन भेज दिया। भानुका राजपक्षा (15) और दुनित वेल्लालगे (एक) को माइकल ब्रेसवेल ने आउट किया। महीश तीक्षणा (14) और मतीशा पतिराना (शून्य) पर आउट हुये। लॉकी फर्ग्युसन और ग्लेन फिलिप्स की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 19 .5 ओवर में 103 रन पर सिमट गई और आखिरी ओवर में जीता हुआ मैच पांच रन से हार गई।

## दूसरे टी-20 में वरुण ने लिए पांच विकेट, दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट से जीता मुकाबला, चमके स्टब्स और कोएत्जी

# रोमांचक मैच में द. अफ्रीका ने भारत को हराया



दूसरे टी-20 में भी नहीं चला अभिषेक शर्मा का बल्ला 4 रन बनाकर लौटे पवेलियन। >>

गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 47) और गेराल्ड कोएत्जी (नाबाद 19) रनों की जूझारू पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत को तीन विकेट से हरा दिया है।

125 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में रायन रिकलटन (13) का विकेट गवां दिया।इसके बाद छठें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने एडन मारक्रम (तीन), रीज़ा हेंड्रिक्स (24) को बोल्ड कर पवेलिन भेज दिया। मार्को यानसन (7), हाइनरिक क्लासन(2) और डेविड मिलर (शून्य) भी चक्रवर्ती का शिकार बने। ऐसे समय में ट्रिस्टन स्टब्स एक छोर थामे खड़े रहे ट्रिस्टन स्टब्स ने 41 गेंदों में नाबाद 47 रनों की पारी खेली। वहीं गेराल्ड कोएत्जी नौ गेंदों में 19 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने 19 ओवर में सात विकेट पर 128 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने चार मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

इससे पहले भारत ने हार्दिक पंड्या (नाबाद 39), अक्षर पटेल (27) और तिलक वर्मा (20) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 125 रनों का लक्ष्य दिया था। सेंट जॉर्ज्स पार्क कबेखा में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। संजू सैमसन (शून्य), अभिषेक (चार) और सूर्यकुमार (चार) रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा ने (20) रन बनाए। अक्षर पटेल ने 21 गेंदों में 27 रनों की पारी खेली। हार्दिक ने नाबाद 39 रन बनाए। अर्शदीप सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 124 रन का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से यानसन, कोएत्जी, सिमेलाने, मारक्रम और एन पीटर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



क्लासेन का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते वरुण चक्रवर्ती। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

**भारत 124/6 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन बो यानसेन | 0 | 3 | 0/0 |
| अभिषेक कैच यानसेन बो कोएत्जी | 4 | 5 | 1/0 |
| सर्यकुमार पगबाधा बो सिमेलाने | 4 | 9 | 0/0 |
| तिलक वर्मा कैच मिलर बो मारक्रम | 20 | 20 | 1/1 |
| अक्षर पटेल रन आउट (पीटर) | 27 | 21 | 4/0 |
| हार्दिक पांड्या नाबाद | 39 | 45 | 3/1 |
| रिंकू सिंह कैच कोएत्जी बो पीटर | 9 | 11 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 7 | 6 | 0/1 |

अतिरिक्त : 14, गेंदबाजी : यानसेन 4-1-25-1, कोएत्जी 4-0-25-1, सिमेलाने 3-0-20-1, केशव 4-0-24-0, मारक्रम 1-0-4-1, पीटर 4-0-20-1

**दक्षिण अफ्रीका 128/7 (19 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रयान रिकल्टन का रिंकू बो अर्शदीप | 13 | 11 | 2/0 |
| रीजा हेंड्रिक्स बो चक्रवर्ती | 24 | 21 | 3/1 |
| एडेन मारक्रम बो चक्रवर्ती | 3 | 8 | 0/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 47 | 41 | 7/0 |
| मार्को यानसेन बो चक्रवर्ती | 7 | 10 | 1/0 |
| क्लासेन का रिंकू बो चक्रवर्ती | 2 | 3 | 0/0 |
| डेविड मिलर बो चक्रवर्ती | 0 | 1 | 0/0 |
| एंडिले सिमेलेन बो बिश्नोई | 7 | 10 | 0/0 |
| गेराल्ड कोएत्जी नाबाद | 19 | 9 | 2/1 |

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-41-1, आवेश 3-0-23-0, हार्दिक 3-0-22-0, चक्रवर्ती 4-0-17-5, बिश्नोई 4-0-21-1, अक्षर 1-0-2-0

# टेस्ट टीम में शामिल हुए इंग्लिस और मैकस्वीनी

**सिडनी।** भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में नाथन मैकस्वीनी पहली बार उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे जबकि जोश इंग्लिस को भी पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में इन दो नए चेहरों को जगह दी है। मैकस्वीनी के चयन की पैरवी डेविड वॉर्नर और रिकी पोंटिंग ने की थी। उन्हें मार्कस हैरिस, कैमरन बेनक्राफ्ट और सैम कोंस्टास पर तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा हम नाथन के खेल से काफी उत्साहित हैं। पिछले डेढ़ साल में उसके खेल में काफी परिपक्वता आई है। टेस्ट उसे रास आएगा क्योंकि वह बहुत स्थिर भाव से खेलता है। मैकस्वीनी ने पिछले कुछ साल में शेफील्ड में लगातार प्रदर्शन किया है और भारत के खिलाफ ए टीम के मुकाबले में कप्तान और बल्लेबाज के तौर पर भी प्रभावित किया।

# अटलांटा युनाइटेड से हारकर इंटर मियामी प्लेआफ से बाहर

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी

एमएलएस कप

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की इंटर मियामी टीम को शुरूआती चरण में ही एमएलएस कप से बाहर करके अटलांटा युनाइटेड ने बड़ा उलटफेर कर दिया।

जमाल थियरे के दो गोल और बर्टोज स्लाइज के 76वें मिनट में लगाए गए हेडर के दम पर अटलांटा ने बीती रात इंटर मियामी को 3-2 से हराकर एमएलएस कप प्लेआफ पहले दौर का बेस्ट आफ थ्री मुकाबला जीता। आखिरी मिनटों में मेस्सी की दो फ्री किक बेकार गई। उन्होंने 65वें मिनट में हेडर पर बराबरी का गोल दागकर स्कोर 2-2 जरूर किया था लेकिन मेजबान टीम कभी बढ़त नहीं बना सकी। कागजों पर इससे बड़ा उलटफेर नहीं हो सकता। इंटर मियामी ने मेस्सी के लिये इस सत्र में 20, 446,667 डॉलर मुआवजा दिया जो अटलांटा की टीम के वेतन से 50 लाख डॉलर ज्यादा है।



अटलांटा युनाइटेड के खिलाफ गेंद को गोल में दागते इंटर मियामी के मेस्सी >>

### भारत में सुधर रहा है फुटबॉल रेफरियों का स्तर : ट्रेवर केटल

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में खराब रेफरिंग लंबे समय से कई कोचों के लिए निराशा भरी रही है लेकिन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के शीर्ष अधिकारी ट्रेवर केटल ने रविवार को दावा किया कि देश में रेफरियों के स्तर में सुधार हो रहा है। आईएसएल क्लबों के कई कोच, विशेषकर विदेशी कोच बीते वर्षों में शीर्ष टीयर लीग में रेफरिंग के खराब मानक के बारे में बात कर चुके हैं और यहां तक कि एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने भी कुछ महीने पहले इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की थी। हाल में केरला ब्लास्टर्स और हैदराबाद एफसी के बीच कुछ दिन पहले कोच्चि में रेफरिंग की दो विवादास्पद घटनाएं हुईं, लेकिन एआईएफएफ के मुख्य रेफरिंग अधिकारी (सीआरओ) से जब आईएसएल में रेफरियों के स्तर पर निराशा व्यक्त करने वाले कोच के सदंर्भ में उनके विचार पूछे गये तो उन्होंने भारतीय रेफरियों द्वारा किए गए सुधार का जिक्र किया।

## बॉलीवुड हलचल



# रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को दिया खास तोहफा

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने फिल्म पुष्पा के अपने को-स्टार अल्लू अर्जुन को खास तोहफा दिया है। अल्लू अर्जुन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा सा पल साझा किया है, जिसमें उनकी फिल्म पुष्पा को-स्टार रश्मिका मंदाना का दिल छू लेने वाला जेस्टर देखने मिल रहा है। पुष्पा : द राइज में श्रीवल्ली के किरदार से मशहूर हुई रश्मिका ने अपने इस इमोशन से भरे अंदाज से फैंस का दिल जीत लिया है। अल्लू अर्जुन ने एक खूबसूरत नोट और प्यारे गिफ्ट की झलक शेयर की है, जो उन्हें रश्मिका से मिला है। अपने पोस्ट में उन्होंने रश्मिका को धन्यवाद देते हुए उनके इस जेस्टर की सराहना की है। उन्होंने इस तरह से यह भी बताया है कि उनके बीच ऑफ-स्क्रीन भी एक गहरी दोस्ती है। नोट में लिखा गया है, मेरी माँ ने कहा था कि किसी को चांदी का तोहफा देने से उसे सौभाग्य प्राप्त होता है। मुझे उम्मीद है कि यह छोटी सी चांदी और मिठाई आपके लिए और ज्यादा सौभाग्य, सकारात्मकता और प्यार लेकर आएगी। आपको और आपके खूबसूरत परिवार को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं लव, रश्मिका मंदाना। इसके जवाब में, अल्लू ने लिखा, थैंक यू डियर।

## द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री की आने वाली फिल्म द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू हो गई है। द दिल्ली फाइल्स के साथ, फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री अपना अगला प्रोजेक्ट लाने के लिए तैयार हैं, जिसे अभिषेक अग्रवाल निर्मित कर रहे हैं। जब से मेकर्स ने इस फिल्म की घोषणा की है, तब से दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है, और अब सभी को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्ममेकर ने जानकारी दी है कि उन्होंने द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर द दिल्ली फाइल्स के सेट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जो फिल्म की शूटिंग की शुरुआत को दिखाता है। इसमें टीम पूजा करती नजर आ रही है, साथ ही कोलकाता में विभाजन के समय को दर्शाने के लिए बनाए गए बड़े सेट की एक झलक भी देखने को मिलती है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा गया है शुभारम्भ आपके आशीर्वाद से आज #द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू हो गई। क्रू की सभी देवियों द्वारा पूजा की गई। हे मां कृपया हमें इस मुश्किल कहानी को पूरी ईमानदारी और निडरता से कहने का साहस दें। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने फिल्म के लिए गहरी रिसर्च की है। उन्होंने केरल से लेकर कोलकाता और दिल्ली तक यात्रा की और लोगों से मिलकर सारी जानकारी इकट्ठा की। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने इस फिल्म के लिए 100 से ज्यादा किताबें और 200 से ज्यादा लेख पढ़े, जो उनकी फिल्म की पटकथा को मजबूत बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने और उनकी टीम ने 20 राज्यों में यात्रा की और 7000 से ज्यादा रिसर्च पेजेज और 1000 से ज्यादा आर्काइव आर्टिकल्स की स्टडी की है, जो उनकी फिल्म को और भी प्रभावी बनाने में मदद करेंगे। द कश्मीर फाइल्स के बाद, निर्माता अभिषेक ने एक बार फिर विवेक रंजन के साथ अभिषेक आर्ट्स और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन बैनर के तहत हाथ मिलाया है।




## आलिया को लेकर महिला प्रधान फिल्म बनाएंगे नाग

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक नाग अश्विन, बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को लेकर महिला प्रधान फिल्म बना सकते हैं। चर्चा है कि कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद नाग अश्विन अब महिला प्रधान फिल्म बनाने जा रहे हैं। नाग अश्विन इस फिल्म के लिये आलिया भट्ट के संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म के लिये बिल्कुल फिट बैठती हैं।अश्विन और आलिया दोनों ही इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिलहाल इस फिल्म की कहानी को गुप्त रखा गया है। कहा जा रहा है कि नाग अश्विन ने एक शक्तिशाली महिला नेतृत्व पर केंद्रित एक स्क्रिप्ट तैयार की है। इस फिल्म को हैदराबाद स्थित प्रोडक्शन हाउस वैजयंती फिल्म्स द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।



# कोको गॉफ ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स एकल का खिताब



- ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन को हराकर अमेरिकी खिलाड़ी ने जीता अपना पहला डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब

जीत के बाद ट्रॉफी के साथ कोको गॉफ ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न। >>

**रियाद।** विश्व की नंबर तीन अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने चीन की झेंग किनवेन को महिला एकल स्पर्धा में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता। सऊदी अरब के रियाद में खेले गये मुकाबले में कोको गॉफ ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन को 3-6, 6-4, 7-6 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब अपने नाम किया। यह उनके करियर का पहला साल का आखिरी चैंपियनशिप खिताब है। गॉफ ने मैच की शुरुआत में झेंग थोड़ी घबराहट फायदा उठाते हुए शुरुआती गेम में चीन की स्टार खिलाड़ी की सर्विस तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन झेंग ने लय हासिल की और उसने आठवें गेम में गॉफ की सर्विस तोड़ी और फिर अगले गेम में सर्विस बचाकर पहला सेट 6-3 से जीता। दूसरे और तीसरे सेट में गॉफ संघर्षपूर्ण वापसी की और हार बाधा को पार करते हुए अपने करियर का नौवां डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब जीता। गॉफ ने दूसरा सेट 6-4 और तीसरा सेट करीबी संघर्ष में 7-6 से जीता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### यमनी की राजधानी पर तीन हवाई हमले किए

**सना।** अमेरिकी-ब्रिटिश गठबंधन के युद्धक विमानों ने शनिवार रात हाउती नियंत्रित यमनी राजधानी सना पर तीन हवाई हमले किए। हाउती संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। टीवी चैनल के अनुसार हवाई हमलों ने दक्षिणी और दक्षिणपूर्वी सना में अल-नहदायन और अल-हफ़ा क्षेत्रों में सैन्य स्थलों को निशाना बनाया, जिसने कोई और विवरण नहीं दिया। निवासियों ने बताया कि विस्फोटों से खिड़कियां समेत पूरा शहर हिल गया।

### जापान में भारी बारिश के कारण हाई अलर्ट जारी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने रविवार को दक्षिणी प्रांत में हो रही तेज बारिश को लेकर ओकिनावा निवासियों से भूस्खलन और अन्य आपदाओं के लिए हाई अलर्ट पर रहने का आग्रह किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने कहा कि नम हवा बहने के कारण रविवार को ओकिनावा में वायुमंडलीय स्थितियां बहुत अस्थिर हैं, उत्तरी हिस्से में बारिश के बादल विकसित हो रहे हैं। आंकड़ों से पता चला है कि ओकिनावा के कुछ हिस्सों में स्थानीय समयानुसार सुबह 8 :30 बजे लगभग 110 मिमी बारिश होने का अनुमान है, जिसमें नागो शहर के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों के पास के इलाके भी शामिल हैं।

### तुर्की से तीन सौ से अधिक अफगान शरणार्थी निर्वासित

**काबुल।** तुर्की से पिछले दो दिनों में कुल 325 अफगान शरणार्थियों को अफगानिस्तान भेजा गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय के रविवार के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मंत्रालय ने बताया कि दस्तावेजी और गैर-दस्तावेजीकृत दोनों अफगान प्रवासी शुक्रवार और शनिवार को काबुल हवाई अड्डे पर पहुंचे। मंत्रालय ने बताया कि वह लौटने वालों के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। बयान में कहा गया है कि तुर्की से निर्वासित सभी अफगान शरणार्थियों को समर्थन और सहायता के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी, अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के पास भेजा गया है।

### नए लड़ाकू विमान और ड्रोन पोत का प्रदर्शन करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन की सेना झुहाई शहर में आयोजित किए जा रहे अपने वार्षिक एयर शो में कुछ नवीनतम युद्धक विमानों को प्रदर्शित करेगी जिनमें एक नया लड़ाकू विमान और एक बड़ा ड्रोन जहाज भी शामिल है जिसे किलर व्हेल के नाम से जाना जाता है। चीन का 15वां एयर शो 12 से 17 नवंबर तक दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के झुहाई शहर में आयोजित किया जाएगा। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) हर साल एयर शो में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करती है। पीएलए नौसेना जे-15टी जेट का प्रदर्शन करेगी। इसे तीसरे विमान वाहक पोत, फुजियान से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो इलेक्ट्रो मैग्नेटिक कैटापुल्ट से सुसज्जित है, जबकि अन्य दो विमान वाहक पोतों, लिओनिंग और शांदोंग में 'स्की जंप टेक ऑफ' रैंप लगे हैं।

## विश्वस्तरीय रियाद मेट्रो चलाएंगी हैदराबाद की महिला लोको पायलट

रियाद, एजेंसी

- लोको पायलट इंदिरा ईगलपति बोलीं ये मेरे लिए बेहद गर्व की बात



हैदराबाद की इंदिरा ईगलपति रियाद मेट्रो की उन चुनिंदा महिला लोको पायलट में से एक हैं जो वहां ट्रेन चलाने के लिए उत्सुक हैं। रियाद में रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का निर्माण कार्य पूरा होने के करीब है और वह फिलहाल प्रायोगिक परीक्षण से गुजर रहीं ट्रेन को चला रही हैं।

पिछले पांच वर्ष से ट्रेन पायलट और स्टेशन ऑपरेशन मास्टर के रूप में कार्यरत 33 वर्षीय इंदिरा ने कहा, इस विश्व स्तरीय और प्रतिष्ठित परियोजना का हिस्सा बनना, खासकर एक प्रवासी होने के चलते, मेरे लिए वास्तव में गर्व का क्षण है। जब इंदिरा को रियाद मेट्रो में रिक्तियों के बारे में पता चला तब वह हैदराबाद मेट्रो में काम कर रही थीं और फिर उन्होंने इसके लिए आवेदन किया। इंदिरा और भारत से दो अन्य लोग 2019 में रियाद मेट्रो में शामिल हुए थे लेकिन कोविड-19 के कारण उन्हें शुरुआती प्रशिक्षण डिजिटल तरीके से ही लेना पड़ा।

### प्रायोगिक परीक्षण जारी

फिलहाल मेट्रो का प्रायोगिक परीक्षण जारी है और खबरों के मुताबिक रियाद मेट्रो सेवा 2025 की शुरुआत से चालू होने की संभावना है। पायलट के रूप में भर्ती होने वालीं चुनिंदा महिलाओं में से एक इंदिरा ने कहा अब तक का अनुभव वाकई बहुत अच्छा रहा है।

## ऑस्टियोपोरोसिस खतरनाक, घट सकती है आपकी उम्र

ऑस्टियोपोरोसिस रोग में आमतौर पर पहला फ्रैक्चर होने तक कोई लक्षण नहीं दिखते। इसलिए इसे एक खामोश बीमारी माना जाता है। कुछ लोग इसे खामोश हत्यारा भी कहते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस एक हड्डी रोग है, जिसमें हड्डियों का घनत्व और ताकत कम हो जाती है। इसके कारण हड्डियां कमजोर और भंगुर हो जाती हैं, जिससे फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है, विशेष रूप से रीढ़, कूल्हे और कलाई की हड्डियों की। नेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन के अनुमान के मुताबिक, एक करोड़ से ज्यादा अमेरिकी लोग ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित हैं। अन्य 4.3 करोड़ लोगों का अस्थि घनत्व कम है, जो ऑस्टियोपोरोसिस के शुरुआती संकेत हैं। 2030 तक, ऑस्टियोपोरोसिस या कम अस्थि घनत्व वाले वयस्कों की संख्या 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 7.1 करोड़ होने का अनुमान है। इस संख्या में वृद्धि के कारणों में जीवनशैली से जुड़ी समस्याएं, खास तौर पर धूम्रपान, शारीरिक गतिविधि की कमी और शराब का सेवन शामिल हैं। हमारी बढ़ती उम्र के साथ-साथ इस बीमारी पर अपर्याप्त ध्यान दिए जाने के कारण भी ऑस्टियोपोरोसिस के मामले बढ़ रहे हैं। यदि आप वृद्ध हैं, तो ये आंकड़े पढ़ना निराशाजनक हो सकता है। लेकिन इस बीमारी का अध्ययन करने वाले हड्डी रोग विशेषज्ञों के रूप में, हम जानते हैं कि ऑस्टियोपोरोसिस अपरिहार्य नहीं है। जीवन भर स्वस्थ हड्डियों को बनाए रखने की कुंजी कुछ सरल निवारक उपाय करना है और इन्हें जितनी जल्दी अपना लें, उतना ही बेहतर है।



### हर साल 90 लाख लोगों की हड्डियों में फ्रैक्चर

दुनिया भर में ऑस्टियोपोरोसिस के कारण हर साल लगभग 90 लाख लोगों को हड्डियों में फ्रैक्चर का सामना करना पड़ता है। यानी हर तीन सेकंड में ऑस्टियोपोरोसिस से एक फ्रैक्चर होता है। लंबाई में कमी, पीठ दर्द मामूली झटके या गिरने से फ्रैक्चर हो सकता है, खास तौर पर कूल्हे, कलाई या रीढ़ की हड्डी में। इस तरह के फ्रैक्चर अकसर बीमारी का पहला संकेत होते हैं। यदि आप महसूस करते हैं कि आपकी लंबाई कम होती जा रही है, तो इसका कारण रीढ़ की हड्डी में संपीड़न फ्रैक्चर हो सकता है, यह भी ऑस्टियोपोरोसिस का एक सामान्य लक्षण है। यद्यपि अधिकतर लोगों के लिए उम्र बढ़ने के साथ ऊंचाई कम होना सामान्य बात है। यानी पूरे जीवन भर में लगभग एक इंच (2.5 से 3.8 सेंटीमीटर)। लेकिन ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित जिन लोगों की रीढ़ की हड्डी में कई फ्रैक्चर होते हैं, वे अपेक्षाकृत कम समय में 2 से 3 इंच या उससे अधिक की ऊंचाई खो सकते हैं। कमर झुकने या मुद्रा में स्पष्ट बदलाव कुबड़ युक्त चाल का कारण बन सकता है।

### कैल्शियम और विटामिन डी आवश्यक

ऑस्टियोपोरोसिस को पूरी तरह से ठीक नहीं किया जा सकता, लेकिन कुछ जीवनशैली और आहार पद्धति आपके जोखिम को कम कर सकती हैं। कैल्शियम और विटामिन डी हड्डियों के लिए आवश्यक है। पचास वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं और 70 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों को प्रतिदिन भोजन से कम से कम 1,200 मिलीग्राम कैल्शियम लेना चाहिए तथा यदि आवश्यक हो तो पूरक आहार भी लेना चाहिए। कैल्शियम प्राप्त करने का सबसे आसान तरीका डेरी उत्पाद हैं। दूध, दही और पनीर इसके सबसे समृद्ध स्रोतों में से हैं। एक कप दूध में लगभग 300 मिलीग्राम कैल्शियम होता है, जो दैनिक आवश्यकता का एक-चौथाई है। यदि आप शाकाहारी हैं, तो कैल्शियम कई पौधे-आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है, जिसमें सोया, बीन्स, मटर, दाल, संतरे, बादाम और गहरे हरे पत्तेदार साग शामिल हैं। वयस्कों को प्रतिदिन कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों की दो से तीन खुराक लेने का लक्ष्य रखना चाहिए। भोजन के साथ दिन भर में इनका सेवन करने से अवशोषण में सुधार होता है। विटामिन डी सूरज की रोशनी से प्राप्त होती है, जो अनुशंसित खुराक पाने का सबसे आसान तरीका है। आप अपने हाथों, पैरों और चेहरे को सप्ताह में दो से तीन बार सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे के बीच 10 से 30 मिनट के लिए सीधे धूप में रखते हैं, तो आपका शरीर पर्याप्त विटामिन डी का उत्पादन करेगा।

# शेख हसीना की वापसी के लिए इंटरपोल से मदद लेगा बांग्लादेश

## अंतरिम सरकार ने कहा- रेड नोटिस होगा जारी, भारत में छिपी हैं हसीना

ढाका, एजेंसी



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने रविवार को कहा कि वह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और अन्य भगोड़ों को भारत से वापस लाने के लिए इंटरपोल से मदद मांगेगी ताकि उन सभी पर मानवता के खिलाफ कथित अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जा सके। हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं पर सरकार विरोधी छात्र आंदोलन को क्रूर तरीके से दबाने का आदेश देने का आरोप है।

जुलाई से अगस्त महीने में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई लोगों की मौत हुई थी। बाद में यह आंदोलन बड़े पैमाने पर विद्रोह में तब्दील हो गया, जिस कारण हसीना को 5 अगस्त को गुप्त रूप से भारत भागना पड़ा। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के अनुसार, विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हुए। इस घटना को यूनुस ने मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार बताया। अक्टूबर के मध्य तक हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार की 60 से ज्यादा शिकायतें दर्ज कराई गईं। कानूनी मामलों के सलाहकार आसिफ नजरुल ने यहां अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में जीर्णोद्धार की कार्य स्थिति का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं को बताया, इंटरपोल के जरिये बहुत जल्द ही रेड नोटिस जारी किया जाएगा। चाहे ये भगोड़े फासीवादी दुनिया में कहीं भी छिपे हों, उन्हें वापस लाया जाएगा और अदालत में जवाबदेह ठहराया जाएगा। आईसीटी उच्चतम न्यायालय परिसर में पुराने उच्च न्यायालय भवन में स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि रेड नोटिस किसी प्रकार का अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट नहीं बल्कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक वैश्विक अनुरोध है कि वे प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई के लंबित रहने तक व्यक्ति का पता लगाएं और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करें। इंटरपोल के सदस्य देश अपने राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार रेड नोटिस लागू करते हैं।

### प्रत्यर्पण संधि में क्या है प्रावधान

दरअसल, भारत और बांग्लादेश के बीच साल 2013 से प्रत्यर्पण संधि है। इसमें प्रावधान है कि अगर किसी व्यक्ति ने ऐसा अपराध किया है, जिसमें कम से कम एक साल की सजा सुनाई गई हो, तो उसे प्रत्यर्पित किया जाएगा। बांग्लादेश ने साल 2015 में अनूप चेतिया को भारत को सौंपा था। ये शख्स असम के अलगाववादी संगठन उल्फा का नेता था। जो साल 1997 में ढाका की जेल में बंद था।

### क्या कहती है संधि

बता दें कि दोनों देशों के बीच इस संधि का अनुच्छेद 21(3) दोनों देशों को ये भी अनुमति देता है कि वो यह संधि तोड़ भी सकते हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि शेख हसीना के प्रत्यर्पण मामले में भारत यह संधि तोड़ सकता है। हालांकि यह बेहद बड़ा कदम होगा। इसका असर नई दिल्ली और ढाका पर पड़ेगा।

## हिंदू मंदिर हिंसा मामले में एसएफजे कनाडा का समन्वयक इंद्रजीत गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित एक हिंदू मंदिर में हिंसक प्रदर्शन के दौरान हमला करने के मामले में कनाडा पुलिस ने 35 वर्षीय एक स्थानीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 3 नवंबर को ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में एक विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसके सोशल मीडिया पर वायरल अपुष्ट वीडियो में प्रदर्शनकारियों को खालिस्तान के समर्थन में बैनर पकड़े हुए देखा गया। वीडियो में हाथापाई और लोगों को मंदिर के आस-पास एक-दूसरे पर डंडे से वार करते हुए भी देखा जा सकता है। शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पील की क्षेत्रीय पुलिस ने मंदिर में प्रदर्शन के दौरान हुई झड़प पर कार्रवाई की। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान हुई कई घटनाओं की जांच शुरू कर दी है, जिनके वीडियो में यह देखा जा सकता है कि लोगों पर झंडों और लाठियों से हमले किये जा रहे हैं। पील पुलिस के बयान में कहा गया है कि 21 डिवीजन आपराधिक जांच ब्यूरो और स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) के जांचकर्ताओं ने ब्रैम्पटन के इंद्रजीत गोसल को गिरफ्तार किया है और हथियार से हमला करने का उस पर आरोप है। टोरंटो स्टार की खबर के अनुसार, गोसल कनाडा में सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का समन्वयक हैं। एसएफजे भारत में प्रतिबंधित है।

- कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित एक हिंदू मंदिर में हिंसक प्रदर्शन के दौरान हमला करने के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई



## ट्रंप ने सभी सात प्रमुख राज्यों में हैरिस को हराया

वाशिंगटन, एजेंसी

- एरिजोना में जीत के साथ इलेक्टोरल वोट की संख्या 312 पहुंची



अमेरिका में हाल में हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एरिजोना राज्य में भी विजयी परचम लहराया। इसके साथ ही उन्होंने सभी सात प्रमुख राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी की अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को हरा दिया है। इस चुनाव में सात प्रमुख राज्य एरिजोना, नेवादा, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेन्सिलवेनिया, नॉर्थ कैरोलाइना और जॉर्जिया थे। एरिजोना में जीत के साथ ट्रंप के इलेक्टोरल वोट की संख्या 312 पहुंच गई है जबकि निवर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को 226 वोट मिले हैं।

एरिजोना में 11 इलेक्टोरल वोट हैं। रिपब्लिकन पार्टी ने सीनेट में फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है और वह प्रतिनिधि सभा में बहुमत बरकरार रखने के लिए तैयार है। अभी, पार्टी के पास सीनेट में 52 सीट हैं जबकि डेमोक्रेट के पास 47 सीट हैं। प्रतिनिध सभा में रिपब्लिकन अभी तक डेमोक्रेट की 209 सीटों के मुकाबले 216 सीट हासिल कर चुके हैं। बहुमत का आंकड़ा 218 है। रिपब्लिकन को विश्वास है कि उन्हें बहुमत के लिए आवश्यक सीट मिल जाएंगी। साल 2020 में निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन 1996 में बिल क्लिंटन के बाद एरिजोना से जीत दर्ज करने वाले पहले डेमोक्रेट बने थे।

### ट्रंप ने शपथ ग्रहण समारोह की योजना बनाने के लिए समिति का किया गठन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी 2025 को होने वाले अपने शपथ ग्रहण समारोह की योजना बनाने और अन्य आयोजनों के लिए एक समिति के गठन की शनिवार को घोषणा की। ट्रंप (78) ने देश में हाल में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की है और 47वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन का स्थान लेंगे। ट्रंप वेंस इनॉगरल कमेटी शपथ ग्रहण कार्यक्रम की योजना बनाएगी और इस समिति की सह-अध्यक्षता ट्रंप के करीबी मित्र स्टीव विटकॉफ तथा सीनेटर केली लोफ्लर करेंगे।

## तालिबान पहली बार संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में लेगा भाग

**काबुल।** तालिबान 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद, पहली बार संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में भाग लेगा। राष्ट्रीय पर्यावरण एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। सीओपी29 के नाम से जाना जाने वाला यह सम्मेलन सोमवार को अजरबैजान में शुरू हो रहा है। सम्मेलन उन महत्वपूर्ण बहुपक्षीय वार्ताओं में से एक है, जिसमें तालिबान शामिल हो रहा है। तालिबान को अफगानिस्तान के वैध शासक के रूप में आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण एजेंसी ने कहा कि तकनीकी प्रतिनिधिमंडल सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाकू गया है।

## हवाई हमले में गाजा में 17 व लेबनान में 20 की मौत

दीर अल बलाह, एजेंसी

इजराइल द्वारा रविवार तड़के उत्तरी गाजा के एक शरणार्थी शिविर को निशाना बनाकर किए गए हमले में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। गाजा शहर के अल-अहली अस्पताल के निदेशक डॉ. फदल नईम ने बताया कि मृतकों में नौ महिलाएं शामिल हैं तथा मृतक संख्या बढ़ने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि जबालिया के शहरी शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में इन लोगों की मौत हुई, जहां इजराइल एक महीने से अधिक समय से हमले कर रहा है। सेना ने कहा कि उसने उस जगह को निशाना बनाया, जहां आतंकवादी मौजूद थे।



वहीं, दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देश के उत्तरी हिस्से में हुए इजराइली हवाई हमले में 20 लोगों की मौत हो गई। मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि यह हमला बेरूत के उत्तर में स्थित अलमत गांव में हुआ।

## इराकी मिलिशिया ने उत्तर इजराइल पर दो ड्रोन हमले किए

**बगदाद।** शिया मिलिशिया समूह इस्लामिक रेसिस्टेंस इन इराक ने शनिवार को उत्तरी इजराइल में दो ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली। ऑनलाइन बयानों में समूह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अलग-अलग ड्रोन हमले किए। इसमें लक्षित स्थलों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गई या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी गयी।

इजराइल रक्षा बलों ने शनिवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर कहा कि वायु सेना ने एक संदिग्ध हवाई वस्तु को रोका, जो रात भर इजराइली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले पूर्व से आ रही थी।

## मॉरीशस में पड़े वोट, बरकरार रह सकती है जगन्नाथ की सत्ता

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

मॉरीशस में लोगों ने संसदीय चुनाव के लिए रविवार को मतदान किया। अफ्रीका के सबसे स्थिर लोकतंत्रों में से एक इस देश के चुनाव में सत्तारूढ़ दल प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ के पांच साल के दूसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने की उम्मीद कर रहा है।

संसद की 62 सीट के लिए मतदान हुए, जबकि आठ सांसदों को 'इलेक्टोरल सुपरवाइजरी काउंसिल' नामित करती है। जगन्नाथ की सरकार को हाल ही में आलोचना का सामना करना पड़ा था, जब उसने वायरटैपिंग घोटाले के बाद सोशल मीडिया वेबसाइट पर प्रतिबंध लगा दिया था। वायरटैपिंग घोटाले के तहत नेताओं, व्यापारियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग ऑनलाइन लीक कर दी गई थी।

### देश में 12वां संसदीय चुनाव

वर्ष 1968 में मॉरीशस को ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद यह देश में 12वां संसदीय चुनाव है, जिसमें कम से कम 10 लाख लोगों ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया था। जगन्नाथ के सेंटर-लेफ्ट मिलिटेंट सोशलिस्ट मूवमेंट के नेतृत्व वाले दलों के गठबंधन ने 2019 में उनके नेतृत्व को मजबूत करने के लिए संसद में अधिकांश सीट जीती थीं।

## सामूहिक प्रार्थना सभा के दौरान कैथोलिक पादरी पर चाकू से हमला

**सिंगापुर।** एक गिरजाघर में बच्चों द्वारा आयोजित सामूहिक प्रार्थना सभा में एक कैथोलिक पादरी पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। आर्कडायोसीजन इमरजेंसी रिस्पांस टीम और प्रार्थना सभा में मौजूद लोगों ने 37 वर्षीय हमलावर को पकड़ किया। यह हमला शनिवार को मासिक बाल प्रार्थना समारोह के दौरान हुआ जब बच्चे वे कार्य करते हैं जो आमतौर पर वयस्कों द्वारा किए जाते हैं। फादर क्रिस्टोफर ली (57) को शाम की प्रार्थना सभा के दौरान एक व्यक्ति ने चाकू मार दिया जिन्हें नेशनल यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दिवाली पर मांस और शराब परोसने पर ब्रिटिश हिंदुओं ने जताई आपत्ति

लंदन, एजेंसी

- प्रधानमंत्री स्टॉर्मर के आधिकारिक आवास और कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट में आयोजित हुआ था समारोह



ब्रिटेन में हिंदू समुदाय के कुछ लोगों ने लंदन स्थित 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश प्रधानमंत्री का कार्यालय और आधिकारिक आवास) में प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर की ओर से आयोजित दिवाली भोज में मेहमानों को कथित तौर पर मांसाहारी व्यंजन और शराब परोसे जाने पर आपत्ति जताई है। सामुदायिक संगठन इनसाइट यूके ने हिंदू त्योहार के आध्यात्मिक पहलू की समझ की भयावह कमी पर सवाल उठाया, जबकि अन्य ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से पहले व्यापक संवाद करने की आवश्यकता होती है।

इनसाइट यूके ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा दिवाली सिर्फ त्योहार नहीं है, बल्कि इसके गहरे धार्मिक मायने भी हैं। दिवाली का पवित्र त्योहार पवित्रता और भक्ति पर जोर देता है। इसलिए दिवाली पर पारंपरिक रूप से शाकाहारी भोजन परोसा जाता है और शराब के सेवन से सख्त परहेज किया जाता है। संगठन ने लिखा, प्रधानमंत्री की ओर से आयोजित दिवाली भोज के लिए जो व्यंजन चुने गए, वे अपने आप में दिवाली के त्योहार से जुड़ी धार्मिक परंपराओं के प्रति समझ या सम्मान की भयावह कमी को दर्शाते हैं। यह प्रश्न भी उठाता है कि क्या अधिक सांस्कृतिक संवेदनशीलता और समावेशिता के लिए हिंदू सामुदायिक संगठनों व धार्मिक नेताओं से विचार-विमर्श किया गया।

**विहंगम दृश्य** वाराणसी के गंगा आरती में गजब उत्साह, उमंग, ख़ुशी, तालियां, भक्ति में नृत्य और जूनून, एक तरफ राम नाम सत्य है तो दूसरी ओर हर-हर महादेव का उद्घोष

# दशाश्वमेध घाट पर शोक . . .ख़ुशी, शांति और भक्ति का अद्भुत दृश्य

शैलेश अवस्थी

**वाराणसी।** यहां के सैकड़ों वर्ष पुराने घाट हर क्षण जीवंत रहते हैं। बहती गंगा न जाने कितने युगों की साक्षी है। इस गंगा के तट पर चंद कदम पर आसपास बने घाटों पर एक तरफ गंगा आरती का विहंगम दृश्य तो दूसरी तरफ दिन-रात जलती चिताओं पर दुःख के साथ मोक्ष की कामना। यहां एक साथ सत्यम, शिवम्, सुंदरम के अद्भुत दर्शन होते हैं।

शाम 6.30 पर हम वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पहुंचे तो वहां तिल रखने का स्थान न था। गंगा आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा था, लेकिन सब अनुशासित और सयंमित। देश व विदेश से आए कई हज़ार लोगों का जमावड़ा। सभी हाथ जोड़े, शांत, खुश, भक्ति में लीन और ॐ नमः शिवाय का उद्घोष। कतार में सात पंडित आरती उतार रहे हैं। शिवस्रोत, मंत्रोचार और मां गंगा की आरती से पूरा वातावरण गूंजता रहा। धर्म, अध्यात्म और अराधना का अद्भुत संगम। कोई आंख बंद किए मंत्रजप में लीन तो किसी श्रद्धालु की आंख प्रभु स्मरण से भीगी हैं। आरती के बिंब गंगा में प्रकाशित होकर मन्त्रमुग्ध कर रहे हैं। हर-हर महादेव के जयकार से समूचा क्षेत्र गूंज रहा है। कोई भक्ति में नृत्य करता दिखा तो कोई जयकारे लगा रहा था। विदेशी भी मुग्ध दिखे। आरती का समापन रात 8 बजे हुआ और फिर सभी शांतिपूर्वक वहां से बाहर आ गए।



वाराणसी के गांगा घाट पर एक तरफ जहां आरती होती है वहीं दूसरी तरफ दाहसंस्कार किए जाते हैं।

दूसरी तरफ ठीक बगल में मर्णिकार्णिका घाट पर 10-12 चितायें जल रही हैं और कई शव अंतिम संस्कार के लिए घाट पर रक्खे हैं। बताते हैं कि यहां चिता की अग्नि कभी ठंडी नहीं होती। दुनिया में अकेला यही घाट हैं जहां दिनरात 24 घंटे चिताएं जलती रहती हैं। मान्यता है कि यहां अंतिम संस्कार हुआ तो सीधे मोक्ष मिलता है और इसी कामना से यहां चिताओं का सिलसिला कभी ख़त्म नहीं ही होता है। आसपास शहरों से भी लोग अपनों के अंतिम संस्कार के लिए यहां आते हैं। हर वक्त यहां आने वाली गलियों और घाट पर राम नाम सत्य है का शोर और सिसकियां सुनाई देती हैं। इन सबके बीच इस बात का सुकून भी मिलता है कि उन्होंने अपने प्रियजन की वाराणसी के इस घाट पर अंतिम संस्कार की इच्छा पूरी की। घाट के बाबू चौधरी कहते हैं कि वाराणसी के आसपास चंद कदम पर बने घाटों पर सत्यम, शिवम् और सुंदरम का प्रकटीकरण है।

### बिना सांस लिए तीन मिनट शंखनाद...

गंगा आरती के पहले एक शिवभक्त बिना सांस लिए तीन मिनट तक शंख बजाते हैं। इस दौरान बिल्कुल सन्नाटा और शांति छा जाती है और शंखनाद पूरा होते ही तालियों और हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठता है। वहां के रामस्वरूप तिवारी कहते हैं गंगा आरती नहीं देखी तो क्या देखा। एक लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल रहते हैं।

### 300 में कुर्सी और 200 में नौका विहार..

शाम 6.30 बजे आरती शुरू होने से पहले घाट पर कुर्सियां भर जाती हैं और इसके बाद ऊपर दो मंजिलों पर कुर्सी के लिए प्रति व्यक्ति दो सौ से तीन सौ रूपये खर्च करने होंगे। नाव में सवारी के लिए आरती के दौरान प्रति व्यक्ति दो सौ से चार सौ रुपए तक देने पड़ सकते हैं। पूरी नाव तीन से साढ़े तीन हज़ार रुपए में बुक कर सकते हैं।

### चौबीस घंटे में दो सौ लोगों का अंतिम संस्कार...विहार

मर्णिकार्णिका घाट पर 24 घंटों में दो सौ से अधिक लोगों का अंतिम संस्कार होता है। अंतिम संस्कार सामग्री की दुकानों के शटर कभी नहीं बंद होते। हर वक्त भीड़ होती है और लोगों का आवागमन जारी रहता है। यह दृश्य यहां सैकड़ों वर्षों से दिख रहा है। मान्यता है कि यहां व्यक्ति के अंतिम संस्कार से पहले भगवान शिव मृतक के कान में तारक मंत्र का उच्चारण करते हैं, जिससे उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।